आज

आज ३.०० तीन रुपये मात्र

गौरवशाली परम्परा

गौरवशाली परंपरा का १०७ वर्ष

महाअष्टमी

वाराणसी, रविवार १८ अक्तूबर, २०२६ सौर १, आश्विन शुक्ल ८, २०८३ वि.। वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज (रीवा संस्करण), कानपुर (झांसी संस्करण), लखनऊ, आगरा, बरेली, हल्द्वानी,पटना (कोलकाता संस्करण), रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित * काशी संस्करण पृष्ठ १४, मूल्य ३.०० रुपये

देवी महागौरीको सौम्यता और करुणाका प्रतीक माना जाता है

कोलकाता के चोरबागान दुर्गा पंडाल में भगदड़, १७ की मौत

दर्जनों घायल, बचाव कार्य जारी, अस्पताल पहुंचे मुख्यमंत्री

कोलकाता (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में नवदुर्गा के उत्सव के दौरान दुखद हादसा हो गया है। चोरबागान इलाके में लगे नवदुर्गा पंडाल में अचानक भगदड़ मच गयी। रिपोर्ट के मुताबिक इस हादसे में 17 लोगों की मौत हो गयी जबकि दर्जनों लोग घायल हैं। इस हादसे के बाद कई लोगों को कलकत्ता मेडिकल कालेज और नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी और मुख्य सचिव मनोज अग्रवाल घायलों का जायजा लेने के लिए कलकत्ता मेडिकल कालेज पहुंच गये। इसबीच पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने चोरबागान इलाके में हुए हादसे को लेकर दुख जताया है। उन्होंने लिखा-चोर बागान पूजा पंडाल में हुई भगदड़ के बारे में जानकर गहरा सदमा लगा और बहुत दुख हुआ। मैं मां दुर्गा से प्रार्थना करती हूं कि सभी घायल लोग जल्द स्वस्थ हो जायें और उनके परिवारों को इस कठिन समय में शक्ति और साहस मिले। कोलकाता में सप्तमी की शाम को भीड़ के चलते चोरबागान सर्वजनिन दुर्गा पूजा पंडाल का हिस्सा ढह गया। इस दौरान भगदड़ की स्थिति बन गयी। यह भगदड़ तब मची, जब श्रद्धालु दुर्गा पूजा मनाने के लिए इकट्ठा हुए थे। घटना से प्रभावित लोगों को रेस्क्यू कर इलाज के लिए कलकत्ता मेडिकल कालेज अस्पताल ले जाया गया। बताया जा रहा है कि पूजा आयोजकों ने स्थिति को संभालने और प्रभावित लोगों की मदद करने के लिए तुरंत एक्शन लिया और जरूरी कदम उठाये जायें।

ममता बनर्जीने जताया दुःख

जय जगदम्बे

युवा सांस्कृतिक समिति अमर शहीद संतोष कपूरिया क्लब गड़वासी टोला, चौक, वाराणसी

मोदी-शाह जानते हैं कि सत्ताके जाते ही मनमानी की कहानी होगी खत्म-राहुल

नयी दिल्ली (आससे)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने दिल्ली में विरोध प्रदर्शन के दौरान कुछ छात्राओं और महिलाओं के साथ पुलिस द्वारा कथित तौर पर की गयी बदसलूकी को लेकर शनिवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा गृह मंत्री अमित शाह जानते हैं कि सत्ता हाथ से जाते ही उनकी मनमानी की कहानी खत्म हो जायेगी। गांधी ने कुछ लड़कियों के साथ बातचीत का एक वीडियो 'एक्स' पर साझा किया, जिसमें उन्होंने विरोध प्रदर्शन के दौरान दिल्ली पुलिस पर उनके साथ बदसलूकी करने का आरोप लगाया है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि यौन उत्पीड़न, कपड़े खींचना और निजी अंगों पर हमला, लोकतंत्र के लिए आवाज उठाने वाली छात्राओं तथा महिलाओं के साथ दिल्ली पुलिस की बर्बरता शर्मनाक हदें पार कर रही है। उन्होंने दावा किया कि यह कथित काररवाई आवाज दबाने की कोशिश का हिस्सा है और इसका उद्देश्य विरोध करने वालों को इतना डराना एवं अपमानित करना है कि वे दोबारा सवाल उठाने की हिम्मत न करें। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि मोदी-शाह जानते हैं कि जिस दिन सत्ता हाथ से गयी उस दिन उनकी मनमानी की कहानी खत्म। उनका यही डर पुलिस तक पहुंचता है और हिंसा बनकर देश के युवाओं तथा महिलाओं पर टूट रहा है। गांधी द्वारा साझा किये गये वीडियो में कुछ लड़कियां उनसे बातचीत करते हुए प्रदर्शन के दौरान पुलिसकर्मियों की कथित बदसलूकी का विवरण देती नजर आती हैं। उन्होंने पुलिसकर्मियों पर कपड़े खींचने और अनुचित तरीके से छूने समेत बदसलूकी के आरोप लगाये। इन आरोपों पर दिल्ली पुलिस की तरफ से प्रतिक्रिया फिलहाल नहीं मिली है।

महिलाओं से बदसलूकी कर आवाज दबाने की कोशिश

नयी दिल्ली (आससे)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने दिल्ली पुलिस पर छात्राओं और महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के लिए आवाज उठाने वाली छात्राओं और महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न, कपड़े खींचने और निजी अंगों पर हमला करने जैसी घटनाएं शर्मनाक हैं। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट में आरोप लगाया कि यह आवाजों को दबाने की साजिश का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि लोगों को इतना डराने और अपमानित करने की कोशिश की जा (शेष पृष्ठ नौ पर)

यूपी में अब रूल ऑफ माफिया नहीं, 'रूल ऑफ लॉ'-मुख्यमंत्री

लखनऊ (आससे)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश 'रूल ऑफ माफिया' से मुक्त हुआ है और 'रूल ऑफ लॉ' लागू हुआ है। वर्ष 2017 से पहले कानून-व्यवस्था और निवेश को लेकर संदेह रहता था। माफिया से विकास बाधित था। सरकार ने कानून का शासन स्थापित कर प्रदेश की छवि बदली है। कोई व्यक्ति या पद संविधान से ऊपर नहीं हो सकता। उन्होंने युवा अधिवक्ताओं से कहा कि अन्याय सामने हो तो चुप रहना विकल्प नहीं है। फैसला इतिहास सुनाएगा, लेकिन बहस आपको करनी है। मुख्यमंत्री योगी शनिवार को डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के पंचम दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किये। छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। मुख्यमंत्री ने मेधावियों को पदक दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि 15 अगस्त 1947 और 26 जनवरी 1950 के साथ 25 जून 1975 भी लोकतंत्र की महत्वपूर्ण तारीख है। आपातकाल ने रूल ऑफ लॉ और रूलर ऑफ लॉ का अंतर समझाया। न्यायमूर्ति एचआर खन्ना की असहमति का उल्लेख करते हुए कहा कि सिद्धांतों के पक्ष में लिया निर्णय इतिहास में स्थान बनाता है। युवा अधिवक्ताओं को संवैधानिक मूल्यों की रक्षा करनी (शेष पृष्ठ नौ पर)

लोहिया लॉ यूनिवर्सिटीके दीक्षांत समारोहको किया सम्बोधित

स्नानके दौरान सोन नदी में डूबनेसे चार की मौत

भोजपुर (आससे)। नवरात्रि के पावन पर्व के बीच भोजपुर जिले में एक दर्दनाक हादसा हो गया। संदेश थाना क्षेत्र के तीर्थकौल गांव के समीप शनिवार को सोन नदी में नहाने के दौरान डूबने से चार लोगों की मौत हो गयी। मृतकों में 10 से 15 वर्ष की उम्र के तीन बच्चे और करीब 25 वर्षीय एक युवक शामिल है। बताया जा रहा है कि तीनों बच्चों को नदी में डूबता देख युवक उन्हें बचाने के लिए पानी में कूद पड़ा, लेकिन गहरे पानी में जाने के कारण वह भी डूब गया। इस हादसे के बाद गांव में कोहराम मच गया। मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मिली जानकारी के अनुसार, शनिवार को तीन बच्चे सोन नदी में नहाने गये थे। इसी दौरान वे गहरे पानी में चले गये और डूबने लगे। बच्चों को डूबता देख वहां मौजूद करीब 25 वर्षीय एक युवक उन्हें बचाने के लिए नदी में कूद पड़ा। हालांकि, गहरे पानी में जाने के कारण वह भी बाहर नहीं निकल सका। देखते ही देखते चारों की डूबने से मौत हो गयी घटना के बाद मौके पर अफरातफरी मच गयी। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस और प्रशासन को सूचना दी।

कुपवाड़ामें एलओसी के पास मुठभेड़, दो घुसपैठिये आतंकी ढेर

जम्मू (आससे)। उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में एलओसी के पास जारी आपरेशन में दो घुसपैठिए आतंकी मारे गए। सर्दियां शुरू होने और बर्फबारी के बाद उस पार से यह घुसपैठ का पहला प्रयास बताया जा रहा है। रक्षा सूत्रों ने बताया कि शनिवार को उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा एलओसी के पास चल रहे एक आपरेशन के दौरान दो आतंकवादी मारे गए। उन्होंने बताया कि केरन सेक्टर के जुमागुंड इलाके में सैनिकों ने कुछ संदिग्ध गतिविधि देखी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। सैनिकों ने उन्हें चुनौती दी, जिसके जवाब में गोलीबारी हुई। रक्षा विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि तड़के करीब 3:30 बजे केरन सेक्टर के जुमागुंड इलाके में एलओसी के पास मुठभेड़ शुरू हो गई। दो आतंकवादी मारे गए हैं। तलाशी अभियान जारी है। अधिकारियों ने बताया कि ताजा जानकारी मिलने तक आपरेशन जारी था।

ग्रेटर नोएडामें परिवारके पांच लोगोंकी संदिग्ध मौत

ग्रेटर नोएडा (आससे)। ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा क्षेत्र के नगला श्री पदम गांव में शनिवार को एक ही परिवार के पांच सदस्यों की मौत से हड़कंप मच गया। मृतकों में पति-पत्नी और उनके तीन बच्चे शामिल हैं। प्रारंभिक जांच में मामला फूड पाइजनिंग का माना जा रहा है। बताया गया है कि परिवार के सदस्यों ने शुक्रवार रात नूडल्स का सेवन किया था। हालांकि, पुलिस ने अभी मौत का वास्तविक कारण स्पष्ट नहीं किया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य वैज्ञानिक जांच के बाद ही स्थिति साफ होगी। वहीं, मृतक की भाभी ने कई गंभीर आरोप लगाये हैं। डीसीपी ग्रेटर नोएडा श्रवण कुमार सिंह के मुताबिक शनिवार सुबह थाना रबूपुरा को सूचना मिली कि नगला श्री पदम निवासी एक ही परिवार के पांच सदस्यों की (शेष पृष्ठ नौ पर)

कांग्रेस को रामलीला मैदानमें प्रदर्शनकी मंजूरी

नयी दिल्ली (आससे)। दिल्ली पुलिस ने कांग्रेस को रामलीला मैदान में प्रदर्शन के लिए अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) जारी कर दिया है। पार्टी एक नवंबर को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और कथित वोट चोरी के विरोध में बड़ा प्रदर्शन करने की तैयारी में है। दिल्ली सेंट्रल के डीसीपी रोहित राजबीर सिंह के अनुसार, नगर निगम ने रामलीला मैदान की उपलब्धता 25 अक्टूबर से तीन नवंबर तक बताई है। सुरक्षा व्यवस्था पर चर्चा के बाद पुलिस ने कांग्रेस को एनओसी जारी की है। अब पार्टी को मैदान की बुकिंग के लिए नगर निगम से आगे की औपचारिकताएं पूरी करनी होंगी। गौरतलब है कि जंतर-मंतर को अधिकृत प्रदर्शन स्थल की सूची से हटाए जाने के बाद रामलीला मैदान, बुराड़ी मैदान और सीबीडी मैदान को प्रदर्शन स्थलों के रूप में निर्धारित किया गया है।

राजस्थान : पुलसे नीचे गिरी बस, आठ की मौत

कोटा (एजेंसी)। राजस्थान के कोटा जिले में शनिवार सुबह दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। सीमलिया थाना क्षेत्र में भोपाल से खाटूश्यामजी के दर्शन करने जा रहे श्रद्धालुओं से भरी एक टेंपो ट्रैवलर अनियंत्रित होकर नाले के ऊपर बने पुल से टकरायी और करीब 15 फीट नीचे जा गिरी। हादसे में बैतूल के रहने वाले करीब आठ लोगों की मौत की खबर है जबकि 15 से अधिक यात्री घायल हुए हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गंभीर रूप से घायल यात्रियों का आईसीयू में इलाज चल रहा है। यह हादसा शनिवार सुबह करीब 6.30 बजे आठ लेन वाले दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर हुआ। वाहन में 25 से अधिक श्रद्धालु सवार थे। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गयी। मृतकों की पहचान हो चुकी है। इसमें अरुणा, वैष्णवी, त्रिशा, कृष्णा, अनिता, ओम सूर्यवंशी और राजू के नाम शामिल हैं। वहीं एक शव की (शेष पृष्ठ नौ पर)

खाटू श्यामका दर्शन करने जाते समय हुआ हादसा

दिपकेको ५० हजारके मुचलके पर मिली जमानत

नयी दिल्ली (आससे)। कॉकरोच जनता पार्टी सीजेपी के संस्थापक अभिजीत दिपके को दिल्ली की विशेष कार्यकारी मजिस्ट्रेट अदालत ने शर्तों के साथ जमानत दे दी। उन्हें 50 हजार रुपये का मुचलका भरने और शांति व्यवस्था बनाए रखने संबंधी बांड पर हस्ताक्षर करने के बाद रिहा किया गया। दीपके को शुक्रवार को दिल्ली में प्रस्तावित तिरंगा मार्च के दौरान पुलिस ने हिरासत में लिया था। बाद में उन्हें अदालत में पेश किया गया, जहां से उनकी रिहाई के आदेश दिए गए। सीजेपी की कानूनी प्रमुख रत्ना सिंह ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर दीपके की रिहाई की जानकारी दी। हालांकि, (शेष पृष्ठ नौ पर)

विरोध करने का अधिकार अब बन गया अपराध-सिब्बल

नयी दिल्ली (आससे)। देश की राजधानी दिल्ली के जंतर-मंतर को विरोध-प्रदर्शन की जगह के रूप में मान्यता खत्म करने पर राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने मोदी सरकार की आलोचना की है। सिब्बल ने शनिवार को कहा कि देश में हालात ऐसे हो गए हैं कि विरोध करना ही एक अपराध बन गया है। उन्होंने भरोसा जताया कि सुप्रीम कोर्ट यह सुनिश्चित करेगा कि लोगों के विरोध करने के अधिकार की रक्षा हो। निर्दलीय सांसद और सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील ने कहा कि भारी बेरोजगारी, आर्थिक संकट और सार्वजनिक निवेश में कमी के कारण लोगों का सरकार से भरोसा उठ गया है। उन्होंने कहा कि सरकार जितनी जल्दी सत्ता से हटेगी, देश के लिए उतना ही अच्छा होगा। एक ऑनलाइन प्रेस कॉन्फ्रेंस में सिब्बल ने कहा हम आज ऐसी स्थिति में हैं जहां विरोध करना एक अपराध बन गया है। दूसरे शब्दों में कहें तो, विरोध करने का अधिकार अब एक अपराध बन गया है, जबकि हमारे (शेष पृष्ठ नौ पर)

गुजरात : दवा फैक्टरी में विस्फोट, पांचकी मौत

भरूच (एजेंसी)। गुजरात के भरूच की सिंजील फार्माकेम नाम की एक दवा फैक्ट्री के रिएक्टर धमाके में पांच मजदूरों की मौत हो गयी जबकि छह लोग घायल हैं। घायलों को तुरंत पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। धमाका इतना तेज था कि इसके तुरंत बाद फैक्ट्री में मिथाइल डाइक्लोराइड नाम की एक जहरीली गैस का रिसाव भी शुरू हो गया, जिससे वहां अफरा-तफरी मच गयी। हादसे की खबर मिलते ही प्रशासन और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। फिलहाल यह पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गयी है कि यह धमाका किस वजह से हुआ। हादसा उस वक्त हुआ जब 15 हजार लीटर क्षमता वाले रिएक्टर में काम चल रहा था। धमाका इतना जोरदार था कि रिएक्टर के परखच्चे उड़कर फैक्ट्री की चारदीवारी के बाहर जा गिरे। धमाके की आवाज करीब 15 किलोमीटर दूर तक सुनाई दी। इसके असर से फैक्ट्री में लगी भारी मशीनें और लोहे की चादरें टूट-फूटकर चारों तरफ बिखर गयीं। धमाके के तुरंत बाद फैक्ट्री से एमडीसी गैस का रिसाव होने लगा, जिससे अंदर और बाहर गहरा धुआं फैल गया। वहां मौजूद लोगों और मजदूरों की आंखों में तेज जलन होने लगी और गैस की चपेट में आने से कई कर्मचारियों की तबीयत बिगड़ गयी।



प्रीमियर ब्वायज मानव, हथुवा मार्केट। छाया : आज

रावण पुत्र का शव देखकर हुआ मूर्छित और भाई के शव पर बहाये आंसू

राम और लक्ष्मण के हाथों युद्ध में कुम्भकर्ण और मेघनाद के मारे जाने से हुआ अकेला

रामनगर। रणभूमि में राम और लक्ष्मण के हाथों कुंभकर्ण और मेघनाद के मारे जाने से रावण पर दुःखो का पहाड़ टूट पड़ा। वह अपने पुत्र का शव देखते ही मूर्छित हो गया। तो वही जब उसके भाई कुम्भकर्ण का सिर जब लंका के द्वार पर गिरा। तो वह उसे देखकर आंसू बहाने लगा। दोनों महारथियों के युद्ध में मारे जाने से रावण बिल्कुल अकेला हो गया। जब रावण के दूत ने उसे बताया कि रणभूमि में लक्ष्मण की मूर्छा समाप्त हो गयी है, वह उठ गये हैं तो वह अपने भाई कुम्भकर्ण को नाना प्रकार की विधियां लगाकर उसे नींद से जगाया। वह उसको खाने के लिए उन्नमादक वस्तुएं दिया।

नींद से जागने के बाद जब कुम्भकर्ण ने उसकी उदासी का कारण पूछा तो उसने पूरी बात बतायी जिस पर वह उसे धिक्कारने लगा और कहा कि तुमने मुझे पहले क्यों नहीं जगाया? उसने रावण से कहा अभिमान छोड़कर राम को भजो तभी तुम्हारा भला होगा। तुमने मुझे जगाकर अच्छा नहीं किया आओ आखिरी बार तुमसे गले मिल लूँ।

इसके पश्चात वह विभीषण से मिलकर युद्ध के लिये चल पड़ा। रणभूमि में पहुंचने पर उसकी विशाल काया को देखकर वानर और भालू व्याकुल हो उठे। युद्ध के दौरान सुग्रीव ने उसके नाक और कान काट लिया। उसकी विशालकाया और प्रहार से व्याकुल सेना को देखकर राम उससे युद्ध करने के लिये रणभूमि में पहुंचे। युद्ध के दौरान उन्होंने उसका वध कर दिया। यह देखकर देवता प्रसन्न होकर पुष्प वर्षा करने लगे। रावण उसके सिर को लेकर रोने लगा। अपने पिता को रोते देख उसका पुत्र मेघनाद उसे ढाढस बधाकर युद्ध करने के लिये रथ पर चढ़कर आकाश मार्ग से रणभूमि में पहुंचा। वह अस्त्र शस्त्रों की वर्षा करने लगा। यह देखकर राम की सेना भयभीत हो गई द्य वह राम को नागफांस में बांध दिया। जिनको नारद के कहने पर गरुड़ में जाकर छुड़ाया। जिसके बाद उन्होंने अपने बाण से उसे मूर्छित कर दिया। मूर्छा समाप्त होने पर वह यज्ञ करने के लिए चला गया। जिसे देखकर विभीषण ने उन्हें बताया कि यदि उसका यज्ञ पूरा हो गया तो वह नहीं मरेगा। जिस पर राम ने वानर और भालूओ को उसका यज्ञ विध्वंस करने के लिए भेज दिया। वे लक्ष्मण के साथ जाकर उसका यज्ञ विफल कर दिये। वह मायावी वेश बनाकर लक्ष्मण से युद्ध करने लगा और मारा गया। हनुमान उसका शव ले जाकर लंका के द्वार पर रख दिये जिसे देखकर रावण मूर्छित हो गया।

मूरछा हटने पर उसने मंदोदरी से कहा कि रावण नीच अवश्यक है लेकिन उसका उपदेश पवित्र है। यहीं पर भगवान की आरती के साथ लीला संपन्न हुई।

काशीकी रामलीला

१८ अक्तूबर, रविवार

रामनगर :- रावण युद्ध। **औरंगाबाद :-** विभीषण शरणागति, सेतु बन्ध, सुबेल गिरि की झांकी, अंगद विस्तार। **गायघाट :-** लंका दहन। **लाटभैरव :-** सुरसा मिलन, लंका दहन, सेतुवंध। **लल्लापुरा :-** कबन्ध निपात, सेवरी मंगल, लंका दहन। **मौनी बाबा :-** लंका दहन। **काशीपुरा :-** बालि वध, लंका दहन। **भदैनी :-** सेतुबन्ध, सुबेल गिरि की झांकी। **जयरामपुर :-** विभीषण शरणागति, अंगद-रावण संवाद। **टेकुरी :-** सीता जी की खोज, लंका दहन। **चिरईगांव :-** बालि-सुग्रीव की लड़ाई, सीता की खोज, लंका दहन। **रोहनिया :-** चारो फाटक की लड़ाई, लक्ष्मण शक्ति।कोरौता **बाजार :-** सुग्रीव मित्रता, बालि वध।**चोलापुर :-** अंगद-रावण संवाद। **लोहता :-** चारो फाटक की लड़ाई, लक्ष्मण शक्ति। **काजीसराय :-** लंका दहन।

शारदीय नवरात्र : मां कालरात्रि के दरबार में भक्तों ने लगायी हाजिरी

भक्तों ने लाल चुनरी और गुड़हल के फूल अर्पित कर मां से सुख-समृद्धि का मांगा आशीर्वाद

जीवन के अंधकार और क्लेश को मिटाने के लिए भक्तों ने मां कालरात्रि के दरबार में हाजिरी लगाई। शारदीय नवरात्र की सप्तमी पर महाकाली के मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ रही। शनिवार को कालिका गली से लेकर भोजूबीर स्थित दक्षिणेश्वरी काली माता के दरबार में मध्य रात्रि तक दर्शन पूजन का सिलसिला अनवरत जारी रहा। शनिवार को भक्तों ने गुड़हल, गुलाब, गेंदा और कमलगट्टा से सजी मां कालरात्रि की झांकी के २० घंटे तक दर्शन किए। कालिका गली स्थित विश्वनाथ मंदिर के समीप स्थित मंदिर में दर्शन के लिए लंबी कतार लगी रही। रात तक मां के जयकारे गूंजते रहे। सुख-समृद्धि और संकट से रक्षा की कामना की। मंदिर के महंत महंत पं. सुरेंद्र नारायण तिवारी के अचार्यत्व में ब्रह्म मुहूर्त (भोर में चार बजे) में माता को पंचामृत स्नान कर तेल लेपन कर लाल चुनरी और आभूषण से श्रृंगार हुआ। गुड़हल, कमलगट्टा और गुलाब, गेंदा की माला पहनाई गई। फल और मिष्ठान आदि का भोग लगा। मंदिर का पट खुला तो घंटा-घड़ियाल के अनुगूंज संग मां जयकारे के साथ दर्शन शुरू हो गया। मां के विकराल स्वरूप के दर्शन कर भक्त तृप्त हुए। संध्या में पुनः भगवती का स्नान कराके नूतन वस्त्र धारण कराया गया और दिव्य श्रृंगार किया गया। माँ की आरती की गई। मां के भव्य स्वरूप का दर्शन करने के लिए भक्त कतारबद्ध होकर मंदिर पहुंचे। इस दौरान मंदिर परिसर मां के जयकारों से गूंजता रहा और पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। इस दौरान मंदिर के पास माला-फूल की दुकानें सजी रही।धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, मां कालरात्रि को शत्रुओं का नाश करने वाली तथा अपने भक्तों को भय, संकट और विपत्तियों से बचाने वाली देवी माना जाता है। भक्तों का विश्वास है कि सच्चे मन से मां की आराधना करने से जीवन की बाधाएं दूर होती हैं और नकारात्मक शक्तियों से रक्षा होती है।



शारदीय नवरात्र

सिद्धिदात्री माता

सिद्धगन्धर्वयक्षाधैरसुरैरमरैरपि।
सेव्यमाना सदा भूयात् सिद्धिदा सिद्धिदायिनी॥

नवरात्र के नौवें व अंतिम दिन सिद्धिदात्री माँ की पूजा आराधना होती है। इनके दर्शन-पूजन से कलह का शमन होता है। माँ सबकी रक्षा करने के साथ सिद्धि प्रदान करती हैं। माँ के प्रसन्न होने पर भक्तों को आठों सिद्धि मिल जाती है। आठों सिद्धियाँ इस प्रकार है। अणिमा, महिमा, गरिमा, लघिमा, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशित्व और वाशित्व। इनका वाहन भी सिंह है और इन्हें चार भुजाएं हैं। मा सिद्धिदात्री का मंदिर सीके ६/२८ बुलानाला में स्थित है।

मां दुर्गापूजा समिति फरीदापुर सारनाथ। छाया : आज



पवन पुत्र पूजा परिसर पंचक्रोशी चौराहा। छाया : आज

नव युवक कल्याण परिषद अशोक बिहार। छाया : आज

श्री श्री दुर्गापूजा समिति वरुणापुर। छाया : आज

श्री सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति सेनपुरा मैदान, चेतगंज।

आस्था, परम्परा और उल्लास के साथ निकला लल्लापुरा का प्राचीन नक्कटैया जुलूस

चन्दुआ छित्तूपुर से लल्लापुरा तक निकली शोभायात्रा, हजारों श्रद्धालु हुए शामिल

काशी की प्राचीन धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं का प्रतीक लल्लापुरा का ऐतिहासिक नक्कटैया मेला शनिवार को आस्था, परंपरा और उल्लास के साथ आयोजित हुआ। नक्कटैया के अवसर पर चन्दुआ छित्तूपुर स्थित सनबीम लहरतारा स्कूल से जुलूस निकाला गया, जो लल्लापुरा तक पहुंचा। जुलूस में भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भागीदारी रही। आयोजन के दौरान लोगों में विशेष उत्साह दिखायी दिया। जुलूस मेले का प्रमुख आकर्षण रहा और इसके माध्यम से काशी की पारंपरिक धार्मिक-सांस्कृतिक विरासत की झलक देखने को मिली। लल्लापुरा का नक्कटैया मेला काशी की उन प्राचीन परंपराओं में शामिल है, जो धार्मिक आस्था के साथ लोकसंस्कृति, सामाजिक सद्भाव और आपसी भाईचारे का संदेश देती हैं। ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने के साथ ही क्षेत्र की ऐतिहासिक पहचान को भी मजबूत करते हैं। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य आयोजक ज्ञान चंद श्रीवास्तव, सहायक संयोजक जियालाल सोनकर और मुख्य अतिथि डाक्टर ओपी सिंह की उपस्थिति में हुआ। श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या को देखते हुए पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद रहा। सिगरा थाना प्रभारी शिवाकांत मिश्रा, विद्यापीठ चौकी प्रभारी पार्थ तिवारी सहित सिगरा थाने की पुलिस सुरक्षा व्यवस्था संभालती नजर आयी। पुलिस की सक्रियता के बीच आयोजन शांतिपूर्वक संपन्न हुआ।

पूर्व मध्य रेल

ओपन ई-टेंडर सूचना

सूचित किया जाता है की भण्डार सामग्रियों कि आपूर्ति हेतु भारतीय रेलवे के वेबपोर्टल व **www.ireps.gov.in** के माध्यम से निम्नलिखित सामग्रियों कि आपूर्ति हेतु निविदाएँ आमंत्रित की गयी है:-**निविदा संख्या:** 36265662 **संक्षिप्त विवरण:** BHEL इलेक्ट्रिक वाले जोनल रेलवे में 3-फेज ऑन-बोर्ड MEMU 16-कार रेकफर्मेशन के लिए इंटर-व्हीकल कपलर की सप्लाई IDRG/SPEC-EDML-219, REV-NIL, TABLE-1 **मात्रा:** 20 Nos **समापन तिथि:** 02.11.2026 सभी निविदाओं के लिए समापन समय 14:00 बजे है। पात्र प्रतिभागियों को अपना प्रस्ताव केवल IREPS के ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल-**www.ireps.gov.in** के माध्यम से समापन तिथि और समय से पहले प्रस्तुत करना होगा। प्राप्तकर्ता के बारे में अन्य विवरण और स्टोर का विस्तृत विवरण उपरोक्त पोर्टल पर निविदा नोटिस में निविदा दस्तावेजों में उपलब्ध है।

वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक,
पूम रे. डीडीयू

पीआर/1136/डीडीयू/स्टोर/टी/26-27/24

क्षय मुक्त काशी – निरोग काशी

क्षय रोग (TB) के लक्षण

समुचित आहार लेने पर भी शरीर का वजन कम होना। * भूख न लगना, अरूचि होना। * दो हफ्तों से अधिक समय तक खाँसी का ठीक न होना। * गहरी सांस लेने, खाँसने, छींक या हँसी आदि से छाती में चुभन सा दर्द। * थोड़ा श्रम करने से भी हाँफना। * हल्का बुखार जो बना रहे। * मुख से बलगम के साथ रक्त आना। * गले में गाँठ का तीन सप्ताह से अधिक समय तक बने रहना।

क्षय रोग उन्मूलन हेतु

सामाजिक संस्था संकल्प द्वारा 26 वर्षों से अनवरत चलने वाला शिविर/अभियान
क्षय मुक्त काशी-निरोग काशी
डॉ0 अश्विनी जैन क्लिनिक,मलदहिया, वाराणसी से प्रत्येक कार्यदिवस में संचालित है।
चिकित्सक
डॉ0 हर्षित जैन डॉ0 आंचल अग्रवाल (जैन)

संकल्प द्वारा प्रचारित व प्रसारित
-: सहयोग :-
आज

कन्हैयालाल गुलाबचन्द सर्राफ

सोने, कुन्दन व हीरे के आभूषणों का अनुपम संग्रह, चांदी के बर्तन, सोने व चांदी के सिक्कों एवम् छह रत्नों की विशाल शृंखला उपलब्ध

चौक (ठठेरी बाजार गली के सामने) वाराणसी फोन: 0542 - 2390754

चांदी सिल प्रति किलो-	2,18,000/-
सिक्का प्रति सैकड़ा-	2,55,000/-
सोना स्टैण्डर्ड 10 ग्राम-	1,46,500/-
सोना 22 कैरेट प्रति 10 ग्राम-	1,37,700/-

५१ माहेश्वरी सखियों ने किये नौ गौरी के दर्शन, काशी में गूंजे जयकारे

नवरात्र में बाबा विश्वनाथ, काल भैरव, मां अन्नपूर्णा और मां गंगा के दरबार में टेका मत्था

शारदीय नवरात्र में काशी में ५१ माहेश्वरी सखियों ने नौ गौरी और बाबा श्री काशी विश्वनाथ के दर्शन कर परिवार, समाज और राष्ट्र की सुख-समृद्धि की कामना की। माहेश्वरी कला संस्कृति की युवा महिला शाखा की ओर से आयोजित इस धार्मिक यात्रा में बाबा काल भैरव, मां अन्नपूर्णा और मां गंगा के दरबार में भी मत्था टेका गया। हर-हर महादेव और जय माता दी के जयघोष से यात्रा भक्तिमय रही।अध्यक्षा पूजा चांडक, मंत्री राधिका डागा और कोषाध्यक्ष पूजा पटवारी के मार्गदर्शन तथा संयोजिका श्रुति जाजू के नेतृत्व में आयोजन हुआ। यात्रा से पूर्व होटल त्रिदेव में तनुश्री मुंदड़ा ने चाय-कॉफी की व्यवस्था की। रितु धूत के निर्देशन में प्रचारमंत्री जया राठी, चंचल सारडा, निधि मुंदड़ा, सविता राठी, स्वाति बाहेती, खुशबू मारू, अमृता मुंद्रडा, श्रेया सोमानी, ज्योति झंवर, सलोनी लाखोटिया और खुशबू सहित अन्य सखियों ने सहयोग किया। सखियों ने मंदिरों में दर्शन के बाद सेल्फी लेकर यादगार पल साझा किए। समाज के प्रचार मंत्री गौरव राठी ने कहा कि माहेश्वरी समाज सनातन परंपराओं के संरक्षण और नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति से जोड़ने के लिए निरंतर सक्रिय है। कुछ दिन पूर्व द्वादश ज्योतिर्लिंगों के सामूहिक दर्शन का आयोजन भी किया गया था।

टाउन हॉल में सजा सुर-ताल का दरबार और नृत्य-गायन से हुआ देवी का महायज्ञ

शारदीय नवरात्रि की महासप्तमी के पावन अवसर पर टाउन हॉल स्थित दुर्गा पूजा पंडाल में भक्ति, सुर और ताल का अनुपम संगम देखने को मिला, जहां मां दुर्गा के श्रीचरणों में नृत्य एवं गायन का दिव्य यज्ञ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ भावपूर्ण 'देवी स्तुति' और भव्य 'शिव वंदना' से हुआ, जिसके बाद घुंघरुओं की झंकार और तबले की थाप के अद्भुत तालमेल ने उपस्थित सभी श्रद्धालुओं और संगीत-प्रेमियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस संगीतमयी आराधना में मुख्य रूप से बनारस घराने के गुरु माता प्रसाद मिश्र के कुशल निर्देशन में शिष्य आली प्रकाश, कीर्ति पाण्डेय, रितेश उपाध्याय, स्मृति मिश्र, ईरा नेने, नेहा मिश्रा और वैशाली चतुर्वेदी ने कथक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। वहीं तबले पर पंडित उदय शंकर मिश्र की सधी हुई थाप और संतोष मिश्र के सुमधुर गायन ने पूरे वातावरण को भक्तिरस से सराबोर कर दिया। कलाकारों की सधी हुई भाव-भंगिमाओं, पद-ताल और सुरमयी भजनों ने ऐसा समां बांधा कि समूचा प्रांगण करतल ध्वनि और 'जय माता दी' के जयकारों से गूंज उठा।

जयंत का नेत्रभंग, ऋषियों को अभयदान पंचवटी की झांकी

प्राचीन श्रीरामलीला समिति खोजवा की ऐतिहासिक रामलीला में शनिवार को जयंत नेत्र भंग ऋषिगण मिलन और पंचवटी विश्राम की लीलाओं का मंचन किया गया। जयंत नेत्र भंग प्रसंग में माता सीता को घायल करने पर प्रभु श्रीराम ने जयंत को दंड दिया। शरण में आने पर प्रभु ने उसे क्षमा कर जीवनदान दिया। इसके बाद दंडकारण्य में ऋषि-मुनियों ने राक्षसों के अत्याचार से रक्षा की गुहार लगाई। श्रीराम ने ऋषि मुनियों को धर्म की रक्षा और राक्षसो की अत्याचार समाप्त करने का आश्वासन दिया।इसके बाद श्रीराम माता सीता और लक्ष्मण के पंचवटी पहुंचने तथा विश्राम करने की लीला मंचन किया गया। गोदावरी तट पर पांच वट वृक्षों और पर्णकुटी का निर्माण किया गया। इसी जगह आरती के बाद लीला को विश्राम दिया गया।

डाक्टर दिग्विजय सिंह बने मंडलीय अपर निदेशक

उत्तर प्रदेश शासन ने स्वास्थ्य विभाग में प्रशासनिक फेरबदल करते हुए वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर दिग्विजय सिंह को वाराणसी मंडल का अपर निदेशक (चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण) नियुक्त किया है। इससे पहले वह मिर्जापुर मंडल में संयुक्त निदेशक के पद पर तैनात थे। शासन के इस निर्णय के बाद अब उन्हें वाराणसी मंडल में स्वास्थ्य सेवाओं की जिम्मेदारी सौंपी गई है। डाक्टर दिग्विजय सिंह वाराणसी के स्वास्थ्य विभाग में पहले भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभा चुके हैं।वह पण्डित दीन दयाल उपाध्याय राजकीय चिकित्सालय में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के पद पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं।ऐसे में वाराणसी के चिकित्सा क्षेत्र और स्वास्थ्य सेवाओं की कार्यप्रणाली से उनका पूर्व परिचय भी है।अब अपर निदेशक स्वास्थ्य के रूप में उनकी तैनाती से मंडल स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन और प्रशासनिक व्यवस्था में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण होगी।

हजारों परिवारों को सपनो का आशियाना देने वाले
SSB GROUP
SHREE SAI CITY
Life of wellness
VARANASI
इस नवरात्रि के अवसर पर
केवल अपने मौजूदा ग्राहकों और बैंकर्स के लिए वो भी शुरूआती 51 बुकिंग पर
पाएं फ्लैट मात्र ₹5,500/-* प्रति स्क्वायर फिट की दर पर!
A PREMIUM PROJECT IN VARANASI DASEPUR, HARAHUA, NEAR AIRPORT VARANASI
SHREE SAI CITY
Life of wellness
VARANASI
SHREE SAI CITY PHASE-2
Registration Number UPRE-RAPRJ490668/04/2025, www.up-rera.in
आइए, इस शुभ अवसर पर अपने सपनों का घर SSB GROUP के साथ बुक करें!
सुरक्षित परिवार
24x7 सिक्योरिटी
हरियाली से भरपूर परिसर
विश्वस्तरीय सुविधा
विस्तृत पार्किंग सुविधा
SSB
STAY BLESSED
Shree Sai Baba
Infra Project Pvt. Ltd.
"हमारी प्रतिबद्धता ग्राहकों के सपनों को पूरा करना है।"
20/51-5 and 20/52-4, Sridas Foundation Building Union Bank of India, Mall Road (Near Radission Hotel) Varanasi Cantt - 221002
E-mail : ssbinfraproject@gmail.com, www.ssbinfraproject.com
Mob.: 9519488255
7080201752, 9919803650
Member CREDAI
UP RERA
Follow On

प्रयागराज-वाराणसी नेशनल हाईवे पर ट्रक से कुचलकर विवाहिता की मौत

५० लाख मुआवजे और बेटे को सरकारी नौकरी की मांग पर अड़े परिजनों ने किया चक्का जाम, हाईवे पर तीन घंटे जाम, २० किमी तक लगी वाहनों की कतारे, थानों की फोर्स तैनात

मिर्जामुराद। थाना क्षेत्र के रखौना गांव के पास प्रयागराज-वाराणसी नेशनल हाईवे पर शनिवार दोपहर करीब तीन बजे तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक की टक्कर से ३२ वर्षीय विवाहिता सोनी देवी की मौत हो गयी। हादसे के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने मुआवजे समेत अन्य मांगों को लेकर हाईवे जाम कर दिया। करीब तीन घंटे तक चले जाम के कारण हाईवे पर लगभग २० किलोमीटर लंबी वाहनों की कतार लग गयी। जाम खुलवाने के लिए एडीसीपी गोमती जोन नीपेंद्र, एसडीएम राजातालाब और विधायक की पुत्री अदिति पटेल समेत अन्य लोगों ने काफी देर तक समझाने का प्रयास किया, लेकिन परिजन अपनी मांगों पर अड़े रहे। शाम करीब सात बजे मांगों को लेकर सहमति बनने के बाद जाम समाप्त हुआ। मौके पर तीन थानों की पुलिस फोर्स तैनात रही।

बीमार जेठानी का हालचाल जानकर लौट रही थी सोनी

जानकारी के अनुसार, चकिया निगतपुर निवासी गुलाब कुमार अपनी ३२ वर्षीय बेटी सोनी देवी, पत्नी जितेंद्र कुमार, के साथ वाराणसी के एक अस्पताल में

बीमार जेठानी का हालचाल जानने गये थे। अस्पताल में मुलाकात के बाद पिता-पुत्री बाइक से अपने घर लौट रहे थे। शनिवार को दोपहर करीब तीन बजे उनकी बाइक मिर्जामुराद थाना क्षेत्र के रखौना गांव के पास प्रयागराज-वाराणसी नेशनल हाईवे पर पहुंची थी। इसी दौरान पीछे से आये तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से गुलाब कुमार बाइक समेत सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गये, जबकि सोनी देवी ट्रक की चपेट में आ गयी। हादसा इतना गंभीर था कि सोनी देवी की मौके पर ही मौत हो गयी। घटना के बाद ट्रक चालक वाहन लेकर प्रयागराज की तरफ फरार हो गया। हादसे की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर जुट गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल गुलाब कुमार को अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

मुआवजे की मांग को लेकर हाईवे पर बैठ गये परिजन

विवाहिता की मौत की जानकारी मिलने के बाद परिजन और ग्रामीण घटनास्थल पर जुट गये। उन्होंने मृतका के परिवार को आर्थिक सहायता और बेटे के भविष्य को लेकर मांगें उठाते हुए हाईवे पर जाम लगा दिया। देखते ही देखते सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लगने लगी। जाम के कारण यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ और लगभग २० किलोमीटर तक वाहनों के फंसे होने की जानकारी सामने आयी। स्थिति को संभालने और जाम समाप्त कराने के लिए एडीसीपी गोमती जोन नीपेंद्र, एसडीएम राजातालाब और विधायक की पुत्री अदिति पटेल समेत अन्य लोग मौके पर पहुंचे। अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने परिजनों तथा ग्रामीणों को समझाने की कोशिश की, लेकिन वे अपनी मांगों को लेकर अड़े रहे। इस दौरान तीन थानों की पुलिस फोर्स भी मौके पर तैनात रही। काफी देर तक बातचीत का दौर चलता रहा, लेकिन मांगों पर सहमति नहीं बनने के कारण जाम जारी रहा।

पिस्तौल के साथ नाबालिग समेत दो गिरफ्तार

पिंडरा। फूलपुर पुलिस ने शनिवार को अवैध देशी तमंचा व जिंदा कारतूस के साथ दो लोंगो को गिरफ्तार किया, जिसमें एक नाबालिग है। इंस्पेक्टर अजयराज वर्मा ने बताया कि फूलपुर पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में देखभाल, संदिग्ध व्यक्ति/वाहन की चेकिंग एवं वांछित अभियुक्तों की तलाश के दौरान मुखबिर की सूचना पर लोली पाण्डेय की बगिया, कठिरांव से दो व्यक्तियों को पकड़ा गया। तलाशी के दौरान एक बाल अपचारी के कब्जे से एक अदद अवैध देशी तमंचा .३१५ बोर तथा अभियुक्त अंकित कुमार माली के कब्जे से एक अदद जिंदा कारतूस .३१५ बोर बरामद हुआ। पूछताछ में अभियुक्त अंकित कुमार माली ने बताया कि उसे उक्त तमंचा जौनपुर जनपद में रास्ते में पड़ा मिला था, जिसे उसने अपने पास रख लिया था। लगभग एक सप्ताह पूर्व उसने तमंचा एक बाल अपचारी को दे दिया था। बाल अपचारी ने बताया कि उसने उक्त तमंचा अभियुक्त से शौकिया तौर पर रखने एवं लोगों में धाक जमाने के लिये लिये रख लिया था। उक्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी चौकी प्रभारी कठिराव जितेंद वर्मा ने चेकिंग के दौरान की।

पंडापुर हाईवे पर झाड़ियों में मिला युवक शव, हत्या की आशंका

चौबेपुर। क्षेत्र के पंडापुर गांव के समीप शनिवार की दोपहर एनएच-३१ हाईवे से सटे बर्फ फैक्ट्री के सामने झाड़ियों में एक अज्ञात युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गयी। पंडापुर गांव के समीप बर्फ फैक्ट्री के ठीक सामने झाड़ियों में शव पड़ा होने की सूचना पर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर एसआई राजेंद्र यादव और दुर्गेश मिश्रा मय हमराह मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की।

पुलिस की सूचना पर फॉरेंसिक टीम भी घटनास्थल पर पहुंची और साक्ष्य जुटाये। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। शव किन परिस्थितियों में वहां पहुंचा, इसका पता जांच के बाद ही चल सकेगा। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि युवक का शव ३-४ दिनों का है। वह ३५ वर्ष के आसपास का है। काले रंग का टी शर्ट व अंडर बीयर पहना हुआ था। शव बरामद कर पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिये भेज दिया गया।

पिंडरा विस क्षेत्र के बूथों पर भरे गये ५२४ फॉर्म

पिंडरा विस क्षेत्र के विभिन्न बूथों पर निर्वाचक नामावली के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के तहत विशेष कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें छूटे नये मतदाताओं के लिए फॉर्म-६ भरे गये। शनिवार को विशेष अभियान के तहत सुबह १० बजे से सायँ ४ बजे तक चले अभियान के तहत ८२५ फॉर्म भरे गये। जमापुर में स्थापित बूथ का निरीक्षण सुपरवाइजर कपीश तिवारी ने किया। वही तहसीलदार नेहा राजवंशी ने बताया कि क्षेत्र के ४२१ बूथों पर मुख्य निर्वाचन आयुक्त उत्तर प्रदेश के निर्देश पर १७ अक्तूबर को कैम्प लगा। अब २४ अक्तूबर को विशेष कैम्प लगेंगे। शनिवार को विभिन्न बूथों पर फॉर्म ६, ७ व ८ के ८२४ फॉर्म मतदाताओं ने भरे।

लोहता में चार जुआड़ी गिरफ्तार

लोहता। पुलिस आयुक्त वाराणसी द्वारा अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन के निर्देशन, अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन के पर्यवेक्षण एवं सहायक पुलिस आयुक्त रोहनियां के नेतृत्व में थाना लोहता पुलिस नेऑपरेशन चक्रव्यूह के तहत मुखबिर की सूचना पर ग्राम धन्नीपुर टावर के पास से जुआ खेल रहे चार जुआरी को गिरफ्तार कर मौके से ४२ सौ रुपए नकद और ताश की गद्दी को बरामद किया। पकड़े गये लोगों में लोहता निवासी आरिफ पुत्र मो0 नईम, सरफराज,वसीम पुत्र अल्ताफ और मुबारक अली पुत्र अलाउद्दीन है। गिरफ्तारी करने वाली टीम उ0 नि0 रवि गौड़, धीरेन्द्र प्रताप सिंह, हे0का0 प्रवीण सिंह, का0 रिषिकेश राय, अलीमुल्ला, विशाल पासवान शामिल रहे।

कार्यालय श्रम प्रवर्तन अधिकारी, रसड़ा बलिया

:: प्रेस विज्ञप्ति ::

उप श्रमायुक्त क्षेत्र, आजमगढ़ के पत्र संख्या-4390-93 / आ0क्षे0 नजारत-2026 दिनांक 12.08.2026 के सन्दर्भ में कार्यालय श्रम प्रवर्तन अधिकारी (रसड़ा), जनपद-बलिया के भवन की अति आवश्यकता है। जिसका क्षेत्रफल लगभग-1000-2000 वर्गफीट होना अनिवार्य है तथा चार पहिया वाहन का आवागमन सुगमता से हो सके ।

उक्त के सम्बन्ध में आप सभी को सूचित किया जाता है कि कार्यालय श्रम प्रतर्वन अधिकारी, रसड़ा जनपद-बलिया को अपना भवन देने हेतु इच्छुक भवन स्वामी जिनके पास कार्यालय हेतु लगभग-1000-2000 वर्गफूट कारपेट एरिया का भवन हो और किराये पर देना चाहते है । ऐसे भवन स्वामी एक सप्ताह के अन्दर कार्यालय श्रम प्रवर्तन अधिकारी, नवल कटरा, रसड़ा जनपद-बलिया में अपना प्रस्ताव प्रस्तुत कर सकते है। अधिक जानकारी के लिये मो० नं० -9415893153 एवं 8115184476 पर सम्पर्क कर सकते है ।

(सहाराम)
श्रम प्रतर्वन अधिकारी, बलिया ।

पत्रांक-813-15/श्र.प.अधि.(भवन रसड़ा)-2026 दिनांक-17 अक्टूबर, 2026

कार्यालय मीरजापुर विन्ध्याचल विकास प्राधिकरण, मीरजापुर

सार्वजनिक सूचना/विज्ञप्ति

श्रीमती मीना कुमारी पत्नी स्व. बद्री प्रसाद व भोलानाथ गुप्ता व शम्भूनाथ गुप्ता व कैलाशनाथ गुप्ता व विनोद कुमार गुप्ता व मनोज कुमार गुप्ता पुत्रगण स्व. ब्रदी प्रसाद द्वारा मौजा- अर्जुनपुर, स्थित आराजी सं. 113, 114, 117 व 118 परगना कंतित, तहसील सदर जिला-मीरजापुर के भूखण्ड क्षेत्रफल 1642.33 वर्ग मीटर पर होटल केवलम पैलेस भवन का शमन मानचित्र सं. MZVDA/BP/COMP/2026-27/1161 दिनांक 28.09.2026 को अनुज्ञा हेतु दाखिल किया गया है। मीरजापुर विन्ध्याचल महायोजना 2031 में सन्दर्भित स्थल का भू-उपयोग बाजार स्ट्रीट है।

एतद्द्वारा जनसामान्य को इस विज्ञप्ति के माध्यम से सूचित किया जाता है कि यदि उक्त स्थल पर केवलम पैलेस भवन के मानचित्र की स्वीकृति में किसी को आपत्ति/ सुझाव देना हो तो सार्वजनिक सूचना/ विज्ञप्ति के प्रकाशन के 15 दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में लिखित रूप से प्राप्त करा सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात इस सम्बन्ध में किसी आपत्ति/ सुझाव पर विचार किया जाना सम्भव नहीं होगा।

नगर मजिस्ट्रेट/सचिव
मीरजापुर विन्ध्याचल
विकास प्राधिकरण
मीरजापुर।

पत्रांक-399/मी.वि.वि.प्रा./विज्ञप्ति/2026 दिनांक-16.10.26

कार्यालय सहायक अभियन्ता प्रथम, देवकली पम्प नहर प्रखण्ड-प्रथम, गाजीपुर

अल्पकालिक निविदा सूचना संख्या- 05/स0अ0प्र0/2026-27

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तर प्रदेश की ओर से इस उपखण्ड के प्रशासनिक नियंत्रण में आने वाली निम्नलिखित नहरों के सिल्ट सफाई के कार्य हेतु नीचे अंकित लाट सं0-1 से लाट सं0-19 तक के लिए मुहरबन्द निविदायें वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 24.10.2026 को अपराहन 03.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। सभी निविदायें दिनांक 24.10.2026 को अपराहन 04.00 बजे सहायक अभियन्ता प्रथम, देवकली पम्प नहर प्रखण्ड प्रथम गाजीपुर स्थित कार्यालय में अधोहस्ताक्षरी अथवा उनके द्वारा नामित प्राधिकारी एवं निविदा समिति के सदस्यों तथा उपस्थित ठेकेदारों या उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 22.10.2026 से दिनांक 24.10.2026 तक पूर्वाहन 11.00 बजे से अपराहन 03.00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में निर्धारित मूल्य देकर प्राप्त की जा सकती है। कार्यालय में अवकाश होने की दशा में यह बिड/ निविदा अगले कार्यालय दिवस में उसी समय खोली जाएगी।

क0 सं0	कार्य का विवरण	कार्य की लागत (जी0एस0टी0 रहित) (लाख रू0 में)	धरोहर धनराशि (रू0 में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य+ GST	कार्य पूर्ण करने की अवधि	ठेकेदार की श्रेणी
1.	मक्सी माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.500 के मध्य सिल्ट सफाई/स्कोपिंग का कार्य।	0.54	5400/-	50+18% GST	30 दिवस	"डी" व उच्च
2.	महना माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.170 के मध्य सिल्ट सफाई/स्कोपिंग का कार्य।	0.65	6500/-	50+18% GST	30 दिवस	"डी" व उच्च
3.	बसुका माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 5.400 के मध्य सिल्ट सफाई/स्कोपिंग का कार्य।	1.60	16000/-	75+18% GST	30 दिवस	"डी" व उच्च
4.	देवल माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.800 के मध्य सिल्ट सफाई/स्कोपिंग का कार्य।	0.34	3400/-	50+18% GST	30 दिवस	"डी" व उच्च
5.	कुसी माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.800 के मध्य सिल्ट सफाई/स्कोपिंग का कार्य।	0.60	6000/-	50+18% GST	30 दिवस	"डी" व उच्च
6.	फुलसी माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.600 के मध्य सिल्ट सफाई/स्कोपिंग का कार्य।	0.77	7700/-	50+18% GST	30 दिवस	"डी" व उच्च
7.	रक्सहा प्रथम माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 3.400 के मध्य सिल्ट सफाई/स्कोपिंग का कार्य।	0.72	7200/-	50+18% GST	30 दिवस	"डी" व उच्च
8.	रक्सहा द्वितीय माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.800 के मध्य सिल्ट सफाई/स्कोपिंग का कार्य।	0.60	6000/-	50+18% GST	30 दिवस	"डी" व उच्च
9.	उसिया माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.800 के मध्य सिल्ट सफाई/स्कोपिंग का कार्य।	0.60	6000/-	50+18% GST	30 दिवस	"डी" व उच्च
10.	पिपरौल माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.300 के मध्य सिल्ट सफाई/स्कोपिंग का कार्य।	0.50	5000/-	50+18% GST	30 दिवस	"डी" व उच्च
11.	रोबराई माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.600 के मध्य सिल्ट सफाई/स्कोपिंग का कार्य।	0.55	5500/-	50+18% GST	30 दिवस	"डी" व उच्च
12.	उदितपुर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.800 के मध्य सिल्ट सफाई/स्कोपिंग का कार्य।	0.60	6000/-	50+18% GST	30 दिवस	"डी" व उच्च
13.	इटवा प्रथम माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.800 के मध्य सिल्ट सफाई/स्कोपिंग का कार्य।	0.60	6000/-	50+18% GST	30 दिवस	"डी" व उच्च
14.	इटवा द्वितीय माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.300 के मध्य सिल्ट सफाई/स्कोपिंग का कार्य।	0.50	5000/-	50+18% GST	30 दिवस	"डी" व उच्च
15.	हरनाथपुर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 3.000 के मध्य सिल्ट सफाई/स्कोपिंग का कार्य।	0.64	6400/-	50+18% GST	30 दिवस	"डी" व उच्च
16.	भतौरा माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.800 के मध्य सिल्ट सफाई/स्कोपिंग का कार्य।	0.60	6000/-	50+18% GST	30 दिवस	"डी" व उच्च
17.	भिखौलिया माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 3.700 के मध्य सिल्ट सफाई/स्कोपिंग का कार्य।	0.79	7900/-	50+18% GST	30 दिवस	"डी" व उच्च
18.	बर्गीनिया माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.400 के मध्य सिल्ट सफाई/स्कोपिंग का कार्य।	0.30	3000/-	50+18% GST	30 दिवस	"डी" व उच्च
19.	बक्तऊ माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.400 के मध्य सिल्ट सफाई/स्कोपिंग का कार्य।	0.50	5000/-	50+18% GST	30 दिवस	"डी" व उच्च

उ.प्र.:- 258439
दिनांक-16.10.2026

(जयेश कस्तुरे)
सहायक अभियन्ता प्रथम
देवकली पम्प नहर प्रखण्ड-प्रथम, गाजीपुर

वेबसाईट:- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

कार्यालय ग्राम पंचायत-मोहॉव, विकास खण्ड-सदर ,जनपद-गाजीपुर

पत्रांक- /निविदा/2026-27 अल्पकालिक निविदा सूचना दिनांक-

वित्तीय वर्ष 2026-27 में प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत-**मोहॉव** में आँगनबाड़ी केन्द्र की स्थापना, नाली आदि हेतु सामग्री क्रय के लिए ग्राम पंचायत में सामग्री आपूर्तिकर्ता हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसे इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 16-10-2026 से दिनांक 23-10-2026 तक कार्यालय कार्य दिवस में अपराहन 02 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में सील बन्द निविदा जमा कर सकते है, जो कि दिनांक 23-10-2026 को अपराहन 02 बजे निविदा हेतु ग्राम पंचायत के सदस्यों के सामने खोली जायेगी। अतः ग्राम सभा/विकास खण्ड/जनपद में पंजीकृत आपूर्तिकर्ता उपरोक्त सामग्री की आपूर्ति हेतु सील बन्द निविदा आमंत्रित है।

क्र.सं.	परियोजना का नाम/सामग्री	मात्रा	दर
1-	आँगनबाड़ी भवन निर्माण दर- सीमेन्ट, बालू, सरिया, मजदूरी आदि।	01	997051.00
2-	आँगनबाड़ी भवन निर्माण दर-इलेक्ट्रिक, सेनटरी वर्क, साइन बोर्ड, चित्रकारी आदि	01	202500.00
3-	नाली का निर्माण कार्य		

नियम एवं शर्ते-
1- सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के बाद निर्धारित की जायेगी।
2- आवश्यकतानुसार सामग्री आपूर्ति प्रशासक एवं सहायक विकास अधिकारी(स०क०) के आदेश पर ही की जायेगी अन्यथा नही।
3- सामग्री की मात्रा घटाई या बढ़ाई जा सकती है।
4- सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि से स्वीकृति दर, निर्धारित कार्य स्थल पर करनी होगी।
5- सामग्री आपूर्ति के बाद प्रशासनिक एवं निर्माण कार्य समिति की स्वीकृति के बाद भुगतान किया जायेगा।
6- आपूर्तिकर्ता का जी0एस0टी0 विभाग में पंजीकरण होना अनिवार्य होना चाहिए।
7- सामग्री आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा में किया जाना अनिवार्य होगा।
8- निविदा बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी द्वारा का होगा।

प्रशासक
ग्राम पंचायत-मोहॉव
विकास खण्ड- सदर
जनपद-गाजीपुर।

सहायक विकास अधिकारी/ग्राम विकास अधिकारी
/समाज कल्याण
विकास खण्ड- सदर
जनपद-गाजीपुर।

फार्मेट सी-1

(अभ्यर्थियों के लिए समाचार-पत्रों, टी.वी. में प्रकाशन हेतु)

आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 (पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य) में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार)

अभ्यर्थी का नाम एवं पता: **पंकज कुमार सिंह उर्फ डब्लू पता-पहाड़ीगेट, वैष्ठणो विहार कालोनी, भुल्लनपुर पी.ए.सी. वाराणसी- 221108**

राजनैतिक दल का नाम: **निर्दलीय**

(निर्दलीय अभ्यर्थी यहां ''निर्दलीय'' लिखें)

निर्वाचन का नाम: **उत्तर प्रदेश विधान परिषद**

*निर्वाचन क्षेत्र का नाम: **वाराणसी खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र**

मैं **पंकज कुमार सिंह उर्फ डब्लू** (अभ्यर्थी का नाम) उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता / करती हूँ:

क्र. सं.	लंबित आपराधिक मामले			आपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि के मामलों के संबंध में विवरण	
	न्यायालय का नाम	मामले की सं. एवं मामले की स्थिति	संबंधित अधिनियमों की की धारा (ए) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण	न्यायालय का नाम एवं आदेश (शों)की तारीख	अपराध (अपराधों) और अधिरोपित दण्ड का विवरण
1	2	3	4	5	6
1	A/c 1 वाराणसी	थाना-मंडुवाडीह वाराणसी मु.अ. संख्या 29/2019	302, 34, 120 B,IPC हत्या करना	लागू नहीं	लागू नहीं
2	ADJ-4 1 वाराणसी	थाना-मंडुवाडीह मु.अ. सं. 137/18	307 IPC हत्या के प्रयास	लागू नहीं	लागू नहीं
3	ADJ-4 वाराणसी	थाना-मंडुआडीह वाराणसी मु.आ. संख्या 138/18	3/7/25 IPC आर्म्स एक्ट	लागू नहीं	लागू नहीं
4	JM-2 वाराणसी	थाना-मंडुआडीह वाराणसी मु.आ. सं. 2469/2003	147, 353, 504, 506 IPC , मारपीट व धामी	लागू नहीं	लागू नहीं
5	ADJ-13 स्पेशल जज वाराणसी	थाना-मंडुआडीह वाराणसी मु.आ. संख्या 53/ 2019	3(1) UP IPC गैंगस्टर एक्ट	लागू नहीं	लागू नहीं
6	JM-2 वाराणसी	थाना-मंडुआडीह वाराणसी मु.आ. संख्या 0161/17	386, 323, 504, 506 IPC धमकी देना	माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद	लागू नहीं

*राज्य सभा के निर्वाचन या विधान सभा सदस्यों द्वारा विधान परिषद् के निर्वाचन के मामले में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें। **विधान परिषद के निर्वाचन**

कार्यालय सहायक अभियन्ता प्रथम, देवकली पम्प नहर प्रखण्ड-प्रथम, गाजीपुर

अल्पकालिक निविदा सूचना संख्या- 05/स0अ0प्र0/2026-27

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तर प्रदेश की ओर से इस उपखण्ड के प्रशासनिक नियंत्रण में आने वाली निम्नलिखित नहरों के सिल्ट सफाई के कार्य हेतु नीचे अंकित लाट सं0-1 से लाट सं0-19 तक के लिए मुहरबन्द निविदायें वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 24.10.2026 को अपराहन 03.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। सभी निविदायें दिनांक 24.10.2026 को अपराहन 04.00 बजे सहायक अभियन्ता प्रथम, देवकली पम्प नहर प्रखण्ड प्रथम गाजीपुर स्थित कार्यालय में अधोहस्ताक्षरी अथवा उनके द्वारा नामित प्राधिकारी एवं निविदा समिति के सदस्यों तथा उपस्थित ठेकेदारों या उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 22.10.2026 से दिनांक 24.10.2026 तक पूर्वाहन 11.00 बजे से अपराहन 03.00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में निर्धारित मूल्य देकर प्राप्त की जा सकती है। कार्यालय में अवकाश होने की दशा में यह बिड/ निविदा अगले कार्यालय दिवस में उसी समय खोली जाएगी।

क0 सं0	कार्य का विवरण	कार्य की लागत (जी0एस0टी0 रहित) (लाख रू0 में)	धरोहर धनराशि (रू0 में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य+ GST	कार्य पूर्ण करने की अवधि	ठेकेदार की श्रेणी
1.	मक्सी माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.500 के मध्य सिल्ट सफाई/स्कोपिंग का कार्य।	0.54	5400/-	50+18% GST	30 दिवस	"डी" व उच्च
2.	महना माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.170 के मध्य सिल्ट सफाई/स्कोपिंग का कार्य।	0.65	6500/-	50+18% GST	30 दिवस	"डी" व उच्च
3.	बसुका माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 5.400 के मध्य सिल्ट सफाई/स्कोपिंग का कार्य।	1.60	16000/-	75+18% GST	30 दिवस	"डी" व उच्च
4.	देवल माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.800 के मध्य सिल्ट सफाई/स्कोपिंग का कार्य।	0.34	3400/-	50+18% GST	30 दिवस	"डी" व उच्च
5.	कुसी माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.800 के मध्य सिल्ट सफाई/स्कोपिंग का कार्य।	0.60	6000/-	50+18% GST	30 दिवस	"डी" व उच्च
6.	फुलसी माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.600 के मध्य सिल्ट सफाई/स्कोपिंग का कार्य।	0.77	7700/-	50+18% GST	30 दिवस	"डी" व उच्च
7.	रक्सहा प्रथम माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 3.400 के मध्य सिल्ट सफाई/स्कोपिंग का कार्य।	0.72	7200/-	50+18% GST	30 दिवस	"डी" व उच्च
8.	रक्सहा द्वितीय माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.800 के मध्य सिल्ट सफाई/स्कोपिंग का कार्य।	0.60	6000/-	50+18% GST	30 दिवस	"डी" व उच्च
9.	उसिया माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.800 के मध्य सिल्ट सफाई/स्कोपिंग का कार्य।	0.60	6000/-	50+18% GST	30 दिवस	"डी" व उच्च
10.	पिपरौल माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.300 के मध्य सिल्ट सफाई/स्कोपिंग का कार्य।	0.50	5000/-	50+18% GST	30 दिवस	"डी" व उच्च
11.	रोबराई माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.600 के मध्य सिल्ट सफाई/स्कोपिंग का कार्य।	0.55	5500/-	50+18% GST	30 दिवस	"डी" व उच्च
12.	उदितपुर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.800 के मध्य सिल्ट सफाई/स्कोपिंग का कार्य।	0.60	6000/-	50+18% GST	30 दिवस	"डी" व उच्च
13.	इटवा प्रथम माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.800 के मध्य सिल्ट सफाई/स्कोपिंग का कार्य।	0.60	6000/-	50+18% GST	30 दिवस	"डी" व उच्च
14.	इटवा द्वितीय माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.300 के मध्य सिल्ट सफाई/स्कोपिंग का कार्य।	0.50	5000/-	50+18% GST	30 दिवस	"डी" व उच्च
15.	हरनाथपुर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 3.000 के मध्य सिल्ट सफाई/स्कोपिंग का कार्य।	0.64	6400/-	50+18% GST	30 दिवस	"डी" व उच्च
16.	भतौरा माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.800 के मध्य सिल्ट सफाई/स्कोपिंग का कार्य।	0.60	6000/-	50+18% GST	30 दिवस	"डी" व उच्च
17.	भिखौलिया माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 3.700 के मध्य सिल्ट सफाई/स्कोपिंग का कार्य।	0.79	7900/-	50+18% GST	30 दिवस	"डी" व उच्च
18.	बर्गीनिया माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.400 के मध्य सिल्ट सफाई/स्कोपिंग का कार्य।	0.30	3000/-	50+18% GST	30 दिवस	"डी" व उच्च
19.	बक्तऊ माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.400 के मध्य सिल्ट सफाई/स्कोपिंग का कार्य।	0.50	5000/-	50+18% GST	30 दिवस	"डी" व उच्च

उ.प्र.:- 258501
दिनांक-16.10.2026

(जयेश कस्तुरे)
सहायक अभियन्ता प्रथम
देवकली पम्प नहर प्रखण्ड-प्रथम, गाजीपुर

वेबसाईट:- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

सड़क दुर्घटनाओं में दो युवकों की मौत, दो घायल

चौबेपुर। क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटनाओं में दो युवकों की मौत हो गयी जब कि दो लोग घायल हो गये। यह हादसे में शुक्रवार की रात्रि में हुआ। शाहपुर गांव के समीप नेशनल हाईवे पर शुक्रवार की रात अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। हादसे में ढकवा निवासी उत्कर्ष सिंह (२२ वर्ष) पुत्र पप्पू सिंह की मौत हो गयी, जबकि मोलनापुर निवझझासी उसका साथी विशाल यादव (२१ वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गया। इसी क्रम में क्षेत्र के चंद्रावती पेट्रोल पंप के सामने शनिवार को शाम तेज रफ्तार अज्ञात चारपहिया वाहन की टक्कर से बाइक सवार रमाशंकर राम की मौत हो गयी, जबकि उनके साथी धन्नू राम गंभीर रूप से घायल हो गये।

वर्गीकृत विज्ञापन

सूचना

सूचना-मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2018 अनुक्रमांक 3065 856 एवं इंटरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2020 अनुक्रमांक 1800 916 का मूल प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। **स्नेहा कुमारी पटेल** पुत्री कन्हैया पटेल ग्राम उजियार, पोस्ट उजियार जिला बलिया।

सूचना-मेरे पॉलिसी नंबर 259810028 में मेरा नाम राजेश दर्ज है, जबकि आधार कार्ड,पैन कार्ड व बैंक पासबुक में मेरा नाम राजेश सिंह यादव दर्ज है, राजेश व राजेश सिंह यादव दोनों नाम मेरा ही है, इस नाम का दूसरा व्यक्ति हमारे गांव में अन्य कोई नहीं है। **राजेश सिंह यादव** पुत्र शिवदरस ग्राम बीरभानपुर, पोस्ट खरडीहा तहसील मोहम्मदाबाद, जिला गाजीपुर।

सूचना-मेरी पुत्री रितिका यादव GEN BC JOSHI ARMY PUBLIC SCHOOL PITHORAGARH, UTTARAKHAND में सत्र 2026 -27 में कक्षा 5 में अध्ययन रत थी। जिसके विद्यालय अभिलेख में मेरा नाम RAJNI YADAV दर्ज है जो गलत है।मेरा सही नाम **RAJANI YADAV** है।जिसे मेरी पुत्री के अभिलेख में दर्ज किया जाना न्यायसंगत है। **रजनी यादव** पत्नी सुनील कुमार यादव ग्राम - सिकन्दरचक हेतिम पोस्ट - होलीपुर जिला - गाजीपुर

सूचना-मेरे पुत्र के आधार कार्ड संख्या-365105511079 में उसका नाम आशिक तथा मेरा नाम टनु शर्मा दर्ज हो गया जो गलत है। मेरे पुत्र का सही नाम अनुभव कुमार शर्मा तथा मेरा नाम टन्नू शर्मा है। अत: आधार कार्ड में मेरे पुत्र का व मेरा नाम सही दर्ज किया जाए। **टन्नू शर्मा** पुत्र विजय शर्मा, ग्राम- अछूही, पोस्ट- वि.भ. नारायणपुर, जिला-

एक नजर इधर भी

नवम्बर से फोन करने पर स्क्रीन पर नाम दिखायी देगा

साइबर क्राइम रोकने में संचार मंत्रालय ने की पहल

साइबर क्राइम रोकने के लिए संचार मंत्रालय कालिंग व्यवस्था को और पारदर्शी बनायेगा। इसी के तहत नवम्बर के प्रथम सप्ताह से प्रत्येक संचार मोबाइल कंपनियों को इस दायरे में रखा गया है इसमें मुख्य बातें जो सामने आयेंगी उससे गुप्त काल करने वाले व्यक्ति का आसानी से पता लगाया जा सकेगा। कालिंग नेम प्रेजिटेंशन में सिमकार्ड लेते समय अब प्रत्येक व्यक्ति को सरकार द्वारा दी गयी आईडी को देखाना आवश्यक है। इसी नाम के आधार पर उसका सिम जारी होगा और कहीं भी वार्ता करने पर स्क्रीन पर आसानी से देखा जा सकता है। इसके लिए थर्ड पार्टी एप की जरुरत नही होगी। सीधे टेलीकाम नेटवर्क के जरिये कार्य हो जायेगा। यह सुविधा शुरुआत में ४-जी और उसके आगे की तकनीक वाले मोबाइल नेटवर्क पर लागू होगी। ग्राहकों के लिए ये सेवा मुफ्त होगी। सीएनएपी के तहत कोई अंजान नम्बर से विदेश से काल आता है तो जिस व्यक्ति के पास यह काल आयेगा उसपर स्पष्ट रूप से लिखा होगा कि यह इंटरनेशनल काल है। उल्लेखनीय है कि गत दिनों इसी इंटरनेशनल काल को लेकर कई मोबाइल उपभोक्ताओं को धमकी, धम का ट्रांजेक्शन सहित अन्य विषयों को लेकर परेशानी उठानी पड़ी थी। हालांकि इन बातों को छोड़कर अन्य विषयों पर साइबर क्राइम विभाग को और आधुनिक बनाया जा रहा है। जिससे लोगों को आर्थिक अपराध का सामना न करना पड़े। इस संबंध में बीएसएनएल के जनसंपर्क अधिकारी अनिश कुमार ने बताया कि यह व्यवस्था लगभग दो महीने पूर्व से ही चालू थी और इसका दिल्ली मंत्रालय से सबकुछ सही हो जाने के बाद नवम्बर से यह व्यवस्था सभी मोबाइल फोनों पर लागू कर दी जायेगी।

क्या गंगा में सिल्ट बहाना हो गयी मजबूरी

गंदगी रोकने के लिए निगम प्रशासन कर रही है वार्ता-उपसभापति

गंगा नदी में घाट की सफाई के दौरान सिल्ट हटाने की प्रक्रिया को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता सुनील कुमार श्रीवास्तव ने प्रमुख सचिव नगर विकास मंत्रालय को पत्र भेजा है। उन्होंने कहा है कि गंगा प्रदूषण मुक्ति के लिए सरकार द्वारा करोड़ों रुपये खर्च किये जाते हैं लेकिन प्रत्येक वर्ष बाढ़ आने के बाद गंदगी, मैला और मिट्टी तीनों गंगा में पुन: बहायी जाती है जिससे कि गंगा के पर्यावरण पर असर पड़ता है। नदी के प्रदूषण को देखते हुए २०२५-२६ में बीएचयू के वैज्ञानिकों ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत किया था जिसमें महापौर अशोक कुमार तिवारी ने कहा था कि गंगा की सफाई मजदूरों से मैनुअल तरीके से करायी जायेगी और गंगा घाट से मिट्टीयों को लोगों के उपयोग में वितरित किया जायेगा। उन्होंने राष्ट्रीय हरित अधिकरण को भी संबंधित विषय में पत्र भेजा है। संबंधित विषय में नगर निगम के मुख्य अभियंता सुरेश चन्द्र ने बताया कि बाढ़ के बाद गंगा के सिल्ट को किसी अन्यथ जगह नही फेंका जा सकता है इसमें कुछ निर्देशों का पालन करना आवश्यक होता है और सरकारी अधिनियम के तहत ही गंगा घाटों की सफाई की जा रही है। जबकि नगर निगम के उपसभापति नरसिंह दास ने बताया कि बाढ़ के सिल्ट गंगा में बहाने को लेकर संबंधित विभाग से आवश्यक वार्ता चल रही है। उन्होंने कहा कि गत वर्ष बाढ़ के बाद निकलने वाले गंदगी और मिट्टी को नि:शुल्क लोगों को ले जाने के लिए सुविधा दी गयी थी लेकिन गंगा प्राधिकरण ने इसपर ऐतराज जताया था और उन्होंने पर इसको खनन मानकर तत्काल रोकने की हिदायत दी थी जिसके बाद से घाटों पर जमीं सिल्ट को पम्प के जरिये फोर्स देते हुए गंगा में बहाया जा रहा है। वैसे उपसभापति को यह भरोसा है कि इस मामले में कोई न कोई विकल्प निकलेगा जिससे कि गंगा में गंदगी फिर न जाय। तमाम निजी संस्थाएं गंगा को पदूषण से बचाने के लिए सफाई अभियान चलाती है लेकिन गंगा की गंदगी गंगा में ही बहाना यह एक प्रश्न वाचक चिह्न बन गया।

सैदपुर भीतरी में ८४ रेल कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण, १० में उच्च रक्तचाप

पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल के विद्युत लोको शेड, सैदपुर भीतरी में शनिवार को स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। इसमें ८४ रेल कर्मचारियों की जांच कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। मंडल रेल प्रबंधक आशीष जैन के मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डाक्टर आर. जे. चौधुरी की अध्यक्षता में आयोजित शिविर में

अनंत हॉस्पिटल के चिकित्सकों तथा मंडल चिकित्सालय, वाराणसी के वरिष्ठ नर्सिंग अधीक्षक ने सहभागिता की। जनरल सर्जरी, हड्डी रोग और सामान्य चिकित्सा के विशेषज्ञों ने कर्मचारियों का परीक्षण किया। शिविर में रक्तचाप, मधुमेह, ईसीजी, वजन सहित अन्य जरूरी जांचें की गयीं। जांच के दौरान १० कर्मचारियों में उच्च रक्तचाप, तीन में मधुमेह तथा एक कर्मचारी में मोटापे की पहचान हुई। संबंधित कर्मचारियों को उपचार, खानपान और स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक सुझाव दिये गये। रेल प्रशासन के अनुसार, शिविर का उद्देश्य कर्मचारियों के स्वास्थ्य की नियमित निगरानी, बीमारियों की समय पर पहचान और स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। ऐसे शिविर कर्मचारियों के स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने में सहायक हैं।

बिना लिखित आदेश संवाद रोकने पर हाईकोर्ट सख्त, पुलिस कमिश्नर से जवाब-तलब

शास्त्री घाट पर पिछले २० सितंबर को प्रस्तावित 'नई पीढ़ी संवाद' की अनुमति नहीं देने के मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पुलिस प्रशासन को कटघरे में खड़ा किया है। न्यायमूर्ति अजीत कुमार और न्यायमूर्ति जय कृष्ण उपाध्याय की खंडपीठ ने रोसा के राजेश सचान की याचिका पर सुनवाई करते हुए पुलिस कमिश्नर वाराणसी से हलफनामा तलब किया है। कोर्ट ने २७ अक्टूबर से पहले अनुमति न देने का कारण स्पष्ट करने को कहा है। अदालत ने चेताया कि कारण बताने में विफल रहने पर मामले को गंभीरता से लिया जाएगा। सरकार के स्थायी अधिवक्ता को भी पुलिस से जवाब लेकर कोर्ट को अवगत कराने का निर्देश दिया गया है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता नितिन मिश्रा और संतोष कुमार सिंह ने पक्ष रखा। रोसा के मीडिया प्रभारी आनंद मिश्रा के अनुसार, संगठन शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के संवैधानिक अधिकारों को लेकर पूर्वांचल के दस जिलों में अभियान चला रहा है। इसी क्रम में १-२ नवंबर को वाराणसी में दो दिवसीय कार्यशाला होगी, जिसमें नई शिक्षा नीति, रोजगार, माइक्रोफाइनेंस, सामाजिक अधिकार और संवैधानिक लोकतंत्र जैसे मुद्दों पर चर्चा होगी।

ऑख के फ्रैक्चर की दुर्लभ सर्जरी

साह हास्पिटल में आक्यूप्लास्टी की विशेषज्ञ चिकित्सक डाक्टर श्रेया केशरी द्वारा पटना के 31 वर्षीय युवा के आँख के फेक्चर की दुर्लभ सर्जरी की गयी। डा. श्रेया केशरी ने बताया कि मरीज की एक दुर्घटना में एक आँख

की रोशनी चली गयी थी, जिसमें मवाद बनने से बहुत दर्द भी था। कई जगह दिखाने पर उसे चिकित्सकों ने आँख निकालने की सलाह दी थी। मेरे पास आने पर पहले उसका इन्फेक्शक को ठीक किया फिर १६ अक्टूबर को विश्व प्रसिद्ध सिन्थेसिस टाईटेनियम इम्पलान्ट के साथ सफल सर्जरी की गयी जिसमें चार घण्टे से अधिक समय लगा। डाक्टर श्रेया ने बताया कि पूर्वांचल में की गयी यह पहली सर्जरी है।

दर्शकों से पुलिस कर्मी 'सर' और 'मैडम' कहकर करेंगे सम्बोधित-मोहित अग्रवाल

एयर शो में रहेगी हाइटेक सुरक्षा व्यवस्था, बनाये गये ७९ अस्थायी थाने, प्रत्येक थाने में एक दरोगा, चार पुलिस कर्मियों की रहेगी तैनाती

२२, २४ एवं २५ अक्तूबर को आयोजित होने वाले एयर शो के मद्देनजर ७९ अस्थायी पुलिस थानों में प्रत्येक थाने पर एक उपनिरीक्षक और चार आरक्षियों की तैनाती

रहेगी। साथ ही दर्शकों से शालीन व्यवहार के साथ 'सर' एवं 'मैडम' कहकर पुलिसकर्मी संबोधित करेंगे। ये निर्देश पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल ने ब्रीफिंग के दौरान दी।

उन्होंने अस्थाई थानों पर तैनात पुलिसकर्मी अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमणशील रहकर छतों पर सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग प्रबंधन एवं दर्शकों के सुगम आवागमन को सुनिश्चित करेंगे। महिला दर्शकों की सुरक्षा एवं सहायता के लिए महिला पुलिसकर्मियों की रहेगी तैनाती। नमोघाट से लगभग दो किमी दूर वरुणा नदी के बगल सरायमोहन घाट से खाकी कुटी बाबा मंदिर घाट तक १० ब्लॉक बनाकर दर्शकों के लिए एयर शो देखने की बेहतर व्यवस्था की जा रही है। डुमरी क्षेत्र में भी दर्शकों के लिए बेहतर दृश्यता वाले स्थल विकसित किये जा रहे हैं, जिससे वे सुगम आवागमन के साथ सुविधाजनक स्थानों से एयर शो का आनंद ले सकेंगे। एयर शो को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए पुलिस कमिश्नर ने सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, दर्शक दीर्घाओं, घाटों पर बैरिकेडिंग, आपातकालीन निकासी एवं जनसुविधाओं से संबंधित तैयारियों की ब्रीफिंग के दौरान विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी अधिकारी प्रतिदिन व्यवस्थाओं की समीक्षा करें, जमीनी स्तर पर आने वाली समस्याओं की पहचान कर उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। साथ ही, नवनिर्मित अस्थायी थानों पर तैनात पुलिसकर्मियों से नियमित फीडबैक लेकर उनके सुझावों पर विचार किया जाये ताकि आयोजन के दौरान उत्पन्न होने वाली किसी भी संभावित समस्या का समय रहते प्रभावी समाधान किया जा सके। प्रतिदिन होगी तैयारियों की समीक्षा, जमीनी समस्याओं का निकलेगा समाधान।

जर्जर भवनों की छतों पर भीड़ जुटने से रोकने के निर्देश

एयर शो के आसपास स्थित जर्जर एवं संवेदनशील भवनों को चिन्हित कर उनके स्वामियों को आवश्यक नोटिस दिये जायेगे। भवन स्वामियों को निर्देशित किया जायेगा कि वे भवन की क्षमता से अधिक लोगों को छतों पर एकत्रित न होने दें। संभावित दुर्घटनाओं को रोकने के लिए संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता बरती जायेगी।

चार अलग-अलग ट्रैफिक प्लान से परिस्थितियों के अनुसार होगा यातायात प्रबंधन

एयर शो के दौरान संभावित भीड़ एवं यातायात की विभिन्न परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए चार अलग-अलग स्तर के ट्रैफिक प्लान तैयार किये गये हैं। यातायात व्यवस्था को दो प्रमुख भागों में विभाजित किया गया है : आंतरिक यातायात व्यवस्था,बाह्य यातायात व्यवस्था। दोनों व्यवस्थाओं के अंतर्गत आवश्यकतानुसार बैरियर, डायवर्जन एवं वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किये गये हैं। बाह्य यातायात व्यवस्था के लिए बाह्य डायवर्जन प्लान तथा आंतरिक यातायात व्यवस्था के लिए अलग आंतरिक डायवर्जन प्लान तैयार किया गया है।

काशी विश्वनाथ धाम में सावन के सोमवार जैसी होगी सुरक्षा

२२, २४ और २५ अक्तूबर को उमड़ सकती है लाखों की भीड़, श्रद्धालुओं के सुगम दर्शन के लिए बनी विस्तृत कार्ययोजना

नमोघाट पर २२, २४ और २५ अक्टूबर को प्रस्तावित एयरशो के दौरान उमड़ने वाली संभावित भारी भीड़ को देखते हुए श्री काशी विश्वनाथ धाम प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुगम दर्शन के लिए तैयारियां तेज कर दी हैं।एयरशो के दौरान बड़ी संख्या में लोगों के काशी विश्वनाथ मंदिर पहुंचने की संभावना को देखते हुए धाम में सावन मास के सोमवार की तर्ज पर विशेष भीड़ प्रबंधन एवं सुरक्षा व्यवस्था लागू की जाएगी। इस संबंध में शनिवार को श्री काशी विश्वनाथ धाम के सभागार में मुख्य कार्यपालक अधिकारी सत्यम मिश्र की अध्यक्षता में समन्वय बैठक हुई। इसमें संभावित भीड़ के प्रभावी प्रबंधन, श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और मंदिर परिसर में सुचारु आवागमन

सुनिश्चित करने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि एयरशो के दौरान श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए प्रवेश और निकास मार्गों का सुव्यवस्थित संचालन किया जाएगा। आवश्यकतानुसार बैरीकेडिंग की व्यवस्था की जाएगी, ताकि भीड़ के दबाव को नियंत्रित करने के साथ दर्शनार्थियों का आवागमन सुचारु रखा जा सके। इसके लिए मंदिर प्रशासन, पुलिस और अन्य संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जाएगा। मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी सत्यम मिश्र ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि संभावित भीड़ को देखते हुए श्रद्धालुओं की मूलभूत सुविधाओं और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने प्रवेश एवं निकास मार्गों पर पर्याप्त प्रबंधन, आवागमन को सुगम बनाने और सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूरी करने पर जोर दिया। साथ ही, संबंधित विभागों और कार्यदायी एजेंसियों को आपसी समन्वय के साथ पूरी सतर्कता एवं जिम्मेदारी से अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। बैठक में यह भी तय किया गया कि भीड़ प्रबंधन की व्यवस्थाओं की लगातार निगरानी की जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर तत्काल कदम उठाए जाएंगे, ताकि श्रद्धालुओं को दर्शन-पूजन के दौरान अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े और मंदिर परिसर में अनुशासन एवं सुरक्षा व्यवस्था बनी रहे। एयरशो के मद्देनजर धाम प्रशासन सभी संबंधित विभागों और एजेंसियों के सहयोग से व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने में जुटा है। बैठक में मंदिर प्रशासन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ पुलिस विभाग और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

प्रधानमंत्री के दौरे और वायुसेना प्रदर्शन को लेकर निजी अस्पतालों की जांच

प्रधानमंत्री के २५ अक्टूबर को प्रस्तावित वाराणसी दौरे और २२ से २६ अक्टूबर तक होने वाले भारतीय वायुसेना के एरियल डिस्प्ले-२०२६ के मद्देनजर स्वास्थ्य विभाग ने निजी अस्पतालों की आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डाक्टर एन.पी. सिंह के निर्देश पर नामित नोडल अधिकारी डाक्टर राजेश्वर नारायण सिंह और डाक्टर शिवशक्ति प्रसाद द्विवेदी ने विभिन्न निजी चिकित्सालयों में आरक्षित आपातकालीन एवं गहन चिकित्सा कक्ष (आईसीयू) के बिस्तरों, जीवनरक्षक सुविधाओं और उपचार की तैयारियों का जायजा लिया। अस्पताल प्रशासन को आयोजन की पूरी अवधि में चिकित्सा सुविधाएं सक्रिय रखने और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने के निर्देश दिये गये। साथ ही प्रत्येक अस्पताल में नोडल अधिकारी नामित कर उनका नाम, पदनाम और संपर्क नंबर स्वास्थ्य विभाग को उपलब्ध कराने तथा विभागीय अधिकारियों से समन्वय बनाए रखने को कहा गया। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, निरीक्षण में चिकित्सा व्यवस्थाएं संतोषजनक मिलीं। आयोजन के दौरान आपातकालीन सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए निगरानी जारी रहेगी।

सनी वर्मा बने समाजवादी युवजन सभा के प्रदेश सचिव

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के अनुमोदन पर सनी वर्मा को समाजवादी युवजन सभा का प्रदेश सचिव बनाए जाने पर

पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों में हर्ष का माहौल है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद गिरी की और से दी गई इस जिम्मेदारी पर सनी वर्मा को बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं। कार्यकर्ताओं ने विश्वास जताया कि सनी वर्मा संगठन को मजबूत बनाने के साथ ही युवाओं को पार्टी से जोड़ने और उनकी समस्याओं को उठाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। सनी वर्मा ने नई जिम्मेदारी मिलने पर पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार जताया। सनी ने संगठन की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करने का संकल्प लिया।

विश्व खाद्य दिवस पर गुरुकुल के बच्चों के बीच अन्नदान

विश्व खाद्य दिवस के अवसर पर रोटरी क्लब ऑफ वाराणसी कबीर की ओर से शुक्रवार को नई

बस्ती, रामापुरा स्थित मातृ मंदिर कन्या गुरुकुल में 'अन्नदान - एक भोजन, एक मुस्कान' सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान गुरुकुल में शिक्षा प्राप्त कर रहीं जरूरतमंद बच्चियों को फल, खाद्य सामग्री और अन्य आवश्यक वस्तुएँ वितरित की गईं। कार्यक्रम का नेतृत्व क्लब के अध्यक्ष रोटेरियन डॉक्टर अजय दुबे ने किया। उन्होंने गुरुकुल की संचालिका डॉक्टर गायत्री आर्या को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर बच्चियों को केला, सेब, संतरा सहित विभिन्न फल तथा आटा, चावल, दाल, तेल, चूड़ा, मुरमुरा, मिठाई और अन्य खाद्य सामग्री प्रदान की गई। रोटरी सदस्यों ने आर्थिक सहयोग के साथ स्वयं उपस्थित होकर वितरण एवं व्यवस्थाओं में भागीदारी निभाई। कार्यक्रम में रोटेरियन अमर चंद्र अग्रवाल, रोटेरियन अरविंद कुमार, रोटेरियन अश्विनी सिंह, रोटेरियन अजय कुमार गर्ग, रोटेरियन अशोक राय, रोटेरियन पवन केशरी, रोटेरियन ऋषि उपाध्याय, रोटेरियन शशांक श्रीवास्तव, रोटेरियन सिद्धार्थ मुखर्जी, रोटेरियन देवेश कुमार लाल, रोटेरियन हर्ष गुप्ता, रोटेरियन अमर चंद्र अग्रवाल, रोटेरियन अरविंद कुमार तथा रोटेरियन इवा केतन उपाध्याय सहित क्लब के सदस्यों ने सहभागिता की।

स्नातक एमएलसी चुनाव : देव कुमार ने वाराणसी कचहरी में किया जनसंपर्क

वाराणसी खण्ड स्नातक विधान परिषद निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्याशी देव कुमार (राजू गुप्ता) ने वाराणसी कचहरी परिसर में जनसंपर्क किया। इस दौरान उन्होंने अधिवक्ताओं एवं स्नातक मतदाताओं से मुलाकात की और चुनाव के संबंध में संवाद किया। जनसंपर्क के क्रम में देव कुमार ने कचहरी परिसर में

विभिन्न स्थानों पर उपस्थित अधिवक्ताओं एवं परिचित साथियों से भेंट की। उन्होंने अपने चुनावी अभियान के संबंध में जानकारी साझा की तथा लोगों से बातचीत की। इस अवसर पर उनके साथ मौजूद साथियों ने भी जनसंपर्क में सहभागिता की। इस दौरान राजेश मिश्रा, प्रहलाद तिवारी, लाल रत्नाकर सिंह, विनय कांत मिश्रा, अशोक यादव, पंकज सिंह एवं चन्द्रकान्त सिंह उपस्थित रहे। सभी ने कचहरी परिसर में जनसंपर्क कार्यक्रम में भाग लिया।

पटाखा फैक्ट्री विस्फोट से क्षतिग्रस्त मकान के मालिकों को मिलेगा मुआवजा

प्रदेश सरकार के स्टाम्प मंत्री रवीन्द्र जायसवाल ने शनिवार को गत् दिनों सारनाथ थाना क्षेत्र के पैगंबरपुर में अवैध पटाखा फैक्ट्री में हुए भीषण विस्फोट के घटनास्थल का निरीक्षण किया। सारनाथ थाना क्षेत्र के पैगंबरपुर में अवैध रूप से पटाखे

मौका मुआयना करने पहुंचे स्टाम्प मंत्री ने कहा

बनाने के दौरान हुए भीषण विस्फोट में एक मकान ढह गया तथा आसपास के कई घरों को भारी नुकसान पहुँचा। इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में महिला मोर्चा की नेत्री चंद्रकला के आवास को भी क्षति पहुँची। मंत्री रवीन्द्र जायसवाल ने प्रदेश सरकार के निर्देश पर त्वरित काररवाई करते हुए मुख्य आरोपी राजू खान को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार करने तथा उसके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए पुलिस प्रशासन की सराहना की। उन्होंने बताया कि इस विस्फोट में जो मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं, उनके निर्माण तथा जिन मकानों को आंशिक क्षति पहुंची है, की मरम्मत करने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा मुवायजा दिया जाएगा। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि अवैध गतिविधियों के विरुद्ध सख्त काररवाई और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है।

निरीक्षण के दौरान उत्तरी विधान सभा संयोजक अरविंद सिंह, पूर्व वीसी प्रो. जी. सी. जायसवाल, मंडल अध्यक्ष दिलीप चौहान, मंडल अध्यक्ष अतुल सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष कमलेश सोनकर, पूर्व मंडल अध्यक्ष रतन कुमार मौर्य, पार्षद राजेंद्र मौर्य, पार्षद जितेंद्र कुशवाहा, पार्षद अभय पांडेय, मंडल पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

बीएचयू में उच्च जोखिम वाले नवजातों की निगरानी के लिए हेल्प परियोजना शुरू

दुर्लभ आनुवंशिक और चयापचय सम्बंधी विकारों की समय रहते पहचान पर बल

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के चिकित्सा विज्ञान संस्थान में उच्च जोखिम वाले नवजात शिशुओं की निगरानी और प्रारंभिक हस्तक्षेप को प्रभावी बनाने के लिए हेल्प परियोजना का शुभारंभ किया गया। बाल रोग विभाग की नवजात शिशु चिकित्सा इकाई की ओर से सर सुंदरलाल अस्पताल के डाक्टर्स लाउंज में इस विषय पर सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम एवं कार्यशाला आयोजित की गयी। इस अवसर पर वाइस चांसलर प्रोफेसर अजित कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि देश के विभिन्न क्षेत्रों में नवजात मृत्यु दर में व्यापक अंतर है। समय रहते समस्याओं की पहचान और स्थानीय स्तर पर उपचार की व्यवस्था से स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। कार्यशाला में उच्च जोखिम वाले नवजातों के नियमित मूल्यांकन, विकास संबंधी समस्याओं की शीघ्र पहचान और उचित उपचार पर चर्चा हुई। विशेषज्ञों ने कहा कि सेरेब्रल पाल्सी, आटिज्म और विकासात्मक विलंब जैसी स्थितियों में शुरुआती पहचान और हस्तक्षेप से दीर्घकालिक प्रभावों को कम करने में मदद मिल सकती है। नेशनल नियोनेटोलॉजी फोरम इंडिया और किम्स हेल्थ के सहयोग से संचालित हेल्प परियोजना का उद्देश्य ३० दिन से कम आयु के ऐसे नवजातों में दुर्लभ आनुवंशिक एवं चयापचय संबंधी विकारों की पहचान के लिए विशेषज्ञ मार्गदर्शन और नि:शुल्क जांच उपलब्ध कराना है, जिनमें इन विकारों की आशंका हो। पात्र बच्चों को सरकारी सहायता प्राप्त उपचार योजनाओं का लाभ दिलाने में भी सहयोग किया जाएगा। इस अवसर पर उच्च जोखिम वाले नवजातों की देखभाल पर आधारित पुस्तक का विमोचन भी हुआ।

उत्तर मध्य रेलवे

ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य अभियंता (टीएमसी) लाइन झाँसी निम्नलिखित कार्य के ऑन लाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित की जाती है।

ई-निविदा सूचना सं०	कार्य का नाम
JHS-TMC-08-2026	ऑपरेशन एण्ड मेंटिनेंस कॉन्ट्रेक्ट ऑफ मशीन एसआरजीएम आईआर-20-02 (SRGM-IR-20-02) फॉर टू इयर्स

अनुमानित लागत (Rs.)	धरोहर राशि (Rs.)	निविदा बन्द होने की तिथि	कार्य समापन अवधि
6,79,68,000.00	13,59,400.00	06.11.2026	24 माह

निविदा उनके सामने दर्शायी गई तिथि को 15:00 बजे तक ऑन लाइन जमा कर सकेंगे। पूर्ण विवरण एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर देखें। निविदा सूचना का विवरण उपरोक्त कार्यालय के सूचना पटल पर देखा जा सकता है। 2371/26 (D)

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

उत्तर मध्य रेलवे

टेण्डर सूचना संख्या: वि0/ग0श0यू0/प्रयागराज/ई टेण्डर/2026/74 दिनांक: 16.10.2026

ई-निविदा सूचना

उप मुख्य बिजली इंजीनियर/गति शक्ति यूनिट/उ0म0रे0/प्रयागराजए द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्न कार्य हेतु ई निविदा आमंत्रित की जाती है। जिनका विवरण निम्न प्रकार है।

निविदा सं0: वि0-ग0श0यू0-कार्य ठेका-84-2026 | कार्य अवधि: 12 महीना

कार्य का विवरण: प्रयागराज मण्डल में शिकोहाबाद स्टेशन पर मौजूदा गुड्स शेड के अपग्रेडेशन के कारण कारण 25 के0वी0 ओ0 एच0ई0 में संशोधन का कार्य।

अनुमानित लागत: ₹ 6553017.29 | बिड सुरक्षा राशि: ₹ 131100.00

बोली प्रणाली: एक पैकेट | निविदा बन्द होने की तिथि तथा समय: 09.11.2026, 14:00 बजे

निविदा खुलने की तिथि तथा समय: 09.11.2026, 15:00 बजे

नोट: 1. उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण (निविदा प्रपत्र सहित) वेबसाइट www.ireps.gov.in पर निविदा खोलने की तिथि से 21 दिन पहले से उपलब्ध होगा। 2. उपरोक्त निविदा में ई.बिड के अलावा किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिए कि वे अपने आपको डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। 3. किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिए IREPS की वेबसाइट की हेल्प लाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। 2384/26(AK)

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

उत्तर मध्य रेलवे

ई-प्रापण निविदा सूचना संख्या: 26/49 दिनांक: 16.10.2026

ई-प्रापण निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से **प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज (आई.एस. ओ. 9001:2015 प्रमाणित इकाई)** निम्नलिखित मदों के लिए ई-प्रापण निविदायें आमंत्रित करते हैं।

क्र. सं.	निविदा संख्या	संक्षिप्त विवरण	मात्रा	निविदा खुलने की तिथि
1	6326RGC16	दिस इज टेंडर टू इंटर इन्टू रनिंग कान्ट्रैक्ट फॉर मैनुफैक्चर एंड सप्लाई ऑफ सीएमएस कॉसिंग 52 केजी. 1 इन 12 ड्राविंग नं0 टी-4734 एंड सीएमएस क्रॉसिंग 52 केजी. 1 इन 12 ड्राविंग नं0 टी-4867	327.00 नग	25.11.2026
2	30262821ए	डम्प वाल्व फॉर एलएचबी कोचेज	54 नग	05.11.2026

नोट: उपरोक्त सभी ई-प्रापण निविदाओं का पूरा विवरण IREPS वेबसाईट https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाओं में किसी भी बदलाव/शुद्धि-पत्र के लिए कृपया इस वेबसाईट को नियमित रूप से देखें। समाचार-पत्र मे कोई अलग से शुद्धि-पत्र/परिवर्तन प्रकाशित नहीं किया जाएगा। 2374/26 (A)

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

उत्तर मध्य रेलवे

टेण्डर सूचना संख्या-वि0/ग0श0यू0/प्रयागराज/ई टेण्डर/2026/73 दिनांक : 01.10.2026

ई-निविदा सूचना

उप मुख्य बिजली इंजीनियर/गति शक्ति यूनिट/उ0म0रे0/प्रयागराज, द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्न कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। जिनका विवरण निम्न प्रकार है।

निविदा सं0 : वि0-ग0श0यू-कार्य ठेका-83-2026

कार्य का विवरण : प्रयागराज मण्डल में इलेक्ट्रिक ट्रिप शेड PRYJ में एडवांस ट्रिप मेंटेनेंस सेंटर का प्रावधान के कारण 25 के0वी0 ओ0एच0ई0 में संशोधन का कार्य।

अनुमानित लागत : रू0 17088262.58 | बिड सुरक्षा राशि : रू0 341800.00

कार्य अवधि : 12 महीना | बोली प्रणाली : एक पैकेट

निविदा बन्द होने की तिथि तथा समय : 23.10.2026, 14:00 बजे

निविदा खुलने की तिथि तथा समय : 23.10.2026, 15:00 बजे

नोट:- 1. उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण (निविदा प्रपत्र सहित) वेबसाइट www.ireps.gov.in पर निविदा खोलने की तिथि से 21 दिन पहले से उपलब्ध होगा। 2. उपरोक्त निविदा में ई.बिड के अलावा किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिए कि वे अपने आपको डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। 3. किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिए IREPS की वेबसाइट की हेल्प लाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। 2377/26 (AS)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

एक नजर इधर भी

डांडिया की थाप पर झूमीं छात्राएं, संस्कृति के रंगों से सराबोर हुआ परिसर

धीरेन्द्र महिला पी.जी. कॉलेज में शनिवार को भारतीय संस्कृति की समृद्ध परंपरा के संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से भव्य डांडिया महोत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधान, संगीत की मधुरता, डांडिया की लयबद्ध थाप और छात्राओं के उत्साह ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन तथा

शक्ति की अधिष्ठात्री मां दुर्गा की आराधना के साथ किया गया।कार्यक्रम में संस्था की प्रबंधक अंजू जायसवाल कहा कि भारतीय संस्कृति एवं लोकपरंपराओं के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नवरात्रि का पावन पर्व खास इसलिए भी है कि यह नारी शक्ति, आस्था, संस्कार और सकारात्मक ऊर्जा को प्रवाहित करता है। प्राचार्या डॉक्टर नलिनी मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि संस्थान अपने लक्ष्य पर चलते हुए शिक्षा के साथ-साथ परंपरागत मूल्यों को बढ़ावा देने की दिशा में प्रतिबद्ध है। इस तरह के कार्यक्रम नयी पीढ़ी को जड़ों से जोड़े रखते हुए उनके सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं। ऐसे कार्यक्रम छात्राओं की प्रतिभा निखारने तथा भारतीय परंपराओं से जुड़ने का सशक्त मंच प्रदान करते हैं। इस अवसर पर सभी प्राध्यापक एवं छात्राओं ने उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

नवरात्रि में शक्ति, साहस और आत्मनिर्भरता का संदेश, बालिकाओं ने सीखे आत्मरक्षा के गुर

नवरात्रि के अवसर पर बालिकाओं को सशक्त, आत्मनिर्भर एवं आत्मविश्वासी बनाने के उद्देश्य से आरम्भ स्पोर्ट्स एवं फिटनेस एकेडमी द्वारा मिशन शक्तिसेना अभियान के तहत शनिवार को सारनाथ, आशापुर स्थित

राजनाथ उपवन में नि:शुल्क बालिका आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर एवं शक्ति स्वरूपा नौ कन्या पूजन का आयोजन किया गया। इस पहल के माध्यम से बालिकाओं को आत्मरक्षा के व्यावहारिक गुर सिखाने के साथ-साथ उनमें निर्भीकता, साहस और आत्मविश्वास का संचार करने का प्रयास किया गया, हर घर दुर्गा की संकल्पना को धरातल पर लाने की मुहिम के लिए आयोजित प्रशिक्षण शिविर में १५० से अधिक बालिकाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। शिविर में मुख्य प्रशिक्षक रेन्शी अजीत कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में सेन्सेई गणेश विश्वकर्मा, सेम्पई शिवम पाण्डेय, सेम्पई पंकज सिंह यादव, आकाश सोनकर, आयुष श्रीवास्तव, प्रशान्त रावत, तृषा यादव एवं प्रशान्त सिंह ने बालिकाओं को आत्मरक्षा की विभिन्न व्यावहारिक तकनीकों का प्रशिक्षण प्रदान किया। कार्यक्रम संयोजक अखिलेश कुमार रावत ने कहा कि हम हर वर्ष नवरात्रि में नारी शक्ति के साहस और शक्ति को नमन करने नि:शुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन करते आ रहे है। इस अवसर पर आरम्भ स्पोर्ट्स एवं फिटनेस एकेडमी, उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष एवं संत अतुलानन्द रचना परिषद केसचिव इंजीनियर राहुल सिंह एवं कार्यक्रम संयोजक अखिलेश रावत एवं अन्य सदस्यों ने कन्याओं का पूजन किया। कार्यक्रम में जमुना शुक्ला, मीनू ग्रोवर, रुबी श्रीवास्तव, समाजसेवी प्रियंका शर्मा, अमित राय, उपाध्यक्ष, भाजपा काशी क्षेत्र, सत्येन्द्र शर्मा, निदेशक, मेरा देश मेरा दायित्व, प्रदीप गुप्ता सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

कैंट स्टेशन पर महिला एवं दिव्यांगजन कोचों में विशेष टिकट जांच अभियान

अनधिकृत यात्रा करने वाले ५६ यात्रियों के खिलाफ की गई काररवाई

कैंट रेलवे स्टेशन पर शनिवार को महिला एवं दिव्यांगजन यात्रियों के लिए आरक्षित कोचों में अनधिकृत यात्रा पर रोक लगाने के उद्देश्य से विशेष टिकट जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान गाड़ी संख्या १२३५५ के महिला एवं दिव्यांगजन कोचों में लगभग १२ पुरुष यात्री पाये गये। जिनमें एक यात्री बिना टिकट यात्रा करता मिला। इसी क्रम में गाड़ी संख्या १४००७ में लगभग ९ तथा गाड़ी संख्या १३००९ में लगभग १६ यात्रियों को आरक्षित कोचों से हटाकर सामान्य कोचों में स्थानांतरित किया गया। वहीं, गाड़ी संख्या १५१५९ के आरक्षित कोच में लगभग १९ यात्री पाये गये। जिनमें दो यात्री बिना टिकट यात्रा करते मिले। इनके विरुद्ध नियमानुसार जुर्माने की कार्रवाई की गयी। अभियान के दौरान लगभग ९ यात्रियों को आगे की आवश्यक कार्रवाई के लिए रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) को सौंपा गया। इस अभियान में टिकट परीक्षक कुंवर अभिषेक, सुमित कुमार चौबे, अनुज कुमार, एसएन पांडेय, आरपीएफ के एएसआई एसएन राय, दिलीप सिंह, कांस्टेबल वीरेंद्र मौर्या, मनोज पाल, जितेंद्र कुमार, प्रीति और पूजा शामिल रहीं।

सारनाथ एक्सप्रेस में अनधिकृत ब्रांड का पैकेज्ड पेयजल मिला, पांच पेटियां जब्त कर नष्ट की गयीं

खानपान विभाग की टीम ने शनिवार को कैंट रेलवे स्टेशन से गुजरने वाली ट्रेनों में चेकिंग अभियान चलाया।इस दौरान प्लेटफार्म नंबर चार पर ट्रेन नंबर १५१५९ सारनाथ एक्सप्रेस के टीएसभी में रखे गैर अनुबंधित रायल ब्रांड के पानी की पेटियां सीज की गयी। ट्रेन के टीएसभी से पांच पेटी बरामद हुई। सभी बोतलों पर प्रति बोतल अधिकतम खुदरा मूल्य (स्त्रक्क) २० रुपये अंकित था। इस मामले में कार्रवाई करते हुए कैटरिंग विभाग की टीम ने पेयजल की पांच पेटियों को उतरवाकर जब्त किया और नियमानुसार नष्ट कर दिया। यह कार्रवाई ट्रेनों में अनधिकृत ब्रांड के पेयजल की बिक्री पर रोक लगाने के उद्देश्य से की गयी।

परिषदीय स्कूलों में मनाया गया नवरात्र महोत्सव, हुए डांडिया कार्यक्रम

पिंडरा विकास खण्ड के विभिन्न प्राथमिक विद्यालयों में शनिवार को विविध कार्यक्रम आयोजित में छात्राओं ने नवरात्र माह में देवी दुर्गा के रूप में डांडिया की प्रस्तुति कर वाहवाही लूटी। प्राथमिक विद्यालय जमापुर में आयोजित नवरात्र महोत्सव पर डांडिया उत्सव में छात्राओं ने रंग बिरंगे ड्रेस में गरबा नृत्य की प्रस्तुति कर लोगों का मनमोह लिया। इसके पूर्व आयोजित पैरेंट्स मीटिंग में अभिभावकों ने स्कूल के बेहतरी के लिए सुझाव दिए और स्कूल में प्रतिदिन बच्चों को भेजने का संकल्प लिया। इसके अलावा प्राथमिक विद्यालय फूलपुर, धरसौना, सुरही, समेत अनेक स्कूलों में नवरात्र महोत्सव का आयोजन हुआ। वही कम्पोजिट स्कूल रमईपट्टी में नो बैग डे पर छात्र छात्राओं ने रचनात्मक कार्यो के द्वारा विकसित भारत के छवि को उकेरा। भारत के दर्शनीय एवं ऐतिहासिक चित्रों को रंगों से उकेर अपनी प्रतिभा दिखायी। इस दौरान विद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित रहे।

गोला दीनानाथ में अवैध पटाखा के गोदाम पर छापेमारी, संचालक गिरफ्तार

१०५ क्विंटल ९६ किग्रा पटाखा निर्माण में प्रयुक्त सामग्री बरामद

पुलिस आयुक्त ने निर्देश अपराधों की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये गये अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गोला दीनानाथ स्थित अवैध पटाखा गोदाम पर छापामार कर १०५ क्विंटल ९६ किलोग्राम पटाखा बनाने का सामग्री बरामद कर गोदाम स्वामी को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक दया शंकर सिंह ने बताया कि संबंधित गोदाम स्वामी राजेश कुमार गुप्ता उर्फ राजू गुप्ता पुत्र स्व0 रामनाथ गुप्ता सी ९/१३१ हबीबपुरा थाना चेतगंज का निवासी है । उक्त बरामदगी के संबंध में थाना कोतवाली पर धारा ५/९बी(१)(बी), विस्फोटक अधिनियम, १८८४ एवं धारा- २८८ बीएनएस के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया है। पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि आगामी दशहरा एवं दीपावली के त्योहारों के दृष्टिगत उसके द्वारा पटाखा निर्माण में प्रयुक्त सामग्री का भंडारण किया गया था, जिसे वह विभिन्न क्षेत्रों में पटाखा निर्माण हेतु विक्रय करता था । अभियुक्त के कथनानुसार, वह वर्ष १९९६ से इस व्यवसाय में संलिप्त है । इसी क्रम में कैंट थाना क्षेत्र की कुंज विहार कॉलोनी में शुक्रवार रात पुलिस और क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर रिहायशी मकान से करीब ३० कुंतल अवैध पटाखे बरामद किये। पटाखों का भंडारण करने वाला राहुल गुप्ता पुलिस को कोई वैध लाइसेंस नहीं दिखा सका। पुलिस ने पटाखों को कब्जे में लेकर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। पटाखों के भंडारणकर्ता राहुल गुप्ता पुत्र श्यामसुंदर गुप्ता, निवासी बी-१००१, वरुणा गार्डन, थाना कैंट से लाइसेंस मांगा गया, लेकिन वह कोई वैध लाइसेंस प्रस्तुत नहीं कर सका। काररवाई के दौरान सीएफओ आनंद सिंह राजपूत, इंस्पेक्टर कैंट, एसओजी की टीम, कचहरी चौकी प्रभारी सहित पुलिस बल मौजूद रहा।

विश्वसुंदरी पुल पर लगा भीषण जाम, पुलिस नदारद

लंका मलहिया स्थित विश्वसुंदरी पुल के ऊपर शनिवार दोपहर बाद से देर शाम तक भीषण जाम लग गया। पुल के ऊपर हाईवे के दोनों लेन पर वाहनों की कतारें लग गयीं। जाम से पुल से बढ़कर डाफी की तरफ लौटूवीर पुलिया की आगे तक दो दूसरी तरफ रामनगर की तरफ पुल से ढेंगरा मोड़ पुल के आगे तक हाईव पर वाहनों की लंबी लाइन लग गयीं। हाइवे पर जाम लगने के बाद सफर पर निकले लोग जाम में फंसकर परेशान हो गये। विश्वसुंदरी पुल से लौटूवीर पुलिया के आगे तक जाम लगने के बाद रमना चौकी प्रभारी समेत पुलिस कर्मी जाम लगने के बाद भी बेखबर बने रहें हैं। जिसका खामियाजा राहगीरों ट्रक चालकों और स्थानीय लोगों को उठाना पड़ा हैं। विश्वसुंदरी पुल के ऊपर साफ सफाई का काम चल रहा है। पुल के ऊपर निर्माण कार्य के दौरान एनएचएआई के कर्मचारियों और पुलिस की लचर कार्यप्रणाली के कारण सफाई काम के दौरान ट्रैफिक डायवर्जन की व्यवस्था नहीं किया गया। पुल के ऊपर गाड़ी पहुंचने के बाद ट्रैफिक व्यवस्था नहीं होने से गाड़ी चालकों के ऊपर रुकने से जाम लग गया। पुल पर जाम होने से रामनगर की लीला देखने जाने वाले नित्य लीला प्रेमियों ड्यूटी से वापस लौटने वाले सहित सफर पर निकलने यात्रियों ट्रक चालकों को घंटों परेशान होना पड़ा हैं।

पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने पिंडरा से फूंका चुनावी बिगुल

नकटेश्वरी धाम में मत्था टेका और लिया आशीर्वाद, सरकार पर बोला हमला

पिंडरा। कोलअसला से पांच बार विधायक रहे व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कॉग्रेस अजय राय ने शनिवार को नकटी स्थित नकटेश्वरी धाम से चुनावी शंखनाद किया। इस दौरान विस् क्षेत्र के एक दर्जन बाजारों व गांवो में उनका भव्य स्वागत

किया गया। शनिवार को दोपहर में बाबतपुर से होते हुए नकटी स्थित नकटेश्वरी धाम पहुचे और पूर्व मंत्री ने अजय राय ने ११ बार घंटा बजाकर मां नकटेश्वरी के चौखट पर माथा टेका और २०२७ विस् चुनाव के लिए बिगुल फूंका। इस दौरान लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहाकि पिंडरा मेरा परिवार है। यहां के प्रत्येक परिवार से मेरा घर से लेकर घाट तक का संबंध है। वही अपने पांच बार के विधायकी में किये गए विकास कार्यो का जिक्र किया। इस दौरान प्रदेश सरकार पर हल्ला बोलते हुए कहाकि यह सरकार चंदा चोर ही नही,बल्कि चढ़ावा चोर भी है। शनिवार को पूर्व कॉग्रेस अध्यक्ष अजय राय का पिंडरा विस् क्षेत्र में जगह जगह स्वागत किया गया। नकटेश्वरी धाम से उनका काफिला कठिराव व दबेथुवा से मिराशाह पिंडरा होते हुए वाराणसी के लिए निकला। मिराशाह में डाक्टर भीमराव आंबेडकर का झंडा लिए ग्रामीणों ने स्वागत किया। वही पिंडरा बस स्टैंड व एसबीआई बैक के पास स्वागत किया गया। इस दौरान एमएलसी प्रत्याशी अरविंद पटेल, कांग्रेस के शहर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे, जिला अध्यक्ष राजेश्वर पटेल, जिला पंचायत सदस्य सुशील सिंह, जिला उपाध्यक्ष राजीव राम राजू,मोहसिन राजा शास्त्री, श्रीप्रकाश सिंह, दुर्गेश मिश्रा, विनीत त्यागी, लालजी पांडेय, लाल बहादुर दुबे, गोपाल गुप्ता ,लालजी दुबे, विजय प्रकाश तिवारी,अजय दुबे, कमलेश मिश्रा, मनोज मिश्रा समेत सैकड़ो लोग रहे।

एनसीसी कैडेट्स को दिया जीवनरक्षक प्रशिक्षण

विश्व एनेस्थीसिया दिवस पर रमना स्थित हरसेवा नंद स्कूल में एनसीसी कैडेट्स को सीपीआर और एईडी का जीवनरक्षक प्रशिक्षण दिया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर एन.पी. सिंह के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम का नेतृत्व राजकीय चिकित्सा अधिकारी एवं सीपीआर विशेषज्ञ डॉक्टर शिवशक्ति प्रसाद द्विवेदी ने किया। प्रशिक्षण में उत्तर प्रदेश के आगरा, अलीगढ़, बरेली, गोरखपुर, गाजियाबाद, वाराणसी और चंदौली के साथ आंध्र प्रदेश एवं तेलंगाना के कैडेट्स शामिल हुए। उन्हें हृदयगति रुकने पर तत्काल सीपीआर देने, आपातकालीन चिकित्सा सहायता बुलाने और स्वचालित बाह्य डिफिब्रिलेटर (एईडी) के सही उपयोग की जानकारी दी गयी। डॉक्टर शिवशक्ति प्रसाद द्विवेदी ने कहा कि हृदयगति रुकने की स्थिति में शुरुआती मिनट बेहद महत्वपूर्ण होते हैं। समय पर सीपीआर और एईडी का उपयोग जीवन बचाने में सहायक हो सकता है। उन्होंने 'सीपीआर के बिना किसी की मृत्यु नहीं होनी चाहिए' के संकल्प को दोहराया। कार्यक्रम में कमांडिंग ऑफिसर कर्नल शुकवीर पूनिया, मेजर (प्रोफेसर) लाल बिहारी प्रसाद और कैप्टन रामजी प्रसाद उपस्थित रहे।

प्रवेश शुल्क जमा व परीक्षा आवेदन करने की तिथि ३० तक

काशी विद्यापीठ में शैक्षिक सत्र २०२६-२७ स्नातक, स्नातकोत्तर, व्यावसयिक व अन्य पाठ्यक्रमों के तृतीय सेमेस्टर (समर्थ पोर्टल) की ऑनलाइन प्रवेश शुल्क जमा करने एवं ऑनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र भरने की अन्तिम तिथि ३० अक्टूबर तक विस्तारित कर दी गई है। सहायक कुलसचिव (परीक्षा) अरिन्दम श्रीवास्तव ने बताया कि आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी संबंधित संकाय/ विभाग या महाविद्यालय में जमा करने की अन्तिम तिथि दो नवम्बर है।

भोजूबीर का विजयादशमी २० को

तीन पुतलों का होगा दहन, हजारों श्रद्धालुओं के जुटने की उम्मीद, व्यापारियों और क्षेत्रीय नागरिकों के सहयोग से जारी है परम्परा

श्री रामलीला समिति भोजूबीर मंगलवार २० अक्टूबर २०२६ को दशहरे का भव्य आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर समिति की ओर से तैयारियां की जा रही हैं। इस अवसर पर तीन पुतलों का दहन किया

जाएगा, जिसे देखने और प्रभु श्रीराम के दर्शन करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है। समिति के आयोजन अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता ने बताया कि भोजूबीर की रामलीला वर्षों से क्षेत्रीय व्यापारियों और नागरिकों के सहयोग से निरंतर आयोजित होती आ रही है। जनसहयोग और क्षेत्रवासियों की सहभागिता से यह धार्मिक परंपरा आगे भी जारी रहेगी। वहीं, समिति के महामंत्री विजय अस्थाना ने पत्रकार वार्ता में बताया कि भोजूबीर की रामलीला वर्ष १८८२ से निरंतर आयोजित की जा रही है। इस ऐतिहासिक परंपरा को बनाए रखने में क्षेत्र के प्रबुद्धजनों, व्यापारियों और नागरिकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। दशहरे के दिन तीन पुतलों का दहन कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रहता है। इस दौरान हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर भगवान के दर्शन करते हैं और पुतला दहन देखते हैं। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि आयोजन को सफल बनाने में सभी सदस्य और कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हैं। धार्मिक परंपरा के साथ ही यह आयोजन क्षेत्र में सामाजिक सहभागिता और आपसी सहयोग का भी प्रतीक बना हुआ है।

ये लोग हैं आयोजन से जुड़े

समिति के संरक्षक अरविंद सिंह और महेश्वर सिंह हैं। अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता, उपाध्यक्ष बीरबल यादव, महामंत्री विजय अस्थाना, मीडिया प्रभारी किशन सेठ, कोषाध्यक्ष दीपक जायसवाल, उपमंत्री मनोज कुमार पांडेय, नंदलाल गुप्ता, मुन्नालाल मौर्य, कोषाध्यक्ष राजेश विश्वकर्मा, आनंद गुड्डू, व्यवस्थापक, संगठन मंत्री रोहित गुप्ता, सुरक्षा मंत्री शिवशंकर यादव और गौरव सिंह हैं। इसके अलावा मंच व्यवस्था की जिम्मेदारी स्वतंत्र भारत जायसवाल और कृष्ण मुरारी पाठक संभालते हैं।

निरीक्षक पंकज मिश्रा, रामलीला संचालक प्रमोद मिश्रा और इंद्रदेव सिंह, फील्ड व्यवस्था में मुकेश यादव, मनीष यादव और विनोद यादव, झांकी व्यवस्था में राजेश कुमार जायसवाल, झरी वसूली में अमर गुप्ता और जंगी यादव, आरती में विष्णु प्रसाद, शृंगार व्यवस्था में नीरज कुमार मिश्रा और अनुराग मिश्रा तथा सजावट में रमेश कुमार शर्मा सहित अन्य सदस्य सहयोग करते हैं।

विज्ञान प्रर्दशनी में छात्रों ने दिखाया भारत का भविष्य

स्मार्ट सिटी और सोलर ऊर्जा से संचालित प्रोजेक्ट की हुई प्रस्तुति

पिंडरा। राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के तहत शनिवार को फूलपुर स्थित ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। विज्ञान प्रदर्शनी का उद्घाटन पूर्व ब्लॉक प्रमुख सन्दीप सिंह ने मॉ दुर्गा के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा ऊर्जा संरक्षण, जल संरक्षण और अपशिष्ट पदार्थों के प्रबंध पर आधारित प्रोजेक्ट को प्रदर्शनी के माध्यम से अपने विचार को व्यक्त कर भारत के भविष्य को दिखाया। इस दौरान स्मार्ट सिटी और सोलर ऊर्जा पर स्थापित प्रोजेक्ट को देख अभिभावकों ने सराहना की। प्रबन्धक संजीव सिंह, प्रिंसिपल रामानुज यादव ने स्वागत और आभार व्यक्त किया। इस दौरान एस. के. सिंह, दिनेश सिंह, विशाल सिंह, संजय सिंह, डिम्पल सिंह, दीपमाला सिंह, आरती सिंह, सुरेश यादव समेत अनेक अभिभावक एवं शिक्षक रहे।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता,
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, परिमण्डल-विन्ध्याचल, मीरजापुर।
पताः-जाह्नवी होटल के पास पुतलीघर, मीरजापुर
E-mail ID :- seredmirzapur@gmail.com

ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना(प्रथम काल)

पत्रांक 843 /ग्रा0अ0वि0/निविदा पत्राली सा0कार्य/पत्रा0 सं0 96/अनु0सहा0/2026-27/दिनांक 09.10.2026

महामहिम श्री राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, परिमण्डल विन्ध्याचल, मीरजापुर के द्वारा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उ0प्र0 में ए0,बी0 एवं सी0 श्रेणी में कार्य की लागत की सीमा के अनुरूप मार्ग निर्माण हेतु पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है।कार्य से सम्बंधित विवरण निम्नवत् है:-

क्र0 सं0	जनपद का नाम	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख रू0 में)	बिड सिकुरिटि (इ0एम0डी0) (लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य अथवा निविदा फीस जी.एस.टी. सहित	कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षाऋतु सहित
1	2	3	4	5	6	7
		शक्तिनगर विशेष क्षेत्र विकास प प्राधिकरण (साडा)				
01	सोनभद्र	विकास खण्ड-चोपन के ग्राम पंचायत पनारी टोला फफराकुण्ड मेन रोड से भदहवा शमशान घाट तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण।	133.04	2.66	4044.00	6 माह
02	सोनभद्र	विकास खण्ड- चोपन के ग्राम सेमिया के सरेहवा टोला मे घगसान तिराहा से बजरंगी गोड़ के घर तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण।	37.74	0.76	3094.00	3 माह
03	सोनभद्र	विकास खण्ड चोपन के ग्राम पंचायत चतरवार में पोखरा से राजेन्द्र के घर तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य।	37.82	0.76	3094.00	3 माह
04	सोनभद्र	विकास खण्ड-दुद्धी के ग्राम पंचायत केवाल में लक्ष्मीशंकर गुप्ता के घर से आश्रम तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य।	58.13	1.17	3304.00	4 माह
05	सोनभद्र	ग्राम पंचायत सागोबाँध में मुख्य सड़क से अशोक के घर तक सम्पर्क मार्ग व रिटर्निंग वाल का निर्माण।	41.74	0.84	3134.00	3 माह

2. बेव साइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथिः- 21.10.2026 को दोपहर 12.00 बजे से।
3. ई-निविदा के माध्यम से निविदा डालने की तिथि/समयः-21.10.2026 को दोपहर 12:30 बजे से।
4. ई-निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिए अंतिम तिथि/समयः-06.11.2026 को दोपहर 12:00 बजे तक।
5. ई-निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समयः- 07.11.2026 को अपरान्ह 12:30 बजे।
6. निविदा आनलाईन वेब साइट http//etender.up.nic.in पर उपलब्ध होगा एवं उसी साइट पर डाला जायेगा।
7. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज-10 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी संभावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।

अधिक जानकारी के लिए कृपया वेब साइट http//etender.up.nic.in पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।

उ.प्र.:-258510
दिनांक-16.10.2026

(नूर आलम)
अधीक्षण अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग,
परिमण्डल-विन्ध्याचल, मीरजापुर
श्री राज्यपाल, उ0प्र0 की
ओर से।

वेबसाईटः- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-जौनपुर
E-mail:- eeredjaunpur@gmail.com

निविदा पत्र सं.:- 1731/ग्रा.अ.वि./ई-निविदा/2026-27 दिनांकः- 12.10.2026

ई-निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तर प्रदेश की ओर से ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-जौनपुर में निम्न कार्यों हेतु विभाग में पंजीकृत पात्र ठेकेदारों से प्रतिशत दर पर ई-निविदायें (स्वीकृति की प्रत्याशा में) आमंत्रित की जाती हैं। निविदादाता किसी, एक अथवा समस्त कार्यों हेतु निविदा डाल सकते हैं। निविदा पात्रता हेतु श्रेणी ए.बी.सी.डी. ठेकेदारों को आई.टी.बी. के प्रस्तर 4 में अंकित पात्रता मानक को ध्यान में रखने की सलाह दी जाती है।

क्र. सं.	जनपद	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख में) जी0एस0टी0 सहित	धरोहर धनराशि (रू0 लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (जीएसटी सहित)	कार्य पूर्ण करने की तिथि	अधिशाषी अभियन्ता का पता	अधीक्षण अभियन्ता का पता	जिलाधिकारी का पता
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
		सांसद निधि योजना के 09 कार्य (2026-27)(स्वीकृति की प्रत्याशा में)							
01	जौनपुर	विकास खण्ड बक्शा ग्राम सभा सरायविभार पर सहवां में सीता राम के घर से नहरतक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य।	10.070	0.20140	225+500 +131= 856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
02	जौनपुर	विकास खण्ड शाहगंज सोंधी ग्राम सभा सबरहद में वीरेन्द्र के घर से महावीर के घर तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य।	11.370	0.22740	225+500 +131= 856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
03	जौनपुर	विकास खण्ड सिकरारा ग्रामसभा सिकरारा में राम दवर यादव के घर के बगल पिच रोड से भगौती प्रसाद महा विद्यालय तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य।	14.500	0.29000	225+500 +131= 856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
04	जौनपुर	नगर पालिका जौनपुर में मोहल्ला-डेरायुसुफ वार्ड-1 में मुख्य सड़क से संतोष कुमार मौर्य मुन्ना के घर तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य।	15.250	0.30500	300+500 +144= 944	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
05	जौनपुर	विकास खण्ड सिकरारा ग्राम सभा जमालपुर में राजेश प्रधान के घर के पश्चिम से राज देव बड़े बाबू के घर तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य।	13.600	0.27200	225+500 +131= 856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
06	जौनपुर	नगर पालिका जौनपुर में मोहल्ला-मातापुर में श्री संजय गुप्ता के मकान से स्व0 द्वारिका प्रसाद के मकान तक 120 मी0 सी0सी0 रोड व 120 मी0 नाली निर्माण कार्य।	15.200	0.30400	300+500 +144= 944	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
07	जौनपुर	विकास खण्ड करंजाकला ग्राम ककोरगहना में पिच रोड से मटरू के आवास तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य।	11.010	0.22020	225+500 +131= 856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
08	जौनपुर	विकास खण्ड मछलीशहर ग्राम-सरायबीका में लार्ड बुद्धा नेशनल पब्लिक स्कूल की सड़क से गौतम बस्ती तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य।	13.050	0.26100	225+500 +131= 856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
09	जौनपुर	विकास खण्ड सुजानगंज ग्राम छंगापुर में विकास खण्ड मुख्यालय के सामने मुंगराबादशाहपुर-सुजानगंज रोड से स्व0 श्री माता प्रसाद प्रजापति के घर तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य।	14.680	0.29360	225+500 +131= 856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर

10. कार्य पूर्ण करने की अवधि में वर्षा ऋतु भी सम्मिलित है।
11. बेवसाइट http://etender.up.nic.in पर निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण एवं विस्तृत शर्त तथा बिडिंग डॉक्यूमेन्ट्स आन लाइन8देखे जा सकते हैं।
12. निविदा से सम्बन्धित समस्त अभिलेख वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर 28-10-2026 से 12-11-2026 को दोपहर 12:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकेगें। ई-निविदा http://etender.up.nic.in पर अनिवार्य रूप से आन लाइन अपलोड कर दी जाये एवं आनलाइन प्राप्त समस्त बिडें दिनांक 12-11-2026 को दोपहर 12:30 बजे खोली जायेगी।
13. निविदा प्रपत्र मूल्य की डिमान्ड ड्राफ्ट अधिशाषी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, जौनपुर के पक्ष में देय होगी।
14. निविदा मूल्य एवं धनरोहर धनराशि Internet Banking द्वारा किया जाएगा, जिसका पता बेवसाइट पर उपलब्ध है। (in case of e-tendering)
15. अधोहस्ताक्षरी के पास बिना कारण बताये एक/किसी/समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

eeredjaunpur@gmail.com
Mob. 9801208240

उ.प्र.:- 258454
दिनांकः- 16.10.2026

(नीरज कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-जौनपुर
(महामहिम राज्यपाल उ.प्र. की तरफ से)

वेबसाईटः- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

एक नजर इधर भी

महिला से अश्लील हरकत और जान से मारने की मिली धमकी, मुकदमा दर्ज

भेलूपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बजरडीहा इलाके में एक महिला को घर में अकेला पाकर मानसिक रूप से प्रताड़ित करने, अश्लील हरकतें करने और जान से मारने की धमकी देने का बेहद गंभीर मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने त्वरित काररवाई करते हुए मुख्य आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की कई गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार भेलूपुर थाना क्षेत्र के बजरडीहा के मकदूम नगर मजार के पास रहने वाली पीड़िता ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि उनके पति बाहर रहकर आजीविका कमाते हैं और वह अपने दो मासूम बच्चों उम्र ६-७ वर्ष के साथ घर पर अकेली रहती हैं। आरोप है कि खुर्शीद निवासी देव पोखरी, बजरडीहा और मोहम्मद अमीनुद्दीन (निवासी मदनपुरा) अपने साथ अन्य लोगों को लेकर जबरन उनके घर में घुस आते थे और गलत संबंध बनाने का दबाव बनाते थे। आरोपियों द्वारा अनजान मोबाइल नंबरों से फोन करवाकर लगातार मुझे धमकियां भी दिलाई जा रही थीं। रात में कमरे में घुसकर बदसलूकी, शोर मचाने पर आरोपी फरार हो गया। पीड़िता का आरोप है कि बीते १५ अक्तूबर की रात्रि करीब साढ़े नौ बजे आरोपी मेरे घर के अंदर घुस आया और अश्लील हरकत करते हुए बदसलूकी की। जब पीड़िता ने अपनी इज्जत बचाने के लिए जोर-जोर से शोर मचाया, तब जाकर आरोपी मौके से फरार हुए। घटना के बाद डरी-सहमी पीड़िता ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन (१०७६), वीमेन पावर लाइन (१०९०) के साथ-साथ स्थानीय बजरडीहा पुलिस चौकी पर भी गुहार लगायी थी। इस प्रकरण की गंभीरता और पीड़िता की तहरीर के आधार पर भेलूपुर पुलिस ने नामजद आरोपियों खुर्शीद, अमीनुद्दीन और अन्य अज्ञात के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा १९१(२), ७४, ७५(२),७९, ३३१(२), ३५२, ३५१(२) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

लाखों रुपये हेरा-फेरी के मामले में रेस्टूरेन्ट मैनेजर के खिलाफ मुकदमा दर्ज

भेलूपुर थाना अंतर्गत महमूरगंज स्थित एक नामी रेस्टोरेंट में मैनेजर द्वारा धोखाधड़ी और लाखों रुपये की हेराफेरी का गंभीर मामला सामने आया है। रेस्टोरेंट के आधिकारिक यूपीआई की जगह ग्राहकों से अपने व्यक्तिगत अकाउंट में पैसे ट्रांसफर कराने वाले मैनेजर के खिलाफ भेलूपुर थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जानकारी के अनुसार भेलूपुर थाना क्षेत्र के महमूरगंज (रघुनाथ नगर) स्थित बालाजी पैलेस की पांचवीं मंजिल पर संचालित ईक्षा स्वाद रेस्टोरेंट है। रेस्टोरेंट के प्रोपराइटर विपुल बांका द्वारा दी गयी तहरीर के अनुसार, आरोपी कर्मचारी राकेश कुमार शौडिक ने फरवरी २०२६ में रेस्टोरेंट मैनेजर के पद पर कार्यभार संभाला था। गत तीन अक्तूबर की शाम को रेस्टोरेंट चेकिंग के दौरान आरोपी को होटल के आधिकारिक बार कोड की जगह ग्राहकों से अपने निजी बार कोड खाते में खाने का बिल लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। पूछताछ के दौरान उसने स्वीकार किया कि वह लंबे समय से इस तरह की हेराफेरी कर रहा था। रुपये मांगने पर जान से मारने और होटल फूंकने की धमकी दिया। जब रेस्टोरेंट प्रबंधन ने आरोपी से धोखाधड़ी की धनराशि वापस मांगी और विरोध जताया, तो उसने गाली-गलौज शुरू कर दी।

रावण के पुतले के साथ भीतर के अहंकार-विकार भी जलाएं- डाक्टर दयालु

ब्रह्माकुमारीज के कार्यक्रम में बोले आयुष मंत्री नारी शक्ति ही सृष्टि की शक्ति

नारी शक्ति सृष्टि की आधारशिला है। नवरात्र केवल पूजा-अर्चना का पर्व नहीं, बल्कि नारी के सम्मान, गरिमा और सामर्थ्य को नमन करने का अवसर है। रावण दहन का वास्तविक अर्थ अपने भीतर के काम, क्रोध, अहंकार और अन्य विकारों को समाप्त करना है। यह बात प्रदेश के आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने शनिवार को कही।प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के जवाहर नगर सेवा केंद्र पर नवरात्र और विजयादशमी के अवसर पर आयोजित विशेष आध्यात्मिक कार्यक्रम में मंत्री ने मुख्य अतिथि के रूप में विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में शिव शक्ति दुर्गा की अष्ट शक्तियों के आध्यात्मिक रहस्यों और वर्तमान समाज में रावण दहन की प्रासंगिकता पर चर्चा हुई।. डाक्टर दयालु ने कहा कि ब्रह्माकुमारी बहनें आध्यात्मिकता के माध्यम से समाज को सकारात्मक दिशा देने का सराहनीय कार्य कर रही हैं। उन्होंने सभी को विजयादशमी की शुभकामनाएं देते हुए ब्रह्माकुमारी परिवार के सेवा कार्यों की प्रशंसा की।इससे पूर्व दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मां दुर्गा की आरती और पुष्पांजलि अर्पित की गयी। बीके दुर्गा दीदी, बीके ममता दीदी और बीके डाक्टर आरके सिंह ने आध्यात्मिक विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी रीना तुलस्यान ने किया। इस अवसर पर अग्रवाल समाज के सभापति संतोष अग्रवाल, पीजी कालेज के अध्यक्ष दीपक अग्रवाल, बीएचयू आईआईटी के सेवानिवृत्त प्रोफेसर डाक्टर राम प्यारे, इंद्रेश मिश्रा बबलू, सौरभ पाठक और मंत्री के जनसंपर्क अधिकारी गौरव राठी सहित बड़ी संख्या में ब्रह्माकुमारी परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

काशी विद्यापीठ में उत्तर प्रदेश विधान परिषद के निर्वाचन तिथि २३ अक्तूबर को अवकाश घोषित

काशी विद्यापीठ में वाइस चांसलर प्रोफेसर आनन्द कुमार त्यागी के आदेशानुसार उत्तर प्रदेश विधान परिषद के खण्ड स्नातक के पांच एवं खण्ड शिक्षक के छः निर्वाचन तिथि २३ अक्तूबर को विश्वविद्यालय में अवकाश घोषित किया गया है।

शिक्षा संकाय के अध्यक्ष बने प्रोफेसर शैलेन्द्र कुमार वर्मा

काशी विद्यापीठ शिक्षा संकाय के नये अध्यक्ष प्रोफेसर शैलेन्द्र कुमार वर्मा नियुक्त किये गये हैं। रजिस्ट्रार डॉक्टर सुनीता पाण्डेय ने बताया कि वर्तमान संकायाध्यक्ष प्रोफेसर संतोष कुमार का कार्यकाल १७ अक्तूबर के अपराह्न में पूर्ण होने के फलस्वरूप वाइस चांसलर प्रोफेसर आनन्द कुमार त्यागी के आदेशानुसार प्रोफेसर शैलेन्द्र कुमार वर्मा, शिक्षाशास्त्र विभाग को चक्रानुक्रम से वरिष्ठताक्रम में १८ अक्तूबर के पूर्वाह्न से तीन वर्ष के लिए शिक्षा संकाय का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

मंडुवाडीह में पांच बस-ट्रकों का चालान, दो बसें सीज

यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने और नो-पार्किंग में वाहन खड़ा करने वालों के खिलाफ मंडुवाडीह पुलिस ने अभियान चलाया। मंडुआडीह थाना क्षेत्र में चौकी इंचार्ज प्रवीण सचान के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बौलिया तिराहे से बाटा मोड़ तक काररवाई करते हुए नियमों का उल्लंघन करने वाले पांच तर्क बस वाहनों का चालान और दो बस सीज कर दिया।

सक्का घाट पर ठगी, सोना के बदले में पीतल देकर हड़प लिया १० लाख रुपये, मुकदमा दर्ज

आदमपुर थाना क्षेत्र के सक्का घाट इलाके में शनिवार को सोना के बदले में पीतल देकर दस लाख रुपये की धोखाधड़ी के मामले में आदमपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है। बताया जाता है जितेंद्र सिंह यादव निवासी जमनिया गाजीपुर रहने वाले को एक व्यक्ति का फोन आया जिसपर उसने बताया वाराणसी में नीव की खोदते समय कुछ सोना मिला है जिसको बेचना चाहते है की बात बतायी और् उनको खरीदने का लालच दिया जिसपर वह १६ सितंबर को लालच में आकर अपने दोस्त प्रमोद यादव, अंकित यादव को लेकर वाराणसी के सक्का घाट पहुचा जहाँ पर एक व्यक्ति ने उनको सोने का एक टुकड़ा दिया जिसको लेकर वह गाजीपुर जाकर जांच कराया तो सोना था जब वह विश्वास में आ गये तो दूसरे दिन फिर वही व्यक्ति फोन कर घाट पर सोना देने को बुलाकर पीतल के १२ टुकड़ा दे दिया गया इस घटना के पंद्रह दिन बाद जब उनको शंका हुआ तो जांच कराने सुनार के पास गये जहाँ उनको यह पता चला की पीतल का टुकड़ा देकर दस लाख ले लिया गया है, तो थाना आदमपुर में शुक्रवार को पंहुच एक लिखित तहरीर दिया जिसपर पुलिस ने बी एन एस की धारा ३१८(४) के तहत एक नामजद पता अज्ञात अन्य समेत के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है।

काशी विद्यापीठ। समाज कार्य विभाग में रोजगार दक्षता विकास कार्यक्रम आयोजित

विश्वविद्यालय सेवायोजन सूचना एवं मंत्रणा केंद्र तथा समाज कार्य विभाग, काशी विद्यापीठ और नांदी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को रोजगार दक्षता विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समाज कार्य विभाग में आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ प्रशिक्षक सौरभ ने आगामी जॉब फेयर में अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रोफेसर संदीप गिरी, लखनऊ विश्वविद्यालय ने विद्यार्थियों के लिए रोजगार दक्षता विकास कार्यक्रम को आज की आवश्यकता बताया। मुख्य प्रशिक्षक समीर खोखर ने सभी विद्यार्थियों से पोस्ट असेसमेंट का कार्य कराया। मुख्य अतिथि प्रोफेसर शेफाली ठकराल, विभागाध्यक्ष, मनोविज्ञान रहीं। संचालन डाक्टर प्रभंजन कुमार एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रभारी विभागाध्यक्ष प्रो. भावना वर्मा ने किया। इस अवसर पर समाज कार्य विभाग से प्रोफेसर संजय, प्रोफेसर भावना वर्मा, प्रोफेसर बंशीधर पाण्डेय, प्रोफेसर निमिषा गुप्ता, प्रोफेसर शैला परवीन प्रोफेसर कृष्ण कुमार सिंह, प्रोफेसर चंद्रशेखर सिंह, डाक्टर भारती कुरील, डाक्टर अनिल कुमार, डाक्टर आलोक शुक्ला, डाक्टर प्रभंजन कुमार, आशुतोष द्विवेदी, शिवांश कुमार श्रीवास्तव, रंजित कुमार पूर्वे आदि उपस्थित रहे।

विद्यालय की जमीन व सरकारी बाहा पर भू-माफिया ने किया अवैध कब्जा

राजस्व विभाग की फर्जी रिपोर्ट से प्रबंधक में आक्रोश,एसडीएम तक पहुंचा फर्जी रिपोर्ट का मामला

सेवापुरी। क्षेत्र पंचायत सेवापुरी के राजातालाब तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत जगापट्टी में भुईली व बरेमा के सरहद पर स्थित विद्यालय की भूमि को लेकर बड़ा विवाद सामने आया है। आरोप है कि आराजी नंबर २७१और २२९ की विद्यालय की भूमि व सरकारी बाहा पर एक भू माफिया द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर लेने का मामला प्रकाश में आया है। भूमाफिया द्वारा सरकारी जमीन को अवैध रूप से कब्जा करके अवैध प्लाटिंग का कार्य किया जा रहा है।श्री युगल बिहारी इंटर कॉलेज रामेश्वर के प्रबंधक धर्मेंद्र सिंह पप्पू ने बताया कि उक्त भूमि विद्यालय के नाम दर्ज है, बावजूद इसके राजस्व विभाग व भूमि माफियाओं के मिली भगत से भूमि पर कब्जा कर लिया गया है और उसे टुकड़ों में बेचने के लिए प्लाटिंग की जा रही है।

सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि जब इस मामले की शिकायत राजस्व विभाग से की गई तो मौके पर बिना सही जांच के ही फर्जी रिपोर्ट लगा दी गई। रिपोर्ट में भूमि को सही दिखाया गया, जबकि मौके पर अवैध निर्माण और प्लाटिंग स्पष्ट रूप से देखी जा सकती है।फर्जी रिपोर्ट की जानकारी मिलते ही विद्यालय प्रबंधक भड़क उठे और उन्होंने पूरे मामले की शिकायत उपजिलाधिकारी राजातालाब शांतनु कुमार सिनसिनवार से की है। एसडीएम के पास मामला पहुंचते ही राजस्व विभाग में हड़कंप मच गया है।ग्रामीणों का कहना है कि सरकारी और विद्यालय की भूमि पर इस तरह अवैध कब्जा और फर्जी रिपोर्ट लगाना गंभीर मामला है। लोगों ने मांग की है कि आराजी नंबर २७१ और २२९ की पैमाइश कराकर अवैध कब्जा हटाया जायेऔर फर्जी रिपोर्ट लगाने वाले कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। इस संबंध में जब राजस्व कर्मियों से बात करने की कोशिश की गई तो उन्होंने कुछ भी बोलने से इंकार कर दिया। वहीं एसडीएम कार्यालय से बताया गया है कि मामले की जांच कराकर उचित काररवाई की जाएगी। विद्यालय के प्रबंधक धर्मेंद्र सिंह पप्पू ने कहा कि भूईली - बरेमा के सरहद का सीमांकन के लिए प्रार्थना पत्र दी गई थी, लेकिन राजस्व विभाग के मिली भगत से फर्जी रिपोर्ट लगा दिया गया। उन्होंने दोनों गांव के सरहद का सीमांकन व नाला पर अतिक्रमण हटाये जाने की मांग की है।

एमएलसी चुनाव की तैयारी में ना हो लापरवाही

प्रेक्षक ने की पोलिंग पार्टियों के प्रशिक्षण से लेकर मतपेटियों के सुरक्षित जमा होने तक की तैयारियों की समीक्षा

विधान परिषद के खंड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन की तैयारियों को लेकर शनिवार को प्रेक्षकों ने अधिकारियों के साथ बैठक कर अब तक की व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुरूप चुनाव प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से पूरा कराने के निर्देश दिये। कमिश्नरी सभागार में हुई बैठक में प्रेक्षक जीएस प्रियदर्शी और प्रांजल यादव ने सभी सहायक रिटर्निंग अधिकारियों से तैयारियों की बिंदुवार जानकारी ली। पोलिंग पार्टियों की नियुक्ति और प्रशिक्षण, मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं, पार्टियों की रवानगी और पर्याप्त वाहनों की व्यवस्था पर विशेष जोर दिया गया। प्रेक्षकों ने मतगणना कार्मिकों और माइक्रो आब्जर्वरों की नियुक्ति, मतदान सामग्री की उपलब्धता तथा मतगणना संबंधी तैयारियों की भी समीक्षा की। मतदान के बाद मतपेटियों को

निर्धारित कलेक्शन सेंटर पर समय से और सुरक्षित जमा कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में मंडलायुक्त/रिटर्निंग अधिकारी एस. राजलिंगम, जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार, मुख्य विकास अधिकारी प्रखर कुमार समेत अधिकारी मौजूद रहे। जौनपुर, भदोही, चंदौली, सोनभद्र, गाजीपुर, बलिया और मिर्जापुर के जिलाधिकारी व सहायक रिटर्निंग अधिकारी वीडियो कान्फ्रेंसिंग से जुड़े रहे।

बीएचयू आई बैंक को दान में मिलीं दो कॉर्निया, दो दृष्टिहीनों को मिलेगी रोशनी

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय नेत्र संस्थान स्थित आई बैंक को लाल बहादुर शास्त्री चिकित्सालय, रामनगर के माध्यम से दो कॉर्निया दान में मिली हैं। इनके प्रत्यारोपण से दो दृष्टिहीन व्यक्तियों को निःशुल्क दृष्टि प्रदान करने का प्रयास किया जाएगा। बिहार के रोहतास जिले के औरैया निवासी ददन तिवारी पुत्र परसुराम तिवारी का लाल बहादुर शास्त्री चिकित्सालय, रामनगर में उपचार चल रहा था। उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गयी। इसके बाद उनके पुत्र राजीव कुमार तिवारी ने पिता का नेत्रदान कराने की इच्छा जताई और अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डाक्टर मिश्रा से संपर्क किया। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने बीएचयू के क्षेत्रीय नेत्र संस्थान के विभागाध्यक्ष एवं बीएचयू आई बैंक के चेयरमैन प्रोफेसर आरपी मौर्य से संपर्क किया। उनके निर्देश पर आई बैंक की टीम के आशुतोष त्रिपाठी और डाक्टर दीपक कुमार ने तत्काल नेत्रदान की प्रक्रिया पूरी करायी। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने राजीव कुमार तिवारी को नेत्रदाता परिवार सम्मान पत्र प्रदान किया।

लोकतंत्र अपनाओ-अराजकता हटाओ के नारे के साथ अभाविप ने निकाला तिरंगा यात्रा

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) की महानगर इकाई के तत्वावधान में काशी विद्यापीठ से संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय तक 'लोकतंत्र अपनाओ-अराजकता हटाओ' के नारे के साथ तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस तिरंगा यात्रा के माध्यम से अभाविप ने देश की संवैधानिक एवं लोकतांत्रिक संस्थाओं, विशेषकर निर्वाचन आयोग और न्यायालय की गरिमा को धूमिल करने, उन पर निराधार प्रश्नचिह्न खड़ा करने और उनके विरुद्ध अविश्वास फैलाने के प्रयासों की कड़ी निंदा की। इस दौरान

अभाविप के प्रदेश मंत्री शिवम सिंह ने कहा कि देश की संवैधानिक संस्थाओं की स्वायत्तता और चुनावी सुधार प्रक्रियाओं पर निराधार प्रश्नचिह्न उठाना लोकतांत्रिक मर्यादाओं के सर्वथा विपरीत है। राजनीतिक असहमति की आड़ में देश में अराजकता और अव्यवस्था फैलाने का प्रयास अत्यंत निंदनीय है। देश विरोधी कृत्य करने वाली ऐसी शक्तियों और साजिशों को भारत का जागरूक युवा और छात्र समाज एकजुट होकर मुंहतोड़ जवाब देगा। महानगर मंत्री शिवम तिवारी ने इसे अलोकतांत्रिक मानसिकता का परिचायक बताया। देशों जैसी हिंसा और अस्थिरता फैलाने की बात करना राष्ट्रहित के विरुद्ध है। देश की शांति, अखंडता और संवैधानिक व्यवस्था से खिलवाड़ करने वाले ऐसे किसी भी देश विरोधी कृत्य को कतई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा और भारत की छात्रशक्ति व युवा इसका पूरी ताकत से कड़ा प्रतिकार करेंगे। प्रांत राज्य विश्वविद्यालय संयोजक आकाश प्रताप सिंह ने कहा कि लोकतंत्र में विरोध प्रदर्शन करने का अधिकार सभी को है, लेकिन यह अधिकार जिम्मेदारी और अनुशासन से बंधा हुआ है। इस अवसर पर विभाग संयोजक राजमंगल सिंह, अंकुर तिवारी, राहुल पाण्डेय, विशाल सिंह, गुरुप्रसाद, करण सिंह, शनि आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पारिवारिक कलह में शराबी पति ने फांसी लगाकर किया खुदकुशी

रामनगर। स्थानीय थाने की सूजाबाद पुलिस चौकी अंतर्गत डोमरी गांव में शनिवार को दोपहर में पारिवारिक कलह से उबकर एक शराबी पति ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। परिजनों ने घटना की सूचना ११२ नंबर पर फोन करके पुलिस को दिया द्य जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मृतक कल्लू ३५ वर्ष शराब पीने का आदि था। जिसको लेकर उसकी पत्नी से अक्सर झगड़ा हुआ करता था। वह कोई काम नहीं करता था। पत्नी ही मेहनत मजदूरी करके घर का खर्च चलाती थी। उसको एक पुत्र एवं एक पुत्री बताये गये हैं। एक दिन पूर्व अभी उसकी पुत्री की छेकइया हुआ था। इस बीच किसी बात से नाराज होकर वह अपने घर के कमरे में गया और घर में पंखे के सहारे दुपट्टे का फंदा बनाकर फांसी पर झूल गया। उस समय उसकी पत्नी घर में मौजूद नहीं थी। जब वह घर पहुंची तो खिड़की के रास्ते देखा तो उसका शव कमरे में पंखे के सहारे लटक रहा था। जिसके बाद उसने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसके शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिवार काफी गरीब बताया गया है। पत्नी ही मेहनत मजदूरी करके अपने बच्चों का भरण पोषण कर रही थी। उसकी मौत से परिवार में कोहराम मच गया। अभी उसकी पुत्री का छेकइया हुआ था। अभी उसके हाथ पीले होने बाकी थे। तब तक उसके सिर से पिता का साया उठ गया। उसकी मौत से उसके परिवार में कोहराम मच गया परिजन रोने विलखने लगे।

विशेष मतदाता अभियान में ६३७२ फार्म जमा, नये नाम जोड़ने की होड़

मतदाता सूची में नाम जोड़ने और संशोधन के लिए शनिवार को चलाए गए विशेष अभियान में कुल ६३७२ फार्म प्राप्त हुए। इनमें नये मतदाताओं के लिए ५६६५ फार्म-६, नाम हटाने के लिए ३०३ फार्म-७ और संशोधन व स्थानांतरण के लिए ४०४ फार्म-८ शामिल हैं। अभियान के दौरान बीएलओ बूथों पर एएसडी और मैपिंग सूची के साथ मौजूद रहे। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सत्येंद्र कुमार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी पंकज कुमार सहित संबंधित अधिकारियों ने बूथों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सभी बीएलओ उपस्थित मिले। अधिकारियों ने मतदाताओं की जिज्ञासाओं का समाधान भी कराया। मतदाता सूची में नाम छूटने या संशोधन की स्थिति में संबंधित फार्म भरकर आवश्यक दस्तावेजों के साथ बीएलओ को उपलब्ध कराया जा सकता है। अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची जनपद की वेबसाइट varanasi.nic.in पर उपलब्ध है।

चांदपुर चौराहे पर अनियंत्रित कार का कहर, चार लोग घायल

मडुवाडीह थाना क्षेत्र के चांदपुर चौराहे पर एक अनियंत्रित कार ने पूजा पंडाल के पास लगी दुकान और ठेले में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।हादसे की सूचना मिलते ही मडुवाडीह थाना प्रभारी दिगंबर उपाध्याय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने तत्परता दिखाते हुए सभी घायलों को उपचार के लिए निजी अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया और मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।चौराहे पर हुए इस हादसे के बाद स्थानीय लोगों में चिंता का माहौल है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना के बाद लोगों की भारी भीड़ जुट गयी थी

२५१ कन्याओं का आर्य महिला कॉलेज में हुआ विधि-विधान से पूजन

नवरात्रि के पावन एवं पवित्र अवसर पर शनिवार को आर्य महिला हितकारिणी महापरिषद, वाराणसी के तत्वावधान में आर्य महिला परिसर स्थित श्री ज्ञानानंद जी महाराज सभागार में एक भव्य एवं दिव्य २५१ कन्या पूजन कार्यक्रम का गरिमामयी आयोजन संपन्न हुआ। भारतीय संस्कृति, सनातन परंपरा और नारी शक्ति के प्रतीक कन्या सम्मान की अनूठी विरासत को जीवित रखते हुए आयोजित इस कार्यक्रम से संपूर्ण परिसर भक्तिमय तरंगों एवं उल्लासपूर्ण वातावरण से सराबोर हो उठा। प्रातः ११ बजे वैदिक मंगलाचरण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि कन्याएं साक्षात आद्यशक्ति मां जगदंबा का स्वरूप हैं। हमारी सनातन संस्कृति में कन्या पूजन केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि समाज में मातृशक्ति के प्रति सर्वोच्च सम्मान और बेटियों के संवर्धन एवं उत्थान की

प्रतिबद्धता का प्रतीक है। समारोह के दौरान शास्त्रोक्त विधि-विधान एवं भव्य वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अतिथियों एवं आयोजकों द्वारा २५१ कन्याओं का आदरपूर्वक पैर पखारकर कर तिलक लगाया गया एवं चुनरी ओढ़ाई गयी। तत्पश्चात सभी कन्याओं को सुरुचिपूर्ण महाप्रसाद एवं भोजन कराया गया तथा अतिथियों ने अपने कर-कमलों से उन्हें सुंदर उपहार एवं दक्षिणा भेंट कर स्वयं को धन्य महसूस किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा महानगर महामंत्री पूजा दीक्षित एवं डॉक्टर शशिकांत दीक्षित ने सहभागिता कर आयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा की। कार्यक्रम में चंद्रशेखर प्रमुख रूप से चन्द्रशेखर उपाध्याय, भाजपा महानगर मीडिया संयोजक प्रमील पाण्डेय, अंजना दीक्षित, राजीव रमन राय, राजेश राज, शंभूनाथ उपाध्याय, शंभूनाथ चतुर्वेदी, दीपा अग्रवाल, यशोधरा दीक्षित, सपना सिंह, शिल्पा, दीप्ति, नीलम चौबे, सिम्मी शुक्ला, पूनम गोठी, जया शुक्ला, सहित शहर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे, जिन्होंने कन्याओं का आशीर्वाद प्राप्त

जीवनदीप में फ्रेशर पार्टी का धमाल, 'नौव्यूज' थीम पर सीनियर-जूनियर ने बिखेरे जलवे

बड़ा लोलपुर स्थित जीवनदीप महाविद्यालय के सभागार में शनिवार को ललित कला, बीएससी और पत्रकारिता विभाग की ओर से नव प्रवेशी छात्रों के स्वागत में 'नौव्यूज' थीम पर एक भव्य फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। इस रंगारंग समारोह में बीएड और बीटीसी के सीनियर एवं जूनियर छात्रों ने शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। कड़ी प्रतियोगिताओं और विभिन्न चरणों के आधार पर छात्र-छात्राओं को निम्नलिखित खिताबों से नवाजा गया। जिसमें बीएससी विभाग से हर्षिता (मिस फ्रेशर) और गौरव (मिस्टर फ्रेशर), ललित कला विभाग से नेहा (मिस फ्रेशर) और विकास (मिस्टर फ्रेशर) पत्रकारिता विभाग से पलक (मिस फ्रेशर) और रितेश (मिस्टर फ्रेशर) रहे। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। समारोह में उपस्थित संस्थान की वाइस चेयरमैन डॉक्टर अंशु सिंह ने नये छात्रों का अभिनंदन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की। छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत की गयी रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का बेहद आकर्षक और कुशल संचालन छात्रा आयुषी, परी, आकर्षिता और प्रतिभा ने संयुक्त रूप से किया।

स्वास्थ्य सेवाओं और दिव्यांगजनों की मदद में कारगर होगी कृत्रिम बुद्धिमत्ता

आईआईटी बीएचयू में एसटीपीआई टेक कान्क्लेव, स्वदेशी स्वास्थ्य तकनीकों और नवाचार पर मंथन

स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ, किफायती और प्रभावी बनाने के साथ दिव्यांगजनों को सशक्त करने में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। इसके लिए स्वदेशी तकनीकों के विकास, अनुसंधान और स्टार्टअप को बढ़ावा देना जरूरी है। यह बात इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव एस. कृष्णन ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान

(बीएचयू) में आयोजित एसटीपीआई टेक कान्क्लेव में कही। संस्थान के नवोन्मेष, अभिपोषण एवं उद्यमिता केंद्र और सॉफ्टवेयर टेक्नोलाजी पार्क्स ऑफ इंडिया की ओर से स्वास्थ्य एवं सहायक प्रौद्योगिकियों के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता विषय पर आयोजित सम्मेलन में एस. कृष्णन ने कहा कि इंडिया-एआई मिशन के माध्यम से कृत्रिम बुद्धिमत्ता के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और स्वदेशी तकनीकी आत्मनिर्भरता को बढ़ावा दिया जा रहा है। एआई से दूरस्थ रोगी निगरानी, शुरुआती बीमारी की पहचान और ग्रामीण क्षेत्रों तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने में मदद मिलेगी। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों के लिए उपकरण विकसित करते समय उनकी जरूरतों को ध्यान में रखने तथा रोगियों की गोपनीयता और आंकड़ों की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर जोर दिया। संस्थान के निदेशक प्रोफेसर अमित पात्रा ने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों, चिकित्सकों, उद्योगों और स्टार्टअप के बीच सहयोग से शोध को किफायती स्वास्थ्य समाधानों में बदला जा सकता है। उन्होंने संस्थान के पूर्व छात्रों के नेटवर्क से भी स्टार्टअप के लिए धन जुटाने की बात कही। साफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया के महानिदेशक अरविंद कुमार ने विद्यार्थियों से रोजगार तलाशने के साथ उद्यमिता अपनाने और नए स्टार्टअप स्थापित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संयोजन केंद्र के समन्वयक प्रोफेसर मनोज कुमार मेश्राम ने किया।

जैपुरिया बाबतपुर में सजी 'फैमिली डांडिया नाइट २.०'

भारतीय संस्कृति और लोक परंपराओं को जीवंत करते हुए सेठ एम. आर. जैपुरिया स्कूल्स, बनारस के बाबतपुर कैम्पस में 'फैमिली डांडिया नाइट २.०' का आयोजन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। रंग-बिरंगी सजावट, पारंपरिक परिधानों और संगीत से सजे इस आयोजन में विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे परिसर में उत्सव, उमंग और सांस्कृतिक उल्लास का मनमोहक दृश्य देखने को मिला। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के चेयरमैन दीपक कुमार बजाज, अतिथियों एवं विद्यार्थियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। गणेश वंदना के साथ सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का शुभारंभ हुआ। इसके बाद 'ढोली तारो ढोल बाजे, 'उड़ी उड़ी जाए, 'ढोलीडा' और 'झूम-झूम नाचो' जैसे लोकप्रिय गीतों पर गरबा एवं डांडिया की आकर्षक प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। उत्सव में 'करन लाइव' बैंड की संगीतमय प्रस्तुतियों और डीजे की ऊर्जावान धुनों ने विशेष समां बांधा। संगीत की लय पर बच्चे, अभिभावक और शिक्षक देर तक थिरकते रहे। पारंपरिक नृत्य और आधुनिक संगीत के अनूठे संगम ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया।

बरेका में स्पेशल कैंपन ६.० : इंस्पेक्शन विंग प्राविधिक प्रशिक्षण केंद्र में चला सफाई अभियान

रेल मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के अनुपालन एवं महाप्रबंधक आशुतोष पंत के मार्गदर्शन में बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका), में स्पेशल कैंपेन ६.० के अंतर्गत स्वच्छता, सुव्यवस्थित कार्यस्थल एवं स्वच्छ वातावरण को बढ़ाव

सरयू का रौद्र रूप, नदी में समाई डेढ़ सौ एकड़ उपजाऊ जमीन

दो गांवों के एक दर्जन से अधिक मकानों पर मंडरा रहा कटान का खतरा

बैरिया (बलिया)। सुरेमनपुर दियरांचल में सरयू नदी का जलस्तर घटने के साथ ही कटान ने एक बार फिर विकराल रूप धारण कर लिया है। शुक्रवार की शाम से शनिवार दोपहर तक वशिष्ठ नगर, गोपाल नगर, मानगढ़,गोपाल नगर टाड़ी और शिवाल मठिया गांवों के सामने करीब 150 एकड़ उपजाऊ कृषि भूमि नदी में समा गई। वहीं, गोपाल नगर टाड़ी और शिवाल मठिया के एक दर्जन से अधिक लोगों के मकान कटान के मुहाने पर पहुंच गए हैं। नदी के लगातार बढ़ते कटान से पूरे दियरांचल में अफरा-तफरी और दहशत का माहौल है। ग्रामीणों के अनुसार करीब दो किलोमीटर लंबाई में सरयू नदी तेजी से कटान कर रही

है। वशिष्ठ नगर के विजय सिंह, हंसराज यादव, संतोष यादव, भूटेली यादव, छोटक यादव और मुसाफिर यादव सहित शिवाल मठिया के भोली चौधरी, शिवजी चौधरी, जई चौधरी, धनंजय चौधरी और जीतन चौधरी के मकानों पर कटान का खतरा मंडरा रहा है। ग्रामीणों को आशंका है कि कटान की यही रफ्तार रही तो कभी भी उनके आशियाने नदी में समा सकते हैं। वहीं वीरेंद्र यादव, बलराम यादव, रामबाबू यादव, सुरेंद्र यादव, रामनरेश यादव, योगेंद्र यादव, कैलाश यादव, राजपति यादव, लारा सिंह और निर्भय नारायण सिंह सहित करीब 50 किसानों की लगभग 150 एकड़ उपजाऊ भूमि नदी में विलीन हो चुकी है। खेती की जमीन गंवाने से किसानों के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि कटान की गंभीर स्थिति से प्रशासन को अवगत कराने के बावजूद कोई जिम्मेदार अधिकारी मौके पर स्थलीय निरीक्षण करने नहीं पहुंच रहा है। समय रहते कटान रोकने के प्रभावी उपाय नहीं किए गए तो सुरेमनपुर दियरांचल की बड़ी आबादी और कृषि भूमि पर संकट गहरा सकता है। लगातार हो रहे भू-कटान से ग्रामीणों में अपना गांव और आशियाना बचाने की चिंता बढ़ती जा रही है।

गृह अनुदान से बने मकान भी कटान की चढ़े भेंट

बैरिया। सरयू नदी के कटान से दोबारा मकान गंवा चुके तीन परिवारों ने गृह अनुदान के लिए प्रशासन से गुहार लगाई है। पीड़ितों का आरोप है कि संबंधित लेखपाल ने पूर्व में गृह अनुदान मिलने का हवाला देकर मकान कटने की रिपोर्ट जिला प्रशासन को भेजने से इनकार कर दिया। गोपाल नगर टाड़ी निवासी गणेश यादव, शिवजी यादव और महेश यादव के पुराने मकान करीब तीन वर्ष पूर्व सरयू नदी में समा गए थे। इसके बाद प्रशासन से मिले गृह अनुदान में अपनी रकम जोड़कर तीनों परिवारों ने कटान स्थल से लगभग डेढ़ किलोमीटर दूर नए मकान बनवाए थे। लेकिन इस वर्ष कटान की चपेट में आकर उनके नए मकान भी नदी में विलीन हो गए। पीड़ितों के अनुसार उन्होंने लेखपाल आशुतोष पांडे से मकान कटने की रिपोर्ट जिला प्रशासन को भेजने का आग्रह किया, ताकि उन्हें दोबारा गृह अनुदान मिल सके।आरोप है कि लेखपाल ने दो वर्ष पूर्व अनुदान मिल चुका होने की बात कहते हुए रिपोर्ट भेजने से मना कर दिया।

हाई टेंशन तार की चपेट में आने से झुलसा डीजे आपरेटर

ओबरा(सोनभद्र)। स्थानीय थाना अंतर्गत बाबा धुलाई के पीछे मां शारदा नगर में स्थापित मां दुर्गा पू जा पंडाल में शनिवार की शाम तीन मंजिला घर पर चढ़कर स्पीकर यंत्र लगा रहा एक डीजे ऑपरेटर हाई टेंशन तार की चपेट में आने से झुलस गया। इस घटना में युवक का एक हाथ गंभीर रूप से झुलस गया। घायल युवक को राबर्ट्सगंज के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार चल रहा है। जानकारी के अनुसार ओबरा पीजी कॉलेज के पीछे तथा बाबा धुलाई की पीछे जाने वाले मार्ग पर मां शारदा नगर में इस वर्ष मां कालरात्रि दुर्गा पूजा सेवा समिति द्वारा दुर्गा पंडाल लगाया गया था, जहां आयोजन की तैयारी चल रही थी। शनिवार की शाम लगभग 5रू30 बजे संगम डीजे के ऑपरेटर सूर्य प्रकाश उम्र लगभग 30 वर्ष निवासी गजराज नगर, ओबरा एक तीन मंजिला मकान पर चढ़कर स्पीकर यंत्र लगा रहा था, इसी बीच उसने ऊपर से तार नीचे की ओर फेंका और वह हाई टेंशन तार की चपेट में आ गया, जिससे ऑपरेटर का एक हाथ गंभीर रूप से झुलस गया। घटना के बाद मौके पर हड़कंप मच गया। आयोजन समिति तथा स्थानीय लोगों द्वारा घायल युवक को तत्काल रॉबर्ट्सगंज एक निजी अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया गया। जहां उसका उपचार चल रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही ओबरा थाना प्रभारी निरीक्षक प्रणय प्रसून श्रीवास्तव पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए और घटना स्थल का निरीक्षण किया और लौट गए। वहीं इस संबंध में ओबरा थाना प्रभारी निरीक्षक के सीयूजी नम्बर पर फोन किया गया तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

श्रीनाथ सरोवर में मिला अधेड़ का शव

रसड़ा (बलिया)। श्रीनाथ सरोवर में शनिवार की सुबह एक पच्चपन वर्षीय अधेड़ की शव मिलने से मेला में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची शव को पानी से बाहर निकलवाया। काफी प्रयास के बाद मृतक की पहचान वार्ड नंबर 15 निवासी ईसा कुरेशी 55 वर्ष पुत्र स्वर्गीय ऐनुल हक के रूप में की गई। ईशा कुरैशी शाम से ही अपने घर से लापता था। वह बकरी खासी खरीद बिक्री करता था। परिजन कुछ भी कहने की स्थित में नहीं है। जबकि ईसा कुरेशी की मौत किन परिस्थितियों में हुई, यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। पिछले वर्ष भी इसी सरोवर में मेला के समय एक व्यापारी डूब कर मर गया था। प्रभारी निरीक्षक सुशील कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

ट्रक की टक्कर से सिपाही की मौत

नरहीं (बलिया)। गोरखपुर में तैनात सिपाही की ड्यूटी के दौरान ट्रक की टक्कर से मौत होने के बाद शनिवार की शाम जैसे ही शव घर पहुंचा वहां मौजूद सभी की आंखें नम हो गई दरवाजे पर ही गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। रविवार को बड़का खेत पलिया खास गंगा तट पर अंतिम संस्कार किया जाएगा। थाना क्षेत्र के बड़का खेत पलिया खास गांव निवासी अर्जुन गोंड 32 वर्ष शुक्रवार की देर रात सरकारी कागजात लेकर बाइक से सीओ के यहां जा रहें थे कि झंगहा थाना क्षेत्र के दुबियारी पुल के पास देवरिया से गोरखपुर के तरफ जा रही ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दिया जिससे उनकी मौत हो गयी। घटना की जानकारी परिजनों को हुई तो कोहराम मच गया। शनिवार को

दिन भर अर्जुन के घर शुभचिंतकों का तांता लगा रहा। गांव में भी शोक की लहर दौड़ गई। अर्जुन गोंड की भर्ती 15 मई 2016 को हुई थी वह 18 दिसंबर 2025 को झंगहा थाने पर तैनात थे। अर्जुन गोंड की पत्नी पिंकी बेटी खुशी 11, बेटा अंकुश 8 साल का रोते रोते बुरा हाल है। अर्जुन का छोटा भाई दीपू घर पर कृषि कार्य करते हैं। शाम को शव पहुंचते तथा कुछ परिजनों के बाहर होने के कारण रविवार को अंतिम संस्कार किया जाएगा। गार्ड ऑफ ऑनर में झंगहा थानाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र सिंह नरहीं थाना प्रभारी अनुपम जायसवाल सहित दर्जनों पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

स्टेशन मास्टर पर बदमाशों ने किया हमला

बलिया। ड्यूटी से घर लौटते समय बांसडीह रोड रेलवे स्टेशन पर तैनात स्टेशन मास्टर पर बदमाशों ने हमला कर दिया। स्टेशन मास्टर की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी है। शहर कोतवाली क्षेत्र के सतनी सराय (भृगु आश्रम) निवासी रवीन्द्र नाथ चौबे बांसडीहरोड रेलवे स्टेशन पर स्टेशन मास्टर के पद पर कार्यरत हैं। गुरुवार को वे ड्यूटी समाप्त कर अपने घर जा रहे थे। अभी वे मझौली स्थित पैरामाउंट स्कूल से थोड़ा पहुंचे, तभी 3-4 लोगों ने उन पर लाठी डंडे से हमला कर दिया। हमले में उनके दोनों हाथों में गंभीर चोट आई। आरोप है कि हमलावरों ने गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी।

अर्थ-व्यापार समाचार...

फिलिप्स होम अप्लायंसेज की बड़ी पेशकश

प्रयागराज- पिछले त्योहारी सीजन में सोने पे सुहागा कैंपेन की कामयाबी के बाद फिलिप्स होम अप्लायंसेज इस बार और बड़ी पेशकश 'सोने पे डबल सुहागा' के साथ लौटा है। त्योहार पर किए अपने वादे को कंपनी अब एक कदम और आगे ले जा रही है। ऑफर में शामिल फिलिप्स होम अप्लायंसेज खरीदने पर ग्राहकों को तोहफा मिलना तय है। इसके साथ उनके पास हर घंटे 9,999 रुपये का सोना और हर दिन 50,000 रुपये का हीरा जीतने का मौका भी होगा, जो त्योहारी खरीदारी का रोमांच और बढ़ा देगा। इस कैंपेन पर वर्सुनी इंडिया की चीफ मार्केटिंग ऑफिसर पूजा बैद ने कहा सोने पे सुहागा को जो प्रतिक्रिया मिली उससे हमें समझ आया कि ग्राहक त्योहारों पर आम ऑफर्स से कुछ अलग अनुभव पसंद करते हैं। इस साल हम उसी को आगे बढ़ाते हुए ऐसी पेशकश लाना चाहते थे जिसमें तय फायदा भी हो और कुछ खास जीतने का रोमांच भी। सोने पे डबल सुहागा के तहत ऑफर में शामिल फिलिप्स होम अप्लायंसेज खरीदने वाले ग्राहकों को खरीद पर तोहफा मिलेगा। साथ ही उनके पास हर घंटे सोना और हर दिन हीरा जीतने का मौका भी होगा। साल का यह समय पहले से ही खास होता है। हम इसमें खुशी सरप्राइज और कुछ बड़ा पाने की उमंग जोड़कर त्योहारी खरीदारी को ग्राहकों के लिए और फायदेमंद बनाना चाहते हैं।

मां की जयकारे से गूंजा आदिशक्ति दरबार, उमड़े आस्थावान

विंध्याचल। शारदीय नवरात्र की सप्तमी तिथि पर भक्तों ने भक्ति भाव से देवी दर पर मत्था टेका।मां विंध्यवासिनी मंदिर से लेकर अष्टभुजी देवी व काली खोह में विराजमान काली माता धाम में भक्तों की भारी भीड़ रही। देवी भक्त माता की भव्य

माता के भव्य स्वरूप का दर्शन कर भक्त हुए निहाल, मंदिर के बाहर लगी लंबी कतारें

स्वरूप का दर्शन पाकर विभोर हो उठे। माता की जय जयकार से आदिशक्ति दरबार गूंज उठा । विंध्य दरबार पहुंचे नर नारियों ने दर्शन पूजन कर सुख समृद्धि की कामना की। शारदीय नवरात्र की सप्तमी को देवी मंदिर में जगत जननी का दर्शन करने को श्रद्धालुओं का रेला उमड़ पड़ा। जगमग करते मंदिर और माता के भव्य स्वरूप के आगे भक्त शीश नवाते रहे। विंध्य नगरी आराधक, उपासक और साधकों से गुलजार नजर आया।

देवी दरबार आए सभी भक्तों पर आदिशक्ति की भक्ति का रंग चढ़ा नजर आ रहा था। विंध्याचल मंदिर में श्रद्धालुओं का हुजूम ब्रह्म मुहूर्त से ही मंदिर पहुंचने लगा था और यह क्रम देर रात तक अनवरत चलता रहा। नवरात्र की सप्तमी पर देवी मंदिर प्रांगण छत के परिसर में दुर्गा चालीसा एवं दुर्गा स्तुति के धीर गंभीर स्वर मुखरित होते रहे। वहीं, घंटा घड़ियाल और माता के जयकारा से धाम परिसर रह रहकर गूंजता रहा। भोर में ही विंध्य की गलियां श्रद्धालुओं से पटी नजर आई। माता के मंगल आरती के पश्चात मंदिर के गर्भ गृह का कपाट खुला, कपाट खुलते ही दर्शन का क्रम शुरू हो गया। श्रद्धालुओं ने माता को पुष्प, नारियल, चुनरी अर्पित कर पूजन अर्चन किया। मंदिर पहुंचने के बाद किसी ने गर्भ गृह में जाकर तो किसी ने झांकी से माता के दिव्य स्वरूप का दर्शन किया। मां विंध्यवासिनी के दर्शन पूजन के उपरांत श्रद्धालु शीश नवा कर आशीष मांगे। किसी भक्त ने मन्नतो की चुनरी चढ़ाई तो किसी ने माता के आगे झोली फैलाई। आदिशक्ति का दर्शन करने के बाद श्रद्धालु अष्टभुजा पहाड़ पर विराजमान महाकाली और मां अष्टभुजी के दरबार में जाकर मत्था टेक कर मंगल कामना की। सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टिगत मेला क्षेत्र में चप्पे चप्पे पर पुलिस बल की तैनाती देखी गईं।

ट्रेन की चपेट में आने से मूक-बधिर की मौत

बरसठी। थाना क्षेत्र के बरसठी रेलवे हाल्ट पर शनिवार सुबह सुहेलदेव एक्सप्रेस की चपेट में आने से 50 वर्षीय मूक-बधिर विनोद कुमार पांडेय की मौत हो गई,वह सरसरा गांव निवासी ठाकुर प्रसाद पांडेय के पुत्र थे, बताया गया कि सुबह शौच के लिए गए विनोद हादसे का शिकार हो गए, सुबह करीब 6:15 बजे आनंद विहार से गाजीपुर जा रही सुहेलदेव एक्सप्रेस (22434) हॉल्ट से गुजर रही थी। इसी दौरान हादसा हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू की, अविवाहित विनोद चार भाइयों में तीसरे नंबर पर थे। शव के कारण आधे घंटे रुकी पैसेंजर, सुबह करीब 8:10

बजे जौनपुर से प्रयागराज जा रही एजे पैसेंजर (54214) ट्रैक पर शव पड़े होने के कारण स्टेशन पर खड़ी रही,आधे घंटे से अधिक विलंब के बाद शव हटाया गया, जिसके बाद ट्रेन रवाना हुई, प्रभारी निरीक्षक जय प्रकाश यादव ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 सीआरपीसी/84 बीएनएसएस देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सुनीता मौर्या** पत्नी: **अशोक कुमार मौर्या**, प्रापराइटर/अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता मेसर्स साई कृषि सेवा केन्द्र पता: मकान नं. 23, नगर पालिका वार्ड नं. 23, अदित्य भोला महल-2, थाना कोतवाली, राबर्ट्सगंज, जिला सोनभद्र-231216, उत्तर प्रदेश ने case CC No. 18864/2018 U/s 138 NI Act, थाना: दरियागंज, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सुनीता मौर्या** मिल नहीं रही है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सुनीता मौर्या** फरार हो गयी है (या उक्त वारट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case CC No. 18864/2018 U/s 138 NI Act, थाना- दरियागंज, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **सुनीता मौर्या** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद/मुकदमा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 23.11.2026** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री प्रांजल गंगवार
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी (एनआइ एक्ट)-03
केन्द्रीय जिला, रूम नं. 202, दूसरी मंजिल
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/14819/CD/2026 (Court Matter)

पैगंबरपुर विस्फोट घटनास्थल का राज्य मंत्री हंसराज विश्वकर्मा ने किया निरीक्षण, पीड़ितों को मदद का दिलाया भरोसा

सारनाथ थाना क्षेत्र के पैगंबरपुर में अवैध पटाखा निर्माण के दौरान हुए भीषण विस्फोट से प्रभावित घटनास्थल का शनिवार को सायं चार बजे राज्यमंत्री हंसराज विश्वकर्मा ने निरीक्षण किया। इस घटना में एक मकान ध्वस्त हो गया तथा आसपास के कई मकानों को भारी क्षति पहुँची। भाजपा महिला मोर्चा की नेत्री श्रीमती चंद्रकला जी का आवास भी प्रभावित हुआ। मंत्री जी ने पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर हरसंभव सहायता का आश्वासन

दिया।उन्होंने क्षेत्रीय विधायक एवं स्वतंत्र प्रभार मंत्री रविंद्र जायसवाल से वार्ता कर पीड़ितों को मदद दिलाने तथा प्रशासनिक अधिकारियों को क्षतिग्रस्त मकानों की मरम्मत और पुनर्निर्माण के लिए त्वरित काररवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने मामले में मुख्य आरोपी राजू खान के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई तथा जनपद में अवैध पटाखा निर्माण इकाइयों की जांच कर उन्हें बंद कराने पर जोर दिया, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।इस अवसर पर श्री विश्वकर्मा सभा के अध्यक्ष एवं भाजपा नेता सोमनाथ विश्वकर्मा, अनिल शर्मा, संतोष विश्वकर्मा, अजय विश्वकर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

कपड़ा उद्योग को नई दिशा देगा इंडियाआईटीएमई

वैश्विक वस्त्र उद्योग के तकनीकी नवाचार और व्यापार का प्रमुख मंच इंडिया आयटीएमई २०२६ इस दिसंबर में दुनिया भर के कपड़ा मशीनरी निर्माताओं, अभियांत्रिकी विशेषज्ञों और उद्योग जगत के दिग्गजों को एक साथ लाने के लिए तैयार है। चार से नौ दिसंबर तक ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो मार्ट लिमिटेड में आयोजित होने वाला यह भव्य आयोजन वस्त्र मशीनरी और अभियांत्रिकी क्षेत्र के संपूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र को एक ही छत के नीचे लाएगा। यह मंच उद्योग जगत के लिए नई तकनीकों, नवाचारों, व्यावसायिक अवसरों और वैश्विक साझेदारियों के नए रास्ते खोलेगा।भारत सरकार के भारी उद्योग मंत्रालय और वस्त्र मंत्रालय के सहयोग से आयोजित इंडियाआईटीएमई में ८० से अधिक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय इंडस्ट्री एसोसिएशनों के समर्थन और सहभागिता के साथ, वस्त्र मशीनरी एवं कपड़ा अभियांत्रिकी क्षेत्र को एक साझा मंच पर लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

पेड़ से लटका मिला अधेड़ का शव

बलरामपुर, आजमगढ़। तहबरपुर थाना क्षेत्र के महुवार गांव में शुक्रवार की दोपहर राम-जानकी मंदिर के पास झाड़ी में पेड़ से लटकता शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान गांव निवासी 50 वर्षीय राजेश पासवान के रूप में हुई। परिजनों के अनुसार, राजेश पासवान की मानसिक हालत ठीक नहीं रहती थी। शुक्रवार की दोपहर वह घर से निकले थे। इसके कुछ देर बाद गांव से करीब आधा किलोमीटर दूर रामजानकी मंदिर के पास झाड़ी में पेड़ से लटकता उनका शव मिला। शव देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल की। राजेश की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था।

भूमि विवाद में घायल अधेड़ की इलाज के दौरान मौत

डोभी। चंदवक थाना क्षेत्र के परसादीपुर गांव में भूमि विवाद को लेकर गुरुवार शाम दो पक्षों के बीच हुए खूनी संघर्ष में गंभीर रूप से घायल राजकुमार गोड़ (42) की शुक्रवार रात समय 11 बजे वाराणसी स्थित ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान मौत हो गई। मारपीट के दौरान राजकुमार के सिर में गंभीर चोट आयी थी। पोस्टमार्टम के बाद शव घर लाते समय दोपहर में मोढ़ेला बाजार व बरामनपुर गेट पर परिजनों व ग्रामीणों ने जाम लगा दिया। सूचना पर मय फोर्स पहुंचे थानाध्यक्ष प्रवीण यादव ने जाम को समझा बुझाकर खुलवाया। गुरुवार शाम करीब पांच बजे भूमि विवाद को लेकर दोनों पक्षों में पहले कहासुनी हुई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और दोनों ओर से लाठी-डंडे चलने लगे। इस दौरान राजकुमार गोड़ गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीरीबारी ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने हालत नाजुक देखते हुए वाराणसी के ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। वहां उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया।

छह लोगों के खिलाफ दर्ज हुआ था मुकदमा, पुलिस बढ़ाएगी धाराएं

पुलिस ने मामले में दोनों पक्षों के कुल छह लोगों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज किया था। राजकुमार की मौत के बाद पुलिस मुकदमे में आवश्यक धाराएं बढ़ाने की कार्रवाई कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

तीन बच्चों के सिर से उठा पिता का साया

राजकुमार अपने पीछे दो बेटे और एक बेटी छोड़ गए हैं। बड़ा बेटा कृष्णकांत (20) कक्षा 12वीं पास करके आईटीआई कर रहा है , जबकि छोटा बेटा रविकांत (18) कक्षा 12वीं में पढ़ता है। बेटी रागिनी (14) कक्षा दसवीं की छात्रा है। पिता की मौत से तीनों बच्चों के सिर से साया उठ गया। पत्नी ममता और माता हिरावती का रो-रोकर बुरा हाल है। वृद्ध पिता रामरूप के सामने बेटे की अर्थी उठते वक्त माहौल बेहद गमगीन हो गया ।

बंजर की जमीन को लेकर चला आ रहा है विवाद

मृतक की बहन आशा के अनुसार पिछले कई वर्षों से उनके भाई मृतक राजकुमार गोड़ और राजकुमार वर्मा के बीच बंजर की भूमि को लेकर विवाद चला आ रहा है। उन्होंने बताया कि यहां पर हमारे भाई का दो बीघा जमीन है जिसके पास विपक्षी आकर घर बना लिया है और आए दिन जमीन को कब्जा करने का काम किया करता है।

यात्री बन्धुओं के लिये आवश्यक सूचना

1. रेलवे ट्रैक, स्टेशन एवं समपार फाटकों गेटों के आस-पास भीड़ एकत्रित न करें, यह खतरनाक हो सकता है।
2. रेलगाड़ी के डिब्बों में स्टोव जलाना, आतिशबाजी का सामान, बारूद से बनी वस्तुएँ, गैस सिलिण्डर, तेजाब, फिल्म एवं पेट्रोल जैसे अन्य ज्वलनशील वस्तुओं को साथ लेकर यात्रा न करें। इन वस्तुओं से आग लग सकती है। यह भारतीय रेल अधिनियम 1989 के अनुच्छेद 164 के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध है।
3. यात्री इस प्रकार के ज्वलनशील एवं खतरनाक विस्फोटक वस्तुओं को गाड़ी एवं स्टेशन प्लेटफार्म पर देखें तो तुरन्त इसकी सूचना गार्ड/टीटीई, स्टेशन मास्टर या रेलवे पुलिस को दें, इसी में आपकी एवं सभी यात्रियों की सुरक्षा है।
4. टिकट चेकिंग स्टाफ यदि किसी यात्री को ऐसे ज्वलनशील एवं खतरनाक विस्फोटक वस्तुओं के साथ यात्रा करते हुए पाते हैं, तो उन्हें उतरवा कर उनके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करेंगे।
5. गाड़ी के छत एवं पायदान पर यात्रा न करें, यह जानलेवा एवं दण्डनीय है।
6. एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म पर जाने के लिए पैदल उपरिगामी पुल, लिफ्ट/एस्केलेटर/समपार/अण्डरपास का उपयोग करें।
7. सड़क उपरिगामी पुल से होकर रेलवे लाइन पार करे।
8. स्टेशन परिसर एवं गाड़ियों में स्वच्छता बनाए रखें।

पूर्वोत्तर रेलवे
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ
मुजाधि/संरक्षा-01
nerailwaygkp | nerailwaygkp | nerailwaygkp
@n.e.railwaygkp | www.ner.indianrailways.gov.in

मुठभेड़ में गो-तस्कर घायल, गिरफ्तार

बलिया। गड़वार थाना क्षेत्र में पुलिस और गोतस्कर के बीच मुठभेड़ हो गई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में आरोपी सुगनी नट के बाएं पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने उसके कब्जे से .315 बोर का एक अवैध तमंचा, दो खोखा कारतूस और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। घायल आरोपी को उपचार के लिए सीएचसी रतसर भेजा गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस के अनुसार गड़वार थाने की पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त और चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि शाहपुर नट बस्ती के पास नहर किनारे पुलिया के समीप एक संदिग्ध मौजूद है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो आरोपी ने खुद को घिरता देख पुलिसकर्मियों पर कथित तौर पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस के मुताबिक, आत्मरक्षा में की गई जवाबी कार्रवाई में आरोपी के बाएं पैर में गोली लगी। इसके बाद पुलिस ने उसे पकड़ लिया और उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सुगनी नट पुत्र अजीज नट उर्फ परशुराम नट, निवासी आलमपुर, थाना गड़वार, बलिया के रूप में हुई है। उसकी उम्र करीब 32 वर्ष बताई गई है। पुलिस का कहना है कि पूछताछ में आरोपी के अपने साथियों के साथ मिलकर आवारा गोवंश को वाहनों में लादकर वध के लिए बिहार ले जाने की घटनाओं में शामिल होने की जानकारी मिली है। मामले में पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड

IDFC FIRST Bank

(पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)
सीआईएन: एल 65110टीएन2014पीएलसी097792, पंजीकृत कार्यालय:-केआरएम टावर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेतपेट, चेन्नई 600031 दूरभाष: 91 44 4564 4000 | फैक्स: 91 44 4564 4022

वित्तीय प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण की धारा 13 (2) के तहत सूचना संपत्ति और सुरक्षा हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002

निम्नलिखित उधारकर्ताओं और सह-उधारकर्ताओं ने आईडीएफसी फर्स्ट बैंक से नीचे दिए गए सुरक्षित ऋणों का लाभ उठाया लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में के रूप में जाना जाता है आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड) नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं और सह-उधारकर्ताओं के ऋण निम्नलिखित हैं उनके संबंधित संपत्तियों के बंधक द्वारा सुरक्षित। वे शर्तों का पालन करने में विफल रहे हैं और संबंधित ऋण समझौतों की शर्तें और अनियमित हो गई थीं,उनके ऋण को एनपीए के रूप में वर्गीकृत किया गया था सरफेसीआई के दिशानिर्देशों के अनुसार (आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड) को उनके द्वारा देय राशि, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) का उल्लेख किया गया है संबंधित नोटिसों के अनुसार विशेष रूप से निम्नलिखित तालिका में वर्णित और आगे की ब्याज उक्त राशि भी लागू होगी और उसी से अनुबंध की दर के अनुसार शुल्क लिया जाएगा उनकी संबंधित तिथियां।

क्र. सं	ऋण खाता सं.	ऋण का प्रकार	धारा 13 (2) नोटिस की तारीख	सूचना के अनुसार बकाया राशि प्रति धारा 13 (2)
1	145849335	होम लोन	19-सितम्बर-2026	7,64,749.71/-

उधारकर्ताओं और सह-उधारकर्ताओं का नाम: 1. डब्बू चौहान 2. वितनु चौहान

संपत्ति का पता: संपत्तिभूमि क्षेत्र 220 वर्ग मीटर के(0.022 हेक्ट.773),आराजी 773, मौजा: अलीपुर, परगना: मोहम्मदाबाद गोहाना, तहसील: सदर, जिला: मऊ, उत्तर प्रदेश-275101, और चौहद्दी: पूर्व: भूमि सुरेश चौहान, पश्चिम: रामकरण यादव की भूमि, उत्तर: अलीपुर से कुश मौस रोड, दक्षिण: जयराम यादव की भूमि

आपको इसके द्वारा आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट) की राशि का भुगतान करने के लिए कहा जाता है लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के रूप में जाना जाता है सीमित) उपरोक्त तालिका में दिखाए गए विवरण के अनुसार, इसके बाद अनुबंधित ब्याज दर से उनकी संबंधित तिथियों और अन्य लागत, शुल्क आदि । इस प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों के भीतर ऐसा न करने पर अधोहस्ताक्षरी धारा 13 (4) के अधीन कार्यवाही आरंभ करने के लिए विवश होगी और सरफेसी अधिनियम की धारा 14, यहां उल्लिखित गिरवी रखी गई संपत्तियों के खिलाफ आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड) के कारण राशि का एहसास करें, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) । इसके अलावा आपको उक्त अधिनियम की धारा 13 (13) के तहत उक्त सुरक्षित को स्थानांतरित करने से प्रतिबंधित किया गया है आरियों या तो बिक्री द्वारा के रूप में या अन्यथा द्वारा प्रतिवादित किया जाता है।

एसडी / - प्राधिकृत अधिकारी
दिनांक 19.10.2026 आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड के साथ समामेलित
स्थान: उत्तर प्रदेश आईडीएफसी बैंक लिमिटेड और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)

एक-एक वोट एनडीए के खातेमें जाना चाहिए-अनुप्रिया

प्रतापगढ़ (एजेंसी)। अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने शनिवार को जीआईसी मैदान में आयोजित डॉ. सोनेलाल पटेल के परिनिर्वाण दिवस पर कहा कि एक-एक वोट एनडीए गठबंधन के खाते में जाना चाहिए। उन्होंने बिना

पिछड़ा वर्ग की अनदेखी का जवाब वोट से देना है

पार्टी का नाम लिए कहा कि जिन लोगों ने केंद्र और राज्य सरकार की सत्ता का स्वाद चखा, उन्होंने कभी पिछड़ा वर्ग के बारे में नहीं सोचा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आज अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रालय के साथ अनुसूचित जनजाति मंत्रालय है, लेकिन पिछड़ा वर्ग मंत्रालय नहीं है। नीट परीक्षा में पिछड़ा वर्ग आरक्षण लागू नहीं किया गया था। अपना दल एस ने इसकी लड़ाई लड़ी। इस बार नीट परीक्षा में पिछड़ा वर्ग आरक्षण लागू किया गया। आउटसोर्सिंग भर्ती प्रक्रिया में भी ओबीसी आरक्षण की नियमावली का पालन नहीं होता था। एक छोटी सी पार्टी (अपना दल एस) के प्रयास से आउटसोर्सिंग भर्ती प्रक्रिया में यह लागू हो गया। उन्होंने कहा कि जातीय जनगणना लागू करने के लिए सड़क से संसद तक दौड़ रही पार्टियों को विपक्ष में

जाने के बाद याद आया, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे लागू कर दिया। उन्होंने कहा कि हर घर पर अपना दल एस का नीला केसरिया झंडा फहराना है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जनता का दिल जीतना होता है। शायद विपक्ष को यह नहीं आता है। पार्टी गठबंधन को मजबूत करना ही सबका लक्ष्य है। आगामी विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन जीत की हैट्रिक लगा सके, इसके लिए पार्टी मजबूती से प्रत्याशियों के साथ खड़ी है। केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि किसी के माई के लाल में ताकत नहीं कि पार्टी को आगे बढ़ने से रोक सके। विषम परिस्थिति के बावजूद पिता के आदर्शों पर चलते हुए विधानसभा चुनाव 2012 में वाराणसी के रोहनिया से जीत दर्ज की। आज पार्टी के पास 13 विधायक हैं। यह कहते ही वह भावुक हो गईं। उनकी भावुकता को देख कार्यकर्ताओं ने समर्थन में गर्मजोशी के साथ नारे लगाए। जीआईसी मैदान में दोपहर ढाई बजे के आसपास पहुंचीं अद एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल ने कार्यकर्ताओं की अनुशासनहीनता पर नाराजगी जाहिर की। कुछ समर्थक अपने नेता का नाम लेते हुए नारेबाजी कर रहे थे। इस पर राष्ट्रीय अध्यक्ष खफा हो गईं। बावजूद इसके कार्यकर्ता अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे थे। मजबूरी में अंगुली से इशारा करके कार्यकर्ताओं को चुप कराना पड़ा। पंडाल जगह-जगह खुले होने के कारण लोगों को धूप में पसीने से तरबतर होना पड़ा।

खीरीमें ट्रकने बाइक को मारी टक्कर, तीन की मौत

लखीमपुर खीरी (एजेंसी)। लखीमपुर खीरी जिले में भीरा-पलिया हाईवे पर भीरा कस्बा से करीब एक किलोमीटर दूर रपटा पुल के पास शनिवार को ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार दो छात्राओं समेत तीन की मौके पर ही मौत हो गयी। दोनों छात्राएं वन बीट कालेज में नर्सिंग व जीएनएम की पढ़ाई कर रही थीं। हादसे के बाद ट्रक के नीचे फंसी बाइक करीब 500 मीटर तक घिसटती चली गयी थी। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार, निघासन क्षेत्र के बोटन पूर्वा निवासी क्रांति (24 वर्ष) पुत्री रामखिलावन वन बीट कालेज में बीएससी नर्सिंग और प्रियंका (25 वर्ष) पुत्री पृथ्वीपाल जीएनएम का कोर्स कर रही थी। कालेज में अवकाश होने के कारण दोनों छात्राएं अपने रिश्तेदार के साथ बाइक से अपने घर जा रही थीं। भीरा से पलिया की ओर जाते समय रपटा पुल के पास सामने से आ रहे ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक ट्रक के नीचे फंस गयी और काफी दूर तक घिसटती चली गयी।

दो स्पा केंद्रों पर छापे के बाद 19 महिलाएं छुड़ाई गयीं

नयी दिल्ली (आससे)। मध्य दिल्ली में अवैध गतिविधियों के खिलाफ चलाये गये अलग-अलग अभियानों के तहत दो स्पा केंद्रों पर छापा मारकर 19 महिलाओं को बचाया गया तथा 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। यह छापेमारी डीबीजी मार्ग पर स्थित स्पा केंद्रों पर क्रमशः नबी करीम और पहाड़गंज थाना पुलिस की टीमों द्वारा की गयी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पहले अभियान के तहत, कथित देह व्यापार गिरोह की सूचना की पुष्टि के लिए एक फर्जी ग्राहक भेजा गया था। इसके बाद मारे गए छापे में पुलिस ने 14 महिलाओं को सुरक्षित छुड़ाया और स्पा मालिक, प्रबंधक तथा सात अन्य लोगों सहित कुल नौ लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

भारत-अमेरिका ट्रेड डील होना तय-सीतारमण

नयी दिल्ली (आससे)। भारत और अमेरिका के बीच जल्द ही ट्रेड डील हो सकती है. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को भारत समेत पांच देशों को रूस से तेल और गैस खरीदने पर टैरिफ को लेकर छूट दी है. ट्रंप के इस ऐलान से भारत-यूएस ट्रेड डील की संभावना और ज्यादा बढ़ गई है. वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भी इसको लेकर अहम प्रतिक्रिया दी. उन्होंने कहा कि जल्द समझौते पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। दरअसल रूस से तेल-गैस खरीदने की वजह से भारत-अमेरिका के बीच काफी तनाव रहा. हालांकि अब दोनों देशों के रिश्ते में नरमी आ रही है. ट्रंप ने कहा कि वे रूस से तेल और गैस खरीदने वाले देशों पर टैरिफ नहीं लगाएं. ट्रंप के इस ऐलान से दोनों देशों के ट्रेड डील की संभावना और बढ़ गई। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने उम्मीद जताई

कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को वैश्विक व्यापार तथा दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों के हित में जल्द से जल्द अंतिम रूप दे दिया जाएगा। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि हाल में भारतीय वाणिज्य मंत्री ने भी कहा है कि वे समझौते पर जल्द हस्ताक्षर होने की उम्मीद कर रहे हैं और ऐसा चाहते हैं. बातचीत जारी है. मुझे उम्मीद है कि जल्द दोनों देशों के बीच ट्रेड डील होगी। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने भी इसको लेकर अपडेट दिया था. गोयल ने गुरुवार को कहा था कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के पहले चरण को अंतिम रूप दे दिया गया है और फिलहाल उसका कानूनी मसौदा तैयार किया जा रहा है. गोयल ने कहा था कि हमें उम्मीद है कि इसे जल्द अंतिम रूप दे सकेंगे और अपने प्रतिस्पर्धी देशों के मुकाबले बढ़त मिलने के बाद लागू करेंगे।

शेष

महिलाओंसे बदलसूकी...

रही है कि वे दोबारा सवाल उठाने की हिम्मत न कर सकें। राहुल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें सत्ता जाने का डर है और यही डर पुलिस के जरिए युवाओं तथा महिलाओं पर हिंसा के रूप में सामने आ रहा है।

ग्रेटर नोएडा...

मौत हो गयी है। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस के साथ उच्चाधिकारी मौके पर पहुंचे। एंबुलेंस और फूड एंड सेफ्टी विभाग की टीम को भी घटनास्थल पर बुलाया गया। फील्ड यूनिट और फोरेंसिक टीम ने मौके का गहन निरीक्षण किया और वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाये। मृतकों की पहचान महेश (37) पुत्र कृष्ण, उसकी पत्नी ललिता (35), बेटे लड्डू (11), बेटी मिष्टी (7) और तीन वर्षीय बेटे साक्षात के रूप में हुई है। सभी नगला श्री पदम गांव के रहने वाले थे। पांचों के शवों का पंचनामा भरने की काररवाई की गयी। इसके बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में आसपास के लोगों और मृतक महेश की मां ने बताया कि परिवार के सदस्यों ने रात में नूडल्स खाये थे। इसके बाद परिवार के पांच सदस्यों की मौत हो गयी। इसी आधार पर प्रथम दृष्टया फूड पॉइजनिंग की आशंका जतायी जा रही है। हालांकि पुलिस ने किसी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले पोस्टमार्टम और अन्य जांच रिपोर्ट का इंतजार करने की बात कही है।

राजस्थान : पुलसे...

पहचान नहीं हो पायी है। घायलों में वंदिता पुत्री रविंद्र झरबड़े, अजय गावंडे पुत्र मरोतराव गावंडे, वेदांत झरबड़े पुत्र योगेश झरबड़े, मोहनिस झरबड़े पुत्र रविंद्र झरबड़े, आकांक्षी झरबड़े पुत्री कमलेश झरबड़े, हेमलता गायकवाड़ पत्नी संतोष गायकवाड़, सारांश पुत्र कमलेश झरबड़े के नाम सामने आये हैं। स्थानीय लोगों और राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस और राहत दल ने मौके पर पहुंचकर बचाव कार्य शुरू किया। जानकारी के अनुसार, श्रद्धालु भोपाल से टेंपो ट्रैवलर में सवार होकर खाटूश्यामजी के दर्शन करने जा रहे थे। कोटा के सीमलिया थाना क्षेत्र में अचानक वाहन अनियंत्रित हो गया। इसके बाद वह नाले के ऊपर बने पुल से टकराकर करीब 15 फीट नीचे जा गिरा। हादसे में कई यात्री वाहन के अंदर फंस गये। उन्हें बाहर निकालने के लिए क्रेन की मदद ली गयी। नाले में पानी और कीचड़ होने के कारण राहत एवं बचाव कार्य में परेशानी आयी। पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया। वहीं, मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर आगे की काररवाई शुरू की गयी।

दिपकेको...

उनकी रिहाई की अन्य शर्तों का विस्तृत ब्योरा सामने नहीं आया है। इस मामले में सीजेपी के दो अन्य सहयोगी सौरभ दास और आशुतोष रांका अभी न्यायिक हिरासत में हैं। मिली जानकारी के अनुसार, दीपके को मार्च में शामिल होने से पहले हिरासत में ले लिया गया था, जबकि सौरभ दास और आशुतोष रांका को पुलिस की मनाही के बावजूद जंतर-मंतर पहुंचने के मामले में न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

विरोध करनेका...

देश में विरोध करना एक मौलिक अधिकार है। लेकिन अब यह मौलिक अधिकार नहीं रह गया है। जंतर-मंतर को विरोध-प्रदर्शन की जगह के रूप में मान्यता खत्म करने के फैसले पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि अब लोग रामलीला मैदान में विरोध कर सकते हैं, लेकिन वहां चल रहे दशहरा उत्सव के कारण वहां प्रदर्शन करना असंभव होगा। उन्होंने पूछा, जब मेरे पास विरोध-प्रदर्शन के लिए जंतर-मंतर जैसी जगह थी, तो मुझे रामलीला मैदान क्यों जाना पड़े? और आपने उस जगह को क्यों रद्द कर दिया? सिब्बल ने आरोप लगाया कि जंतर-मंतर पर पहले हुए विरोध-प्रदर्शन के दौरान जो हिंसा हुई, वह बाहरी लोगों की वजह से हुई थी। उन्होंने दावा किया कि वहां बिना किसी स्पष्टीकरण के पत्थरों से भरा एक ट्रक लाया गया था। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कुछ अज्ञात लोगों और सादे कपड़ों में मौजूद पुलिसकर्मियों ने हिंसा की। उन्होंने दावा किया कि प्रदर्शनकारियों को घसीटा गया, उन पर लाठीचार्ज किया गया और महिलाओं के साथ मारपीट की गई।

यूपी में अब...

चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'सत्यं वद, धर्मं चर, स्वाध्यायान्मा प्रमदः' को चैंबर की दीवार पर नहीं, हृदय में उतारें। सत्य और निरंतर अध्ययन अधिवक्ता के जीवन का आधार हो। डॉ. लोहिया के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि विधिवेत्ता में शिव जैसा मस्तिष्क, कृष्ण जैसा हृदय और राम जैसा वचन होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने विकसित भारत की परिकल्पना को मुकदमे के रूप में प्रस्तुत किया। कहा कि 140 करोड़ देशवासियों के इस दावे की पैरवी तथ्यों, साक्ष्यों और ईमानदारी से करनी होगी। वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प में युवा अधिवक्ताओं की भूमिका होगी। प्रदेश को 2029-30 तक एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की कार्ययोजना तैयार है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता काम आसान कर सकती है, लेकिन अंतिम निर्णय इंसान के विवेक से होना चाहिए। लापरवाह मसौदे से निर्दोष व्यक्ति को स्वतंत्रता गंवानी पड़ सकती है। डीपफेक और साइबर अपराधों ने साक्ष्यों की विश्वसनीयता की चुनौती पैदा की है। प्रदेश के 75 जिलों में साइबर थाने और 1,583 थानों में साइबर हेल्प डेस्क हैं। एआई प्रज्ञा से 10 लाख युवाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों को अन्याय के खिलाफ खड़े होने, जड़ों से जुड़े रहने और निरंतर अध्ययन की सीख दी। कहा कि गांवों में जमीन और पारिवारिक विवादों के समाधान में योगदान दें। गलत काम का दबाव आए तो सिद्धांतों से समझौता न करें। सर्वोच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति विक्रम नाथ ने कहा कि उपाधि मंजिल नहीं, नई यात्रा की शुरुआत है। शिक्षा की वास्तविक परीक्षा विश्वविद्यालय से बाहर शुरू होती है। सफलता का आकलन इससे होगा कि विद्यार्थी दूसरों के जीवन में कितना सकारात्मक बदलाव लाते हैं। उन्होंने संवैधानिक मूल्यों, करुणा और संवेदनशीलता को जीवन में उतारने का आह्वान किया। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली ने कहा कि विधि शिक्षा में विश्वविद्यालय का विशेष स्थान है। संस्थान ने न्यायपालिका, विधि शिक्षा और लोकसेवा में योगदान दिया है। उन्होंने विश्वास जताया कि विद्यार्थी उच्च मानकों और परंपराओं को आगे बढ़ाते हुए कानून का शासन मजबूत करेंगे। कुलपति प्रो. अमर पाल सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय ने 20 वर्षों में उत्तर प्रदेश और अन्य राज्यों की न्यायिक सेवाओं को 250 से अधिक अधिकारी दिए हैं। यहां से शिक्षित विधि विशेषज्ञ विभिन्न क्षेत्रों में योगदान दे रहे हैं। विधि शिक्षा केवल भौतिक सफलता नहीं, समाज सेवा का माध्यम भी है। इसका उपयोग वंचित वर्गों के कल्याण में हो। एलएलएम में रुपाली जायसवाल को स्वर्ण, चित्रा सिंह को रजत और सौम्या गिरी को कांस्य पदक मिला। एलएलबी ऑनर्स में तेजस्वनी कौशल को स्वर्ण, ईशा अग्रवाल को रजत और निशा वर्मा को कांस्य पदक मिला। ईशा अग्रवाल को क्रिमिनल लॉ में जस्टिस ओपी प्रधान मेमोरियल, कॉन्स्टिट्यूशनल लॉ में पद्मावती मोहनलाल जरीवाला और स्टूडेंट ऑफ द ईयर के लिए वीरेंद्र भाटिया स्वर्ण पदक मिला। तान्या वर्मा को टैक्सेशन में प्रदीप कुमार अग्रवाल मेमोरियल और मालविका पचौरी को सर्वश्रेष्ठ मूटिंग के लिए केके लूथरा मेमोरियल स्वर्ण पदक मिला। साइबर लॉ में भास्कर पांडे, जयंत अग्रवाल और चिराग निगम को क्रमशः स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक मिला। बौद्धिक संपदा अधिकार में आशी पांडे, रितेश मेहता और ईशा अस्थाना को क्रमशः स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक मिले। मीडिया लॉ में अंशुमान सिंह को स्वर्ण और संतुष्ट सोनकर को रजत पदक मिला। समारोह में सर्वोच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली, उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, कुलपति प्रो. अमर पाल सिंह, विभागाध्यक्ष प्रो. मनीष सिंह और कुलसचिव केशव कुमार सहित न्यायमूर्तिगण, शिक्षक, विद्यार्थी और अभिभावक उपस्थित रहे।

यहां भी पढ़ें
-:Website:-
www.ajhindidaily.com
-:For e-Paper:-
www.ajhindidaily.com/

सूर्योदय : ०५.५७
सूर्यास्त : ०५.३०
तापमान
अधि. : ३२.०
न्यून. : २२.०

ज्ञानमण्डल प्राइवेट लिमिटेड के लिए ज्ञानमण्डल यंत्रालय, संत कबीर मार्ग, **वाराणसी** से- **ओम प्रकाश शर्मा** द्वारा मुद्रित और प्रकाशित। **सम्पादक- शार्दूल विक्रम गुप्त,** स्थानीय कार्यकारी **सम्पादक- शिवशंकर व्यास। गोरखपुरः** बैंक रोड, **प्रयागराजः** 3,लीडर रोड, **कानपुरः** बांसमण्डी, **झांसीः** झोंकन बाग, **लखनऊः** 1,जापलिंग रोड, **आगराः** महात्मा गांधी रोड, **बरेलीः** रोड नं. 3 परसाखेड़ा, **पटनाः** फ्रेजर रोड, **रांचीः** नामकुम इण्डस्ट्रियल एरिया, **जमशेदपुरः** न्यू काली माटी रोड-साकची।

वर्ष-107 पू.सं. 899678131022453
आर. एन. आई. रजिस्ट्रेशन नं. 2026/ 57
फोनः- 2393981 से 2393987 तक
E-Mail:ajvaranasi.1920@gmail.com
Website : www.ajhindidaily.com
पी.आर.बी. अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिए ओम प्रकाश शर्मा जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद वाराणसी न्यायालय के अधीन होंगे।

कार्यालय जिला सहायक सहकारी निर्वाचन अधिकारी / सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक, सहकारिता वाराणसी

मुख्य निर्वाचन आयुक्त, उ0प्र0 राज्य सहकारी समिति निर्वाचन आयोग लखनऊ के आदेश पत्रांक सी-36/रा0स0नि0आ0/(69/3-प्रा0सह0)/दिनांक 07.09.2026 द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में सहकारिता विभाग की निर्वाचन योग्य प्रारम्भिक समितियों की प्रबन्ध कमेटी के सदस्यों/रिक्त पदो के सदस्यों के निर्वाचन हेतु दिनांक 04.11.2026 एवं सभापति/ उपसभापति तथा अन्य समितियों को भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों/रिक्त पदो के निर्वाचन हेतु दिनांक 05.11.2026 की तिथियाँ निर्धारित करते हुए अधोलिखित विवरणानुसार निर्वाचन कार्यक्रम दिनांक 26.10.2026 से निर्धारित किया गया है।

(क) प्रबन्ध कमेटी के सदस्यों/रिक्त पदो के निर्वाचन हेतु :-

क0 स0	कार्यक्रम	निर्धारित तिथि	निर्धारित समय	निर्वाचन स्थल
1	2	3	4	5
1	अनन्तिम मतदाता सूची का प्रदर्शन,	26.10.2026	10:00 से 02:00 बजे तक	समिति कार्यालय
2	अनन्तिम मतदाता सूची पर आपत्ति दाखिल करना,	27.10.2026	10:00 से 02:00 बजे तक	समिति कार्यालय
3	मतदाता सूची पर प्राप्त आपत्तियों का निस्तारण,	28.10.2026	10:00 से 03:00 बजे तक	समिति कार्यालय
4	अन्तिम मतदाता सूची का प्रदर्शन,	28.10.2026	03:00 से 05:00 बजे तक	समिति कार्यालय
5	नाम निर्देशन प्रपत्र दाखिल करना,	29.10.2026	10:00 से 03:00 बजे तक	समिति कार्यालय
6	नाम निर्देशन प्रपत्रों का परिनिरीक्षण	30.10.2026	10:00 से 03:00 बजे तक	समिति कार्यालय
7	वैध नाम-निर्देशन का प्रर्दशन,	30.10.2026	03:00 से 05:00 बजे तक	समिति कार्यालय
8	नाम निर्देशन प्रपत्र वापस लिया जाना	02.11.2026	10:00 से 03:00 बजे तक	समिति कार्यालय
9	अन्तिम नाम निर्देशन का प्रर्दशन एवं चुनाव चिन्हों का आवंटन	02.11.2026	03:00 से 05:00 बजे तक	समिति कार्यालय
10	मतदान (यदि आवश्यक हो),	04.11.2026	10:00 से 04:00 बजे तक	समिति कार्यालय
11	मतगणना एवं निर्वाचन परिणाम की घोषणा।	04.11.2026	मतदान समाप्त होने के पश्चात् घोषणा होने तक	समिति कार्यालय

(ख) सभापति, उपसभापति तथा अन्य समितियों में भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों / रिक्त पदों के निर्वाचन हेतु :-

क0 स0	कार्यक्रम	निर्धारित तिथि	निर्धारित समय	निर्वाचन स्थल
1	2	3	4	5
1	अनन्तिम मतदाता सूची का प्रदर्शन,	05.11.2026	08:30 से 09:00 बजे तक	समिति कार्यालय
2	अनन्तिम मतदाता सूची पर आपत्ति दाखिल करना,	05.11.2026	09:00 से 09:30 बजे तक	समिति कार्यालय
3	मतदाता सूची पर प्राप्त आपत्तियों का निस्तारण,	05.11.2026	09:30 से 10:30 बजे तक	समिति कार्यालय
4	अन्तिम मतदाता सूची का प्रदर्शन,	05.11.2026	10:30 से 11:00 बजे तक	समिति कार्यालय
5	नाम निर्देशन प्रपत्र दाखिल करना,	05.11.2026	11:00 से 12:00 बजे तक	समिति कार्यालय
6	नाम निर्देशन प्रपत्रों का परिनिरीक्षण	05.11.2026	12:00 से 12:30 बजे तक	समिति कार्यालय
7	वैध नाम-निर्देशनका प्रर्दशन,	05.11.2026	12:30 से 01:30 बजे तक	समिति कार्यालय
8	नाम निर्देशन प्रपत्र वापस लिया जाना	05.11.2026	01:30 से 02:00 बजे तक	समिति कार्यालय
9	अन्तिम नाम निर्देशन का प्रर्दशन एवं चुनाव चिन्हों का आवंटन	05.11.2026	02:00 से 02:30 बजे तक	समिति कार्यालय
10	मतदान (यदि आवश्यक हो),	05.11.2026	03:00 से 04:00 बजे तक	समिति कार्यालय
11	मतगणना एवं निर्वाचन परिणाम की घोषणा।	05.11.2026	मतदान समाप्त होने के पश्चात् घोषणा होने तक	समिति कार्यालय

नोट-उक्त आदेश उन सहकारी समितियों पर लागू नहीं होगा, जिनका निर्वाचन किसी सक्षम न्यायालय द्वारा रोका गया हों।

जिला सहायक सहकारी निर्वाचन अधिकारी/
सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक
सहकारिता-वाराणसी।

कार्यालय जिला सहायक सहकारी निर्वाचन अधिकारी/सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता वाराणसी अनन्तिम क्षेत्र अवधारण की सूचना

एतदद्वारा सहकारी समिति अधिनियम-1965 की धारा-29(3) के अन्तर्गत मुख्य निर्वाचन आयुक्त उ0प्र0 राज्य सहकारी समिति निर्वाचन आयोग, लखनऊ के आदेश पत्रांक सी0-36/रा0स0नि0आ0/ (69/3-सह0प्रा0)/ दिनांक 07.09.2026 द्वारा सहकारिता विभाग की प्रारम्भिक समितियों के प्रबन्ध कमेटी/रिक्त पदो एवं सभापति/उप सभापति तथा अन्य समितियों में भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों/रिक्त पदो के निर्वाचन हेतु उ0प्र0 राज्य सहकारी समिति निर्वाचन नियमावली-2014 के नियम संख्या-07 के अन्तर्गत प्रस्तावित अनन्तिम निर्वाचन क्षेत्रों का प्रकाशन किया जाता है तथा उ0प्र0 राज्य सहकारी समिति निर्वाचन आयोग, लखनऊ के आदेश पत्रांक सी0-31/रा0स0स0नि0आ0/(38/1-निया0संशोधन)/दिनांक 19.08.2026 (उ0प्र0 राज्य सहकारी समिति निर्वाचन नियमावली 2026 (चतुर्थ संघोधन)) के क्रम में, उन पर 03 दिन के भीतर आपत्ति आमंत्रित किया जाता है, प्राप्त आपत्ति का निस्तारण प्रकाशन के 4(चौथे) दिन जिला सहायक सहकारी निर्वाचन अधिकारी/सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक, सहकारिता, वाराणसी के कार्यालय में प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रातः 11:00 बजे से 2:00 बजे तक किया जायेगा। तत्पश्चात अन्तिम क्षेत्र अवधारण का प्रकाशन किया जायेगा।

कमांक	विभाग का नाम	नाम समिति/संस्था	प्रस्तावित निर्वाचन क्षेत्र/वार्ड का नाम तथा उनसे निर्वाचित होने वाले सदस्य/प्रतिनिधि की संख्या (अनुसूचित जातियों/जनजातियों/ पिछड़े वर्गो/महिला आरक्षण की संख्या सहित)		
			निर्वाचन क्षेत्र/वार्ड का नाम	प्रतिनिधियो की संख्या	निर्वाचन क्षेत्र जो अनु0जाति/अनु0 जनजाति, पिछड़ी जाति/महिला हेतु आरक्षित है।
1	2	3	4	5	6
1	सहकारिता	मॉ गंगा नाविक सहकारी समिति लि0, सराय मुहाना रामघाट, वाराणसी।	1 वार्ड संख्या	01	01 अनु0जाति/अनु0 जनजाति
			2 वार्ड संख्या	01	01 पि0जाति
			3 वार्ड संख्या	01	01 महिला
			4 वार्ड संख्या	01	01 महिला
			5 वार्ड संख्या	01	01 सामान्य
			6 वार्ड संख्या	01	01 सामान्य
			7 वार्ड संख्या	01	01 सामान्य
			8 वार्ड संख्या	01	01 सामान्य
			9 वार्ड संख्या	01	01 सामान्य
2		बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति लि0, (बी-पैक्स) रखौना, विकास खण्ड आराजीलाइन, वाराणसी।	1 वार्ड संख्या	01	01 अनु0जाति/अनु0 जनजाति
			2 वार्ड संख्या	01	01 पि0जाति
			3 वार्ड संख्या	01	01 महिला
			4 वार्ड संख्या	01	01 महिला
			5 वार्ड संख्या	01	01 सामान्य
			6 वार्ड संख्या	01	01 सामान्य
			7 वार्ड संख्या	01	01 सामान्य
			8 वार्ड संख्या	01	01 सामान्य
			9 वार्ड संख्या	01	01 सामान्य
3		बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति लि0, (बी-पैक्स) रैसीरामपुर विकास खण्ड सैवापुरी, वाराणसी।	1 वार्ड संख्या	01	01 अनु0जाति/अनु0 जनजाति
			2 वार्ड संख्या	01	01 पि0जाति
			3 वार्ड संख्या	01	01 महिला
			4 वार्ड संख्या	01	01 महिला
			5 वार्ड संख्या	01	01 सामान्य
			6 वार्ड संख्या	01	01 सामान्य
			7 वार्ड संख्या	01	01 सामान्य
			8 वार्ड संख्या	01	01 सामान्य
			9 वार्ड संख्या	01	01 सामान्य
4		बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति लि0, (बी-पैक्स) इसरवार, विकास खण्ड सैवापुरी, वाराणसी।	1 वार्ड संख्या	01	01 अनु0जाति/अनु0 जनजाति
			2 वार्ड संख्या	01	01 पि0जाति
			3 वार्ड संख्या	01	01 महिला
			4 वार्ड संख्या	01	01 महिला
			5 वार्ड संख्या	01	01 सामान्य
			6 वार्ड संख्या	01	01 सामान्य
			7 वार्ड संख्या	01	01 सामान्य
			8 वार्ड संख्या	01	01 सामान्य
			9 वार्ड संख्या	01	01 सामान्य
5		बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति लि0, (बी-पैक्स) तिलवार बीरसाहपुर, विकास खण्ड बड़ागॉव वाराणसी।	1 वार्ड संख्या	01	01 अनु0जाति/अनु0 जनजाति
			2 वार्ड संख्या	01	01 पि0जाति
			3 वार्ड संख्या	01	01 महिला
			4 वार्ड संख्या	01	01 महिला
			5 वार्ड संख्या	01	01 सामान्य
			6 वार्ड संख्या	01	01 सामान्य
			7 वार्ड संख्या	01	01 सामान्य
			8 वार्ड संख्या	01	01 सामान्य
			9 वार्ड संख्या	01	01 सामान्य
6		ज्योती उपभोक्ता सहकारी समिति लि0, भगवानपुर, चौबेपुर, वाराणसी।	1 वार्ड संख्या	01	01 अनु0जाति/अनु0 जनजाति
			2 वार्ड संख्या	01	01 पि0जाति
			3 वार्ड संख्या	01	01 महिला
			4 वार्ड संख्या	01	01 महिला
			5 वार्ड संख्या	01	01 सामान्य
			6 वार्ड संख्या	01	01 सामान्य
			7 वार्ड संख्या	01	01 सामान्य
			8 वार्ड संख्या	01	01 सामान्य
			9 वार्ड संख्या	01	01 सामान्य

जिला सहायक सहकारी निर्वाचन अधिकारी/
सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक
सहकारिता-वाराणसी।

पत्रांक : 996/6-सह./निर्वाचन/2026-27/दिनाक 17 अक्टूबर 2026

बारिश में फिसली श्रृंखला जीतने की चाहत

पांचवां टी-२० रद, २-२ से बराबर रही भारत-वेस्टइण्डीज श्रृंखला

बेंगलूरु (आससे)। भारत और वेस्टइंडीज के बीच पांचवां टी-२० मुकाबला बारिश की वजह से रद हो गया है। इसी के साथ श्रृंखला २-२ से बराबर हो गयी। साथ ही भारत चार साल बाद घर पर श्रृंखला नहीं जीत सका। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका ने २०२२ में पांच मैचों की श्रृंखला २-२ ड्रा कराई थी। बारिश के चलते ओवरों की संख्या घटाकर नौ ओवर कर दी गयी। भारत जब ईशान किशन (३०), नमन धीर (२४) और कप्तान श्रेयस अय्यर (२२) की आक्रामक पारी के सहारे ७.४ ओवर में पांच विकेट पर ११८ रन पर था तभी बारिश फिर शुरू हो गयी जिसे बाद खेल नहीं हो सका। लगभग सवा दो घण्टे बारिश की बाधा के बीच निर्णयक मुकाबले में टास हार कर पहले बल्लेबाजी को बाध्य भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने विस्फोटक बल्लेबाज अभिषेक शर्मा (छह) को पहले ओवर में ही खो दिया। अभिषेक ने छक्का लगा कर बड़ी पारी खेलने की उम्मीद जगायी लेकिन पिछले मैच के हीरो कीमो पाल ने जोसेफ के हाथों उन्हें कैच करा इस उम्मीद को खत्म कर दिया। अब संजू सैमसन का साथ देने ईशान किशन २२ गज की पट्टी पर उतरे। वे जानते थे कि यह नौ ओवर का ही मुकाबला है ऐसे में आते ही उन्होंने बल्ले का मुंह खोल दिया और कैरेबियाई गेंदबाजों की धुनाई करने लगे। २.४ ओवर के पावर प्ले से एक गेंद पहले शमर जोसेफ की गेंद पर किशन बड़ा शाट खेलने के चक्कर में सीमारेखा के पास रोवमैन पावेल को कैच दे बैठे। ईशान किशन ने पवेलियन लौटने से पहले १० गेंद में ३० रन बनाये जिसमें तीन चौके, दो छक्के शामिल रहे। भारत ने २.५ ओवर में ५० रन पूरे किए। यह टी-२० अन्तरराष्ट्रीय मैच में भारत का सबसे तेज टीम अर्द्धशतक है। इससे पहले भारत ने इसी साल हैदराबाद में वेस्टइण्डीज के खिलाफ तीन ओवर में ५० रन बनाए थे। इस बीच संजू सैमसन ने तेवर तल्ख किया लेकिन वे बड़ी पारी नहीं खेल सके और सात गेंद पर दो चौके, एक छक्के की मदद से केवल १६ रन बना कर शमर स्प्रिंगर की गेंद पर चकमा खा गये और बोल्ड हो गये। भारत को तीसरा झटका ६६ रन पर लगा। अब बारी कप्तान श्रेयस अय्यर की थी। उन्होंने आक्रामक रुख के साथ तेजी से रन जुटाने शुरू कर दिये। अय्यर ने गुडाकेश मोती के छठे ओवर में १५ रन हासिल किये। अय्यर ने लगातार दो चौके लगाये। इस दौरान उन्हें दो जीवनदान भी मिले। पहले शाई होप रनआउट करने से चूके, फिर डीप मिड-आफ पर शेरफेन रदरफोर्ड ने उनका कैच छोड़ दिया। हालांकि वे इस जीवनदान का फायदा नहीं उठा सके और १४ गेंद में दो चौके की मदद से २२ रन बना कर कीमो पाल के शिकार हो गये। इसके बाद क्रीज पर आये नमन धीर ने पहली ही गेंद पर छक्का जड़ अपना खाता खोला। धीर ने इसके बाद दौ छक्का और एक चौका और जड़ दिया। इधर तिलक वर्मा (सात) स्प्रिंगर की गेंद पर बोल्ड हो गये। भारत का स्कोर जब ७.४ ओवर में पांच विकेट पर ११८ रन था बारिश फिर शुरू हो गयी और मैच रोक दिया गया। उस समय नमन धीर छह गेंद पर एक चौके, तीन छक्के की मदद से २४ रन बना कर क्रीज पर मौजूद थे।

भारतीय महिलाओं का होगा अजेय बढ़त लेने का इरादा

दूसरा टी-२० जिम्बाब्वे से मिलेगी टक्कर

रायपुर (एजेन्सियां)। भारत जब तीन मैचों की महिला टी-२० श्रृंखला के दूसरे मुकाबले में रविवार को जिम्बाब्वे के खिलाफ उतरेगा तो उसकी नजरे एक और जीत के साथ श्रृंखला में अजेय बढ़त लेने पर होगी। पहले मैच में असफल रहे भारतीय शीषक्रम के बल्लेबाज अधिक आत्मविश्वास के साथ बल्लेबाजी करने की कोशिश करेंगे। शीर्षक्रम के बल्लेबाजों की नाकामी के कारण भारतीय टीम पहले मैच में एक समय संकट में दिख रही थी। उसने अपने चार विकेट १९ रन पर गंवा दिए थे। इसके बाद पदार्पण कर रही निक्की प्रसाद और दीप्ति शर्मा ने ८२ रन की साझेदारी करके टीम को चार विकेट से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। भारतीय बल्लेबाजों ने जिम्बाब्वे के गेंदबाजी आक्रमण को सहजता से लिया जिससे वह संकट में पड़ गये। जिम्बाब्वे की तरफ से आफ स्पिनर न्याशा ग्वांजुरा ने पावरप्ले में तीन विकेट लिए। भारत के चोटी के बल्लेबाज अब दूसरे मैच में इसकी भरपाई करने की कोशिश करेंगे क्योंकि पहले मैच में कप्तान स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, अनुष्का शर्मा और पूर्व कप्तान हरमनप्रीत कौर दोहरे अंक तक भी नहीं पहुंच पायी थी। दीप्ति में एक बार फिर से दिखाया कि वह भारत के लिए कितनी महत्वपूर्ण है। इस आलराउंडर ने कहा कि कुछ ऐसे मौके भी आयेंगे जब विपक्षी टीम हावी रहेगी। दीप्ति ने कहा निश्चित रूप से हम आक्रामक खेल खेलना चाहते हैं और यही बात हमारे दिमाग में थी। उन्होंने कहा मैच में कभी-कभी ऐसा होता है।



आप जो चाहते हैं भगवान हमेशा आपको वही नहीं देता है लेकिन हम हमेशा सीखते हैं। मुझे यकीन है कि आज जो हुआ वह अगले मैच में नहीं होगा। मंधाना का यह पूर्णकालिक कप्तान के रूप में पहला मैच था जिसमें बल्लेबाज के रूप में वह नाकाम रही और अब वह आगे बढ़कर नेतृत्व करने के लिए उत्सुक होंगी। भारत के लिए बल्लेबाजी में सकारात्मक पहलू निक्की प्रसाद का शानदार प्रदर्शन रहा। उन्होंने दबाव में भी संयम और स्ट्रोकप्ले का शानदार नमूना पेश किया। दीप्ति ने कहा निक्की ने बहुत अच्छी बल्लेबाजी की। ऐसा लग ही नहीं रहा था कि वह अपना पहला मैच खेल रही है। एक युवा खिलाड़ी का यह आत्मविश्वास सराहनीय है। मुझे विश्वास है कि इस मैच से उसे काफी आत्मविश्वास मिलेगा। भारतीय गेंदबाजों ने जिम्बाब्वे को पांच विकेट पर ११४ रन ही बनाने दिया। उसकी टीम सलामी बल्लेबाज केलिस नधलोवु और शार्ने मेयर्स से प्रेरणा लेने की कोशिश करेगी जिन्होंने पहले मैच में बल्लेबाजी में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। जिम्बाब्वे को यह भी उम्मीद होगी कि ग्वांजुरा अपने प्रभावशाली प्रदर्शन को बरकरार रखने में कामयाब होगी।

सात स्वर्ण ले आये वाराणसी के अथलीट

मण्डलीय विद्यालयीय अथलेटिक्स

वाराणसी। वाराणसी के अथलीटोंने शानदार प्रदर्शन करते हुए गाजीपुर में हो रही मण्डलीय विद्यालयीय अथलेटिक्स प्रतियोगितामें शनिवार को सात स्वर्ण पदक जीत लिए। बालकों के जूनियर वर्ग की तीन किलोमीटर वाकरेस में विनीत सिंह पटेलने, बालिका वर्ग की ४०० मीटर हर्डल रेस में रितिमा पटेल ने, सब जूनियर बालिका वर्ग ८० मीटर हर्डल रेस में प्रिया पटेल, जूनियर बालक वर्ग के त्रिकूद में रुद्राक्ष भारद्वाज और सब जूनियर बालक वर्ग ८० मीटर हर्डल रेस में शोएब खान ने स्वर्ण पदक हासिल किया। बालकों के जूनियर वर्ग की ४०० मीटर हर्डल रेस में विष्णु यादव तथा महिला वर्ग में पूनम विश्वकर्मा ने सुनहरी सफलता हासिल की। सातो खिलाड़ी विकास इण्टर कालेजके छात्र हैं। विद्यालयके अथलीटोंकी इस सफलता पर विकास एजुकेशनल ग्रुपके चेयरमैन डाक्टर एके सिंह, संयुक्त शिक्षा निदेशक वाराणसी मण्डल दिनेश कुमार सिंह, मण्डलीय क्रीड़ा सचिव राजेश कुमार सिंह ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी।

वाराणसी कुश्ती टीम घोषित

वाराणसी। गोरखपुर में २३ से २५ अक्तूबर तक होनेवाली सीनियर महिला-पुरुष स्टेट कुश्ती चैम्पियनशिपके लिए शनिवार को डाक्टर सम्पूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम में चयन परीक्षणके उपरांत वाराणसी की टीम घोषित कर दी गयी। वाराणसी कुश्ती संघके अध्यक्ष राजीव सिंह रानूके अनुसार टीम इस प्रकार है- फ्री स्टाइल-मिथिलेश यादव, चंदन यादव, शिवम यादव, धर्मराज यादव, विकास विश्वकर्मा, रिशि यादव, विनीत यादव, यशवंत गिरी, मृत्युंजय यादव, लक्ष्य कुमार। ग्रीको रोमन-अवधेश यादव, यशपाल, पीयूष यादव, प्रिंस यादव, मनीष यादव, शिवशंकर यादव, हिमांशु यादव, सितांशु यादव, ऋषभ सिंह, महिला फ्री स्टाइल-रेशमा यादव, रंजन यादव, गुड़िया यादव, आंचल यादव, खुशबू कुमारी, कशिश यादव, विजयलक्ष्मी।

भाविना ने बरकरार रखी जीत की लय

नागोया (एजेन्सियां)। पैरालम्पिक रजत पदक विजेता भाविना पटेल ने शनिवार को यहां महिलाओं की पैरा टेबल टेनिस स्पर्धा में जोर्डन की फतेन एलेमत को हराकर एशियाई पैरा खेलों में जीत की लय बरकरार रखी। भाविना ने १७ मिनट तक चले महिला एकल क्लास ४-५ ग्रुप ए मैच में फतेन को ११-६, ११-७, ११-४ से हराया। इससे वह अपने ग्रुप में शीर्ष पर पहुंच गयी। पैरा टेबल टेनिस में क्लास फोर और क्लास फाइव स्पर्धा में पैरा खिलाड़ी व्हीलचेयर (क्लास वन से क्लास फाइव) पर बैठकर खेलते हैं जिन्हें बैठने में संतुलन और बांह के नियत्रंण के हिसाब से वर्गीकृत किया जाता है। सोनलबेन पटेल ने क्लास थ्री स्पर्धा में अपना अभियान जापान की युका इकेयामा के खिलाफ ३-० की जीत से शुरू किया लेकिन वह दक्षिण कोरिया की मिगयु ली से ०-३ से हार गयीं। पुरुषों की एकल क्लास थ्री स्पर्धा में शुभम वाधवा को सऊदी अरब के इब्राहिम अल हसन से ०-३ से पराजय मिली।

कार्यालय सहायक अभियन्ता, द्वितीय
मूसा खॉड बॉध प्रखण्ड, वाराणसी

पत्रांकः- /स.अभि.-II/मू.खा.बा.प्र.बा./निविदा/2026-27 दिनांकः- 12.10.2026

अल्पकालिक निविदा सूचना संख्याः-10/स.अभि., द्वितीय/2026-2027

महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से इस उपखण्ड के प्रशासनिक नियन्त्रण में आने वाले नरायनपुर पम्प नहर प्रणाली के अन्तर्गत माइनरों के 1434 रबी फसली वर्ष 2026-27 में सिल्ट सफाई/स्क्रेपिंग आदि कार्यों हेतु जनपद मीरजापुर एवं चन्दौली के अन्तर्गत नीचे अंकित लाट सं0-01 से 18 तक के कार्यों हेतु मुहरबन्द निविदायें वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारो से दिनांक 30.10.2026 को अपरान्ह 02.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 31.10.2026 को अपरान्ह 02.00 बजे से सहायक अभियन्ता, द्वितीय मूसा खॉड बॉध प्रखण्ड वाराणसी स्थित कार्यालय वरूणापूरम सिंचाई कालोनी सिगरा, वाराणसी में उनके समक्ष अथवा उनके द्वारा नामित अधिकारी एवं निविदा समिति के सदस्यो द्वारा उपस्थित ठेकेदारो के समक्ष खोली जायेगीं। निविदा प्रपत्र दिनांक 26.10.2026 से दिनांक 28.10.2026 तक पूर्वान्ह 11.00 बजे से अपरान्ह 03.00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में निर्धारित मूल्य देकर प्राप्त की जा सकती है। निविदा निम्न शर्तो के अधीन उपलब्ध रहेगी। (1) पंजीकरण (2) जिलाधिकारी द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र (I.D.T.-1) (3) हैसियत प्रमाण पत्र (I.D.T.-2) की मूल प्रतियां प्रस्तुत की जायेगी तथा उनकी सत्यापित छायाप्रतियां भी ठेकेदार या उसके अधिकृत प्रतिनिधि को ठेकेदार द्वारा प्रदत्त अधिकार पत्र जिसमें प्रतिनिधि का हस्ताक्षर प्रमाणित किया हुआ हो भी जमा करने के पश्चात् निर्धारित मूल्य देकर प्राप्त किये जा सकते है।

अर्नेस्ट मनी/धरोहर धनराशि तथा परफारमेन्स सेक्योरटी डिपाजिट मिलाकर एन0एस0सी0 अथवा एफ0डी0आर0 के रूप में जो कि सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता,मूसा खॉड बॉध प्रखण्ड,वाराणसी के पक्ष में बंधक होगी, जमा करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। एक या समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।

लाट सं0	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रु लाख में)	धरोहर धनराशि	कार्य को पूर्ण करने की अवधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	पंजीकृत श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7
1	कटका माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 2.300 एवं भुइली माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 4.100 तक सिल्ट सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य	1.65	16500.00	30 दिवस	75.00+G.S.T 18%	डी एवं उच्च श्रेणी
2	गोपालपुर माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 2.600 एवं देवरियॉ माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 1.000 तक सिल्ट सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य	0.77	7700.00	30 दिवस	50.00+G.S.T 18%	डी एवं उच्च श्रेणी
3	देवलासी माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 3.200 एवं हमीदपुर माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 3.800 तक सिल्ट सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य	1.54	15400.00	30 दिवस	75.00+G.S.T 18%	डी एवं उच्च श्रेणी
4	नियमताबाद माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 5.000 तक सिल्ट सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य	1.30	13000.00	30 दिवस	75.00+G.S.T 18%	डी एवं उच्च श्रेणी
5	कोटवा माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 1.000, तेतरियॉ माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 1.200 एवं चन्दाइत माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 1.000 तक सिल्ट सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य	0.55	5500.00	30 दिवस	50.00+G.S.T 18%	डी एवं उच्च श्रेणी
6	कुण्डलियॉ माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 2.800 तक सिल्ट सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य	0.69	6900.00	30 दिवस	50.00+G.S.T 18%	डी एवं उच्च श्रेणी
7	बगयॉ माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 3.000 तक सिल्ट सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य	0.79	7900.00	30 दिवस	50.00+G.S.T 18%	डी एवं उच्च श्रेणी
8	गंगेहरा माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 3.200 तक सिल्ट सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य	0.83	8300.00	30 दिवस	50.00+G.S.T 18%	डी एवं उच्च श्रेणी
9	जीवधीपुर माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 2.400 तक सिल्ट सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य	0.41	4100.00	30 दिवस	50.00+G.S.T 18%	डी एवं उच्च श्रेणी
10	सैदपुर माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 2.500 तक सिल्ट सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य	0.43	4300.00	30 दिवस	50.00+G.S.T 18%	डी एवं उच्च श्रेणी
11	दरियापुर माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 2.200 तक सिल्ट सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य	0.38	3800.00	30 दिवस	50.00+G.S.T 18%	डी एवं उच्च श्रेणी
12	छित्तमपुर माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 2.600 तक सिल्ट सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य	0.66	6600.00	30 दिवस	50.00+G.S.T 18%	डी एवं उच्च श्रेणी
13	चन्द्रखा माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 1.600 एवं महेवा माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 1.600 तक सिल्ट सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य	0.59	5900.00	30 दिवस	50.00+G.S.T 18%	डी एवं उच्च श्रेणी
14	मवई माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 1.200 एवं अलीनगर माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 1.100 तक सिल्ट सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य	0.45	4500.00	30 दिवस	50.00+G.S.T 18%	डी एवं उच्च श्रेणी
15	गौरी माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 3.200 तक सिल्ट सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य	0.84	8400.00	30 दिवस	50.00+G.S.T 18%	डी एवं उच्च श्रेणी
16	पचोखर माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 4.000 तक सिल्ट सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य	1.06	10600.00	30 दिवस	75.00+G.S.T 18%	डी एवं उच्च श्रेणी
17	सरने माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 5.700 तक सिल्ट सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य	1.52	15200.00	30 दिवस	75.00+G.S.T 18%	डी एवं उच्च श्रेणी
18	रेमा माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 3.200 तक सिल्ट सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य	0.56	5600.00	30 दिवस	50.00+G.S.T 18%	डी एवं उच्च श्रेणी

नोट :-नियम एवं शर्तो का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://etender.up.nic.in तथा सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ0प्र0 की वेबसाईट http://idup.gov.in पर दिनांक 26.10.2026 से उपलब्ध रहेगा।

उ.प्र.:- 258440 सहायक अभियन्ता, द्वितीय
दिनांकः- 16.10.2026 मूसाखॉड़ बॉध प्रखण्ड, वाराणसी
वेबसाईटः- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

कार्यालय सहायक अभियन्ता, तृतीय
मूसा खॉड बॉध प्रखण्ड, वाराणसी

पत्रांकः- 245/स.अभि.-III/मू.खा.बा.प्र.बा./निविदा/2026-27 दिनांकः- 12.10.2026

अल्पकालिक निविदा सूचना संख्याः-06/सहा.अभि., तृतीय/2025-2026

महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर इस उपखण्ड के प्रशासनिक नियंत्रण में आने वाले भूपौली पम्प नहर प्रणाली के अन्तर्गत राजवाहों/माइनरों के रबी 1434 फसली वित्तीय वर्ष 2026-27 मे सिल्ट सफाई/स्क्रैपिंग का कार्य जनपद चन्दौली के अर्न्तगत नीचे अंकित लाट सं0 01 से लाट सं0 26 तक के कार्यो हेतु मुहरबंद निविदायें वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 29.10.2026 को अपरान्ह 02.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 30.10.2026 को अपरान्ह 02.00 बजे से सहायक अभियन्ता, तृतीय मूसा खॉड बॉध प्रखण्ड, वाराणसी के कार्यालय स्थित रविनगर कालोनी पं0 दीनदयाल उपाध्याय नगर, चन्दौली में उनके एवं निविदा समिति के सदस्यों द्वारा उपस्थित ठीकेदारों के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय (पं0द0द0उ0 नगर, चन्दौली) में दिनांक 26.10.2026, से दिनांक 28.10.2026 को पूर्वान्ह 11.00 बजे से अपरान्ह 03.00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में निर्धारित मूल्य देकर प्राप्त की जा सकती है। निविदा बिक्री हेतु निम्न शर्तो के आधीन उपलब्ध रहेगी,(1) पंजीकरण (2) जिलाधिकारी द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र (I.D.T.-1) (3) हैसियत प्रमाण पत्र (I.D.T.-2) की मूल प्रतियां प्रस्तुत की जायेगी तथा उनकी सत्यापित छायाप्रतियां भी ठेकेदार या उसके अधिकृत प्रतिनिधि का ठेकेदार द्वारा प्रदत्त अधिकार पत्र जिसमें प्रतिनिधि का हस्ताक्षर प्रमाणित किया हुआ हो भी जमा करने के पश्चात् निर्धारित मूल्य देकर प्राप्त किये जा सकते है।

अर्नेस्ट मनी/धरोहर धनराशि तथा परफारमेन्स सेक्योरटी डिपाजिट मिलाकर एन0एस0सी0 अथवा एफ0डी0आर0 के रूप में जो कि सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता, मूसा खॉड बॉध प्रखण्ड, वाराणसी के पक्ष में बंधक होगी, जमा करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। एक या समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।

लाट सं0	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रू0 लाख में)	धरोहर धनराशि	कार्य को पूर्ण करने की अवधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0में)	पंजीकृत श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7
1	हेतमपुर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.400 एवं इकयालपुर माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 2.200 तक सिल्ट सफाई/स्कैपिंग का कार्य।	0.99	9900.00	30 दिवस	50.00+G.S.T 18%	डी एवं उच्च श्रेणी
2	कवई पहाड़पुर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.400 एवं खडान माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 2.400 तक सिल्ट सफाई/स्कैपिंग का कार्य।	0.89	8400.00	30 दिवस	50.00+G.S.T 18%	डी एवं उच्च श्रेणी
3	बसगॉवा माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 5.600 तक सिल्ट सफाई/स्कैपिंग का कार्य।	1.46	14700.00	30 दिवस	75.00+G.S.T 18%	डी एवं उच्च श्रेणी
4	बहेरी माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.600 एवं कमालपुर माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 1.800 तक सिल्ट सफाई/स्कैपिंग का कार्य।	0.98	9800.00	30 दिवस	50.00+G.S.T 18%	डी एवं उच्च श्रेणी
5	रैथा माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.800, बरहन माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 2.000 तक सिल्ट सफाई/स्कैपिंग का कार्य।	0.68	6800.00	30 दिवस	50.00+G.S.T 18%	डी एवं उच्च श्रेणी
6	जिगना माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.400 एवं महुरा माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 1.900 तक सिल्ट सफाई/स्कैपिंग का कार्य।	1.28	12800.00	30 दिवस	75.00+G.S.T 18%	डी एवं उच्च श्रेणी
7	प्रहलादपुर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 3.200 तक सिल्ट सफाई/स्कैपिंग का कार्य।	0.79	7900.00	30 दिवस	50.00+G.S.T 18%	डी एवं उच्च श्रेणी
8	रामरूपदासपुर माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 4.000 तक सिल्ट सफाई/स्कैपिंग का कार्य।	0.82	8200.00	30 दिवस	50.00+G.S.T 18%	डी एवं उच्च श्रेणी
9	माधोपुर माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 1.600 एवं एवती माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.400 एवं तक सिल्ट सफाई/स्कैपिंग का कार्य।	0.83	8300.00	30 दिवस	50.00+G.S.T 18%	डी एवं उच्च श्रेणी
10	लोंकुआ माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 4.300 तक सिल्ट सफाई/स्कैपिंग का कार्य।	0.84	8400.00	30 दिवस	50.00+G.S.T 18%	डी एवं उच्च श्रेणी
11	डेढ़ावल माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 2.800 एवं छित्तमपुर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.900 तक सिल्ट सफाई/स्कैपिंग का कार्य।	0.89	8900.00	30 दिवस	50.00+G.S.T 18%	डी एवं उच्च श्रेणी
12	अमरा माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 2.480 एवं डेढ़गॉवा माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 3.200 तक सिल्ट सफाई/स्कैपिंग का कार्य।	1.48	14800.00	30 दिवस	75.00+G.S.T 18%	डी एवं उच्च श्रेणी
13	नोनासी माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 3.600 तक सिल्ट सफाई/स्कैपिंग का कार्य।	0.89	8900.00	30 दिवस	50.00+G.S.T 18%	डी एवं उच्च श्रेणी
14	उकनी माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 6.300 तक सिल्ट सफाई/स्कैपिंग का कार्य।	1.69	16900.00	30 दिवस	75.00+G.S.T 18%	डी एवं उच्च श्रेणी
15	चडौला माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.400 एवं कुसमी माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.200 के तक सिल्ट सफाई/स्कैपिंग का कार्य।	0.99	9900.00	30 दिवस	50.00+G.S.T 18%	डी एवं उच्च श्रेणी
16	सकरारी माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.800 तक सिल्ट सफाई/स्कैपिंग का कार्य।	0.69	6900.00	30 दिवस	50.00+G.S.T 18%	डी एवं उच्च श्रेणी
17	पिपरौल माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 3.200 तक सिल्ट सफाई/स्कैपिंग का कार्य।	0.80	8000.00	30 दिवस	50.00+G.S.T 18%	डी एवं उच्च श्रेणी
18	मडई माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 3.400 व हिंगुतर पूर्वी माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.950 एवं हिंगुतर पश्चिमी माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.400 तक सिल्ट सफाई/स्कैपिंग का कार्य।	1.40	14000.00	30 दिवस	75.00+G.S.T 18%	डी एवं उच्च श्रेणी
19	सेवड़ी माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.150 एवं बिरना माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 3.600 एवं के मध्य सिल्ट सफाई/स्कैपिंग का कार्य।	1.02	10200.00	30 दिवस	75.00+G.S.T 18%	डी एवं उच्च श्रेणी
20	नौगुपुर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 3.950 एवं पकड़ी माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.915 तक सिल्ट सफाई/स्कैपिंग का कार्य।	1.33	13300.00	30 दिवस	75.00+G.S.T 18%	डी एवं उच्च श्रेणी
21	मनेहस माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 4.400 के सिल्ट सफाई/स्कैपिंग का कार्य।	0.78	7800.00	30 दिवस	50.00+G.S.T 18%	डी एवं उच्च श्रेणी
22	पपौरा माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 4.400 तक सिल्ट सफाई/स्कैपिंग का कार्य।	0.82	8200.00	30 दिवस	50.00+G.S.T 18%	डी एवं उच्च श्रेणी
23	बलुआ राजवाहा के किमी0 0.000 से किमी0 4.320 तक सिल्ट सफाई/स्कैपिंग का कार्य।	1.69	16900.00	30 दिवस	75.00+G.S.T 18%	डी एवं उच्च श्रेणी
24	अमिलाई माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 5.367 तक सिल्ट सफाई/स्कैपिंग का कार्य।	1.55	15500.00	30 दिवस	75.00+G.S.T 18%	डी एवं उच्च श्रेणी
25	बौसुपुर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.160 एवं महगॉवा माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.000 तक सिल्ट सफाई/स्कैपिंग का कार्य।	0.80	8000.00	30 दिवस	50.00+G.S.T 18%	डी एवं उच्च श्रेणी
26	चहनियॉ माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.000, सुतांपुर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.800 एवं रामपुर माइनर किमी0 0.000 से किमी0 1.800 तक सिल्ट सफाई/स्कैपिंग का कार्य।	1.22	12200.00	30 दिवस	75.00+G.S.T 18%	डी एवं उच्च श्रेणी

नोट :-नियम एवं शर्तो का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://etender.up.nic.in तथा सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ0प्र0 की वेबसाईट http://idup.gov.in पर दिनांक 26.10.2026 से उपलब्ध रहेगा।

उ.प्र.:- 258518 सहायक अभियन्ता, तृतीय
दिनांकः- 16.10.2026 मूसाखॉड़ बॉध प्रखण्ड, वाराणसी
वेबसाईटः- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

कार्यालय सहायक अभियन्ता, चतुर्थ
मूसा खॉड बॉध प्रखण्ड, वाराणसी

अल्पकालिक निविदा सूचना संख्याः-03/स.अभि., चतुर्थ/2026-2027

महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से इस उपखण्ड के प्रशासनिक नियंत्रण में आने वाले नरायनपुर पम्प नहर प्रणाली के अन्तर्गत माइनरों के 1434 रबी फसली वर्ष 2026-27 में सिल्ट सफाई/स्क्रेपिंग आदि कार्यों हेतु जनपद चन्दौली के अन्तर्गत नीचे अंकित लाट सं0-01 से 17 तक के कार्यों हेतु मुहरबंद निविदायें वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 27.10.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 27.10.2026 को अपराहन 02.00 बजे सहायक अभियन्ता, चतुर्थ, मूसा खॉड़ बॉध प्रखण्ड, वाराणसी के कार्यालय (पं0द0द0उ0 नगर, चन्दौली) में उनके एवं निविदा समिति के सदस्यों द्वारा उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 22.10.2026 से 24.10.2026 को सायं 03.00 तक बजे तक किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में निर्धारित मूल्य देकर प्राप्त की जा सकती है। निविदा बिक्री हेतु निम्नलिखित शर्तों के अधीन उपलब्ध रहेगी, (1) पंजीकरण (2) जिलाधिकारी द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र (I.D.T.-1) (3) हैसियत प्रमाण पत्र (I.D.T.-2) की मूल प्रतियां प्रस्तुत की जायेगी तथा उनकी सत्यापित छायाप्रतियां भी ठेकेदार या उसके अधिकृत प्रतिनिधि का हस्ताक्षर प्रमाणित किया हुआ हो भी जमा करने के पश्चात् निर्धारित मूल्य देकर प्राप्त किये जा सकते है।

निविदादाता को अर्नेस्ट मनी/धरोहर धनराशि केवल राष्ट्रीय बैंक द्वारा निर्गत एन0एस0सी0 अथवा एफ0डी0आर0

कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी बक्शा, जौनपुर

पत्रांक–739 / लेखा / निविदा / योजनागत / 2026–27 **दिनांक**– 16.10.2026

निविदा

एतद्द्वारा वाणिज्य /आयकर कार्यालय में पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि केन्द्रिय वित्त आयोग / राज्य वित्त आयोग योजनान्तर्गत क्षेत्र पंचायत के बैठक में चयनित / अनुमोदित परियोजनाओं पर सामग्री आपूर्ति हेतु दिनांक–17.10.2026 से दिनांक–02.11.2026 दोपहर 12.00 बजे तक निविदा आमंत्रित किया जाता है जो कि किसी भी कार्य दिवस में इच्छुक निविदादाता बन्द लिफाफा में अपनी दर सूची प्रस्तुत कर सकते है। निविदादाताओं द्वारा प्रस्तुत निविदा दिनांक 02.11.2026 को तीन बजे सायं नामित अधिकारियों / कर्मचारियों द्वारा इच्छुक निविदादाता (जो उपस्थित रहना चाहते हैं) के समक्ष नियत समय से क्रय समिति द्वारा खोली जोयगीं निविदा के नियम एवं शर्ते निम्नवत है।

1. फर्म वाणिज्य /जी.एस.टी. आयकर कार्यालय में पंजीकृत होना आवश्यक है।
2. जिस फर्म का आपूर्ति दर सबसे कम होगा, उसी की निविदा स्वीकृति कर आवश्यकतानुसार सामग्री कार्यस्थल पर आपूर्ति करने हेतु स्वीकृति प्रदान की जायेगी।
3. प्रस्तुत निविदा दर सूची पी.डब्ल.डी. की स्वीकृत दर (SOR) से अधिक नही होनी चाहिए।
4. प्रस्तुत निविदा दर में सभी कर सम्मिलित रहना चाहिए एवं भुगतान करते समय शासकीय कटौती यथा आयकर, जी.एस.टी. लेबर शेष रायल्टी एवं जमानत की धनराशि की कटौती नियमानुसार किये जाने के उपरान्त ही भुगतान की कार्यवाही की जायेगी।
5. प्रस्तुत निविदा उसी फर्म की स्वीकार्य होगा, जो स्वीकृति धनराशि का 0.5 प्रतिशत से 2 प्रतिशत के मध्य में अर्नेस्ट मनी के रूप में एफ.डी.आर. /एन.एस.सी. जो खण्ड विकास अधिकारी बक्शा के पक्ष में बंधक हो जमा किया जाना अनिवार्य है। निविदादाता द्वारा प्रस्तुत दर सूची स्वीकृत न होने की स्थिति में उक्त राशि वापस कर दी जायेगी तथा जिनकी निविदा स्वीकृत होगी, उनकी धरोहर राशि कार्यालय में अभिरक्षित कर ली जायेगी। साथ ही बिल के भुगतान के समय कुल जमानत राशि 10 प्रतिशत के सापेक्ष अर्नेस्ट मनी के रूप में जमा की गयी धनराशि को घटाये हुए बिल की र ाशि से कटौती कर सुरक्षित रख ली जायेगी। जो कार्य पूर्ण होने के 6 माह बाद यदि कोई आपत्ति न हुई तो वापस कर दी जायेगी।
6. समस्त निविदा परियोजनावर स्वीकार्य होगी तथा कार्यस्थल पर सामग्री ससमय उपलब्ध न कराये अथवा आपूर्ति की गयी सामग्री गुणवत्तपूर्ण न होने की स्थिति में बिना कारण स्पष्ट किये किसी भी समय निविदा निरस्त करने एवं जमानत के रूप में रक्षित राशि जब्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।
7. प्रत्येक निविदादाता द्वारा जी.एस.टी. की राशि कम से कम 3 माह की जमा किये जाने की रसीद तथा आई.टी.आर. विगत 01 वर्ष का प्रमाण पत्र अवश्य देय होगा।
8. फार्म विक्रय राशि अधोहस्ताक्षरी के क्षेत्र निधि खाता संख्या–414022060000143 यू.पी. ग्रामीण बैंक बक्शा में मु. 500.00 रूपये प्रति फार्म की दर से जमा करते हुए निविदा खोलने समय जमा की गयी राशि उपलब्ध कराना अनिवार्य है।

क्र. सं.	ग्राम पंचायत का नाम	कार्य का नाम	योजना का नाम	लम्बाई संख्या	सामग्री	श्रमांश	योग
1	बडारी	दुर्गा माता मंदिर पर पेयजल / वाटर कूलर स्थापना कार्य	केन्दीय वित्त टाइड	1 नग	444291.00	7673.00	451964.00
2	मई	राउर बाबा मंदिर पर पेयजल / वाटर कूलर स्थापना कार्य	केन्दीय वित्त टाइड	1 नग	444291.00	7673.00	451964.00
3	धनियामउ	काली माता मंदिर पर पेयजल / वाटर कूलर स्थापना कार्य	केन्दीय वित्त टाइड	1 नग	444291.00	7673.00	451964.00
4	बक्शा	हनुमान जी मंदिर पर पेयजल / वाटर कूलर स्थापना कार्य	केन्दीय वित्त टाइड	1 नग	444291.00	7673.00	451964.00
5	सरायहरखू	सरायहरखू रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म 01 पर वाटर कूलर स्थापना कार्य	केन्दीय वित्त टाइड	1 नग	444291.00	7673.00	451964.00
6	दिलशादपुर	तेजीबाजार चौराहे पर पेयजल / वाटर कूलर स्थापना कार्य	केन्दीय वित्त टाइड	1 नग	444291.00	7673.00	451964.00
7	बक्शा	विकास खण्ड परिसर में पर पेयजल / वाटर कूलर स्थापना कार्य	केन्दीय वित्त टाइड	1 नग	444291.00	7673.00	451964.00
8	तेजीबाजार	थाना परिसर पर पेयजल / वाटर कूलर स्थापना कार्य	केन्दीय वित्त	1 नग	444291.00	7673.00	451964.00
9	छंगापुर	चौरेश्वर महादेव मंदिर पर पेयजल / वाटर कूलर स्थापना कार्य	केन्दीय वित्त टाइड	1 नग	444291.00	7673.00	451964.00
10	औका	बाबा परमहंस मंदिर पर पेयजल / वाटर कूलर स्थापना कार्य	केन्दीय वित्त टाइड	1 नग	444291.00	7673.00	451964.00
11	धनियामउ	भोला मंदिर पर पेयजल / वाटर कूलर स्थापना कार्य	केन्दीय वित्त टाइड	1 नग	444291.00	7673.00	451964.00
13	अगरौरा	भूलेर का पुरा व चौरा माता मंदिर पर पेयजल / वाटर कूलर स्थापना कार्य	केन्दीय वित्त टाइड	1 नग	444291.00	7673.00	451964.00
14	अगरौरा	ग्राम पंचायत अगरौरा में अनुसूचित बस्ती में नाली निर्माण कार्य	केन्दीय वित्त टाइड	250मी.	880055.00	1471.00	994766.00
15	सरौली	सदाशिव मंदिर पर पेयजल / वाटर कूलर स्थापना कार्य	केन्दीय वित्त टाइड	1 नग	444291.00	7673.00	451964.00
16	देवरिया	सम्भलगंज चौहान बस्ती में पेयजल / वाटर कूलर स्थापना कार्य	केन्दीय वित्त टाइड	1 नग	444291.00	7673.00	451964.00
17	अगरौरा	अगरौरा के महुआरी बस्ती में पर पेयजल / वाटर कूलर स्थापना कार्य	केन्दीय वित्त टाइड	1 नग	444291.00	7673.00	451964.00
18	बेलापार	बेलापार में आरो वाटर स्थापना कार्य	केन्दीय वित्त टाइड	1 नग	444291.00	7673.00	451964.00
19	बीरभानपुर	शंकर भगवान मंदिर पर पेयजल / वाटर कूलर निर्माण	केन्दीय वित्त टाइड	1 नग	444291.00	7673.00	451964.00
20	भिवरहॉ	प्रेमशंकर के खेत से ज्ञानू सिंह के खेत होते हुए मेन तालाब तक नाला निर्माण कार्य	केन्दीय वित्त टाइड	248मी.	879301.00	120195.00	999496.00
21.	सरायहरखू	टिकरी में विपिन के चक से विरेन्द्र के चक तक नाली निर्माण कार्य।	केन्दीय वित्त टाइड	248	879301.00	120195.00	999496.00
22.	अगरौरा	सोनवर में अनुसूचित बस्ती में ह्यूम पाईप नाली निर्माण कार्य।	केन्दीय वित्त टाइड	339	895965.00	103131.00	999096.00
23.	सलामतपुर	खडंजा से आशीष सिंह के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य	केन्दीय वित्त अनटाइड	100	449270.00	50493.00	499764.00
24	भोसिला	पिच रोड से काजू उपाध्याय के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य	केन्दीय वित्त अनटाइड	110	492443.00	55544.00	547987.00
25	मैनुद्दीनपुर	खंडजा से सभापति प्रजापति के तक घर इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य	केन्दीय वित्त अनटाइड	90	7055803.00	45446.00	451250.00
26.	ब्राह्मणपुर नवाबाद	ब्राह्मणपुर नवाबाद में उमाशंकर मिश्रा के घर से प्रा.वि तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य	केन्दीय वित्त अनटाइड	200	8817.93.00	100986.00	982779.00
27.	कलिजरा	उदयराज चौहान के घर से टाटा चौहान के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य	केन्दीय वित्त अनटाइड	200	8817.93.00	100986.00	982779.00
28.	दिलशादपुर	तेजीबाजार में अशोक सिंह के घर से मुख्य मार्ग तक सी.सी. रोड निर्माण	केन्दीय वित्त अनटाइड	100	475519.00	58286.00	533805.00
29.	सरायत्रिलोकी	कुशल सिंह के घर से आकाश सिंह के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य	केन्दीय वित्त अनटाइड	150	665384.00	75741.00	741126.00
30.	औका	इण्टरलाकिंग से देशराज शर्मा के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य	केन्दीय वित्त अनटाइड	200	881793.00	100986.00	982779.00
31.	औका	विकान्त शर्मा के घर से राजमणि शर्मा के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य	केन्दीय वित्त अनटाइड	203	8.99	1.00	9.99
32.	औका	अमरनाथ शर्मा के घर से इन्द्रनाथ शर्मा के खेत तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य	केन्दीय वित्त अनटाइड	150	894856.00	102498.00	997354.00
33.	मैनुद्दीनपुर	पिच रोड से मनीष सिंह के घर तकइण्टरलाकिंग निर्माण कार्य	केन्दीय वित्त अनटाइड	100	449270.00	50304.00	499575.00
34.	भिवरहॉ	पिच रोड से प्रजापति बस्ती बस्ती व सुरेन्द्र सिंह के घर तक इण्टरलाकिंग /सी.सी. रोड निर्माण कार्य	केन्दीय वित्त अनटाइड	190	874481.00	109253.00	983735.00
35.	कटहरी	प्रा. स्वास्थ्य केन्द्र के पास ब्राह्मण बस्ती तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य	राज्य वित्त	170	752024.00	85839.00	837863.00
36.	रसिकापुर	पिच रोड से चन्द्रकेश शर्मा के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य	राज्य वित्त	40	189353.00	20197.00	209551.00
37.	सवंसा	रमाशंकर उपाध्याय स्व. सेनानी पार्क परिसर में सुंदरीकरण कार्य	राज्य वित्त	500	664030.00	0.00	664030.00
38.	मगरेसर	चौरामाता से सरकारी दुकान सुरेश चन्द गौतम के घर तक खडन्जा निर्माण	राज्य वित्त	250	318650.00	78574.00	397224.00
39.	बेलावॉ	पिच रोड से सुनील के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य	राज्य वित्त	170	752024.00	85839.00	837863.00
40.	दिलशादपुर	पिच रोड से रोशन विश्वकर्मा के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य	राज्य वित्त	170	752024.00	85839.00	837863.00
41.	मितावॉ	पिच रोड से दिवाकर मिश्रा के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य	राज्य वित्त	90	405803.00	45446.00	451250.00
42.	खैरपारा	विनोद चतुर्वेदी के घर से मुख्य मार्ग तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य	राज्य वित्त	80	362631.00	40395.00	403026.00
43.	बक्खोपुर	राजेश निषाद के घर से प्रजापति बस्ती तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य	राज्य वित्त	180	795154.00	90888.00	886042.00
44.	बेदौली	पिच रोड से महेश मिश्रा के मशीन तक स्मार्ट खडंजा निर्माण कार्य	राज्य वित्त	180	626755.00	117194.00	743949.00
45.	प्राण पट्टी	शिवकुमार के घर से पूर्व मुख्य मार्ग तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य	राज्य वित्त	140	622212.00	70690.00	692903.00
46.	कलिजरा	इण्टरलाकिंग से राम सूरत चौहान के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य	राज्य वित्त	80	362631.00	40395.00	403026.00
47.	मैनुद्दीनपुर	अंकुश सिंह के घर से सूरज के घर के आगे तक नाली व इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य	राज्य वित्त	139	895304.00	103849.00	999153.00
48	चवरी	मुख्य मार्ग से पाठक बस्ती तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य	राज्य वित्त	200	881793.00	100986.00	982779.00
49.	अगरौरा	अगरौरा के सोनवर मे कोमल गिरी के घर से मनोज के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य	राज्य वित्त	100	449270.00	50493.00	499764.00
50	चुरावनपुर	मुख्य मार्ग से संजय कोटेदार के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य	राज्य वित्त	100	44927.00	50493.00	499764.00
51	छंगापुर	चौरेश्वर नाथ मंदिर से पम्प कैनाल मार्ग तक पुलिया तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य	राज्य वित्त	150	704624.00	87429.00	792053.00
52	बेलापार	पिच रोड से यादव बस्ती व गौड़ बस्ती तक खंडजा निर्माण कार्य	राज्य वित्त	400	494329.00	124999.00	619328.00
53	मैनुद्दीनपुर	पिच रोड से जय प्रकाश सिंह के घर इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य	राज्य वित्त	90	405803.00	45446.00	451250.00
54.	बेलापार	अम्बेडकर पार्क में बाउण्डीवाल व गेट निर्माण कार्य	राज्य वित्त	206	982963.00	0.00	982963.00
55.	बेलापार	बेलापार कब्रिस्तान पर बाउण्डीवाल व गेट निर्माण कार्य	राज्य वित्त	205	982963.00	0.00	982963.00
56.	रावतपुर	पिच रोड से सुबाष सिंह के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य	राज्य वित्त	150	665384.00	75741.00	741126.00
57.	बीरमानपुर	पिच रोड से राजेश यादव के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य	राज्य वित्त	100	449270.00	50493.00	499764.00
58.	वीरभानपुर	पिच रोड से ओम प्रकाश सिंह के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य	राज्य वित्त	50	232862.00	25248.00	258110.00
59.	बेलापार	पिच रोड से ठाकुर बस्ती प्रजापति कहार बिन्द बस्ती तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य	राज्य वित्त	200	881793.00	100986.00	982779.00
60.	बेलापार	परमानन्द के घरसे एन.एच. हाइवे तक आर.सी.सी. रोड निर्माण	राज्य वित्त	190	887974.00	110744.00	998718.00
61.	गोपालापुर	पिच रोड से हिम्मत सिंह के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य	राज्य वित्त	125	557185.00	63120.00	620305.00
62.	चवरी	चवरी में पूरासावल में ठाकुर बस्ती में धोबी बस्ती तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य	राज्य वित्त	203	894856.00	103961.00	998817.00
63.	अगरौरा	अगरोरा में पिच रोड से अनुसूचित बस्ती तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य	राज्य वित्त	203	894856.00	103961.00	998817.00
64.	भैरोपुर	सवंसा में स्व. रमाशंकर उपाध्याय जी स्व. सेनानी पार्क परिसर में सी.सी. रोड निर्माण	राज्य वित्त	50	246077.00	29143.00	275220.00
65.	सुल्तानपुर	सुल्तानपुर तिवारीपुर में हृदयनारायण तिवारी के चक से लोकाबीर धाम तक इण्टरलाकिंग	राज्य वित्त	203	894856.00	103961.00	998817.00
66.	शंकरगढ़	पिच रोड से जोखन बिन्द के घर तक स्मार्ट खन्डजा निर्माण कार्य	राज्य वित्त	244	840365.00	158407.00	998773.00
67.	गढ़ाबाघराय	पिच रोड से विश्वकर्मा बस्ती तक स्मार्ट खन्डजा निर्माण कार्य	राज्य वित्त	244	840365.00	158407.00	998773.00
68.	बरपुर	बरपुर में राजदेव के घर से कृष्णकान्त तिवारी के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य	राज्य वित्त	203	894856.00	103961.00	998817.00
69.	लेदुका	पिच रोड से बाकेलाल के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य	राज्य वित्त	203	894856.00	103961.00	998817.00
70.	छंगापुर	नहर से कड़ेदीन तिवारी के घर तकइण्टरलाकिंग निर्माण कार्य	राज्य वित्त	203	894856.00	103961.00	998817.00
71.	सरायविभार	ग्राम पंचायत सराय विभार में इण्टरलाकिंग से सुनील यादव के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य	राज्य वित्त	189	834066.00	95433.00	929500.00
72	विकास खण्ड परिसर.	विकास खण्ड परिसर. में कमरो का मरम्मत एवं रंगाई पुताई कार्य	राज्य वित्त	1	667495.00	120149.00	787644.00
73	विकास खण्ड परिसर.	विकास खण्ड में गेट बाउण्ड्रीवाल का कार्य	राज्य वित्त	1	731358.00	88517.00	819876.00
74	विकास खण्ड परिसर.	विकास खण्ड परिसर. में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का मरम्मत व सुन्दरीकरण कार्य	राज्य वित्त	1	732196.00	131795.00	863991.00
75	मगरेसर	ग्राम पंचायत मंगरेसर में प्रा.वि. से होते हुए मुख्य मार्ग तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य	राज्य वित्त	200	881793.00	100986.00	982779.00
76.	औका	ग्राम पंचायत औका में पिच रोड से दिलीप रायल के के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य	राज्य वित्त	190	838662.00	95939.00	934602.00
77.	मितावॉ	ग्राम पंचायत भोसिला में पिच रोड से विशम्बर उपाध्याय के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य	राज्य वित्त	190	838662.00	95939.00	934602.00
78.	चवरी	ग्राम पंचायत चवरी में पूरा लाल में प्रा.वि. के सामने से ठाकुर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य	राज्य वित्त	190	838662.00	95939.00	934602.00
79.	मितावॉ	ग्राम पंचायत मितावॉ में ब्रह्मबाबा परिसर होते हुए विश्वकर्मा बस्ती बस्ती तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य	राज्य वित्त	180	626755.00	117194.00	743949.00
80.	मैनुद्दीनपुर	ग्रा.पं. मैनुद्दीनपुर में पिच रोड से प्रभाकर पाण्डेय के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य	राज्य वित्त	120	535573.00	60364.00	595938.00
81.	मैनुद्दीनपुर	ग्रा.पं. मैनुद्दीनपुर में मुख्य मार्ग से अन्तिम सिंह के फार्म तक खन्डाज निर्माण कार्य	राज्य वित्त	150	232602.00	63608.00	296201.00
82.	लेदुका	ग्रा.पं. लेदुका में चौहान बस्ती व गुप्ता बस्ती तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य	राज्य वित्त	190	838662.00	95939.00	934602.00
83.	लेदुका	ग्रा.पं. लेदुका में ब्राह्मण बस्ती में ह्यूम पाइप युक्त नाली निर्माण	राज्य वित्त	200	864366.00	124905.00	982771.00
84.	सहोदरपुर	ग्रा.पं. सहोदरपुर में प्रा.वि. से अमरनाथ निषाद के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य	राज्य वित्त	190	838662.00	95939.00	934602.00
85.	दिलशादपुर	ग्रा.पं. दिलशादपुर में पिच रोड से मौर्या बस्ती तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य	राज्य वित्त	190	838662.00	95939.00	934602.00
86.	अगरौरा	ग्रा.पं. सोनवर में महेन्द्र यादव के घर से सुरेन्द्र के चक तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य	राज्य वित्त	203	894856.00	102498.00	997354.00
87.	कटहरी	ग्रा.पं. कटहरी में ब्राह्मण बस्ती में प्रा.वि. स्वास्थय तक तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य	राज्य वित्त	170	752024.00	87064.00	839088.00
88.	धनियामउ	ग्रा.पं. धनियामउ पिच रोड से शुभम मिश्रा के घर से सी.सी. रोड निर्माण कार्य	राज्य वित्त	190	887974.00	110744.00	998718.00
89.	मई	ग्रा.पं. मई में राजबहादुर के बाग से नौपेड़वो मुख्य मार्ग तक खडन्जा	राज्य वित्त	235	894856.00	102498.00	997354.00
90.	गैरीखुर्द	ग्रा.पं गैरीखुर्द में नागेश तिवारी के घर से शोमनाथ मिश्रा के घर तक खडन्जा निर्माण कार्य	.राज्य वित्त	203	290210.00	59210.00	349420.00
91.	कटहरी	ग्रा.पं. कटहरी में पिच रोड से अखिलेश पाल के घर तक स्मार्ट खडन्जा निर्माण कार्य	राज्य वित्त	244	840365.00	158407	998773.00
92.	ब्राह्मणपुर नवाबाद	ग्रा.पं ब्राह्मणपुर नवाबाद में राम नारायण के घर से सुशील तिवारी के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य	.राज्य वित्त	203	894856.00	102498.00	997354.00
93	बड़ारी	जयप्रकाश के घर से अरूण पाठक के घर होते हुए जगदम्बा पाठक के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य	.राज्य वित्त	203	894856.00	102498.00	997354.00

खण्ड विकास अधिकारी
बक्शा, जौनपुर

उपजिलाधिकारी / प्रशासक
बदलापुर–जौनपुर

संवेदनशील कदम

देशमें सड़क दुर्घटनाएं न केवल मानवीय जीवनके लिए एक बड़ा त्रासदीपूर्ण मोड होती है, बल्कि कई बार दुर्घटनाके बाद पीड़ित परिवारोंको अचानक आये गम्भीर आर्थिक संकट और चिकित्सा खर्चोंका भी सामना करना पड़ता है। ऐसेमें केन्द्र सरकारका सर्वोच्च न्यायालयको सड़क दुर्घटना पीड़ितोंके लिए अन्तरिम मुआवजा योजना लागू करनेकी जानकारी देना एक अत्यन्त संवेदनशील और व्यावहारिक कदम है। इसके तहत मृतकके आश्रितोंको दो लाख और गम्भीर रूपसे घायल व्यक्तिको एक लाख रुपयेकी सहायता मिलेगी। मोटर वाहन अधिनियमकी धारा १६४-ए के तहत लायी गयी यह योजना लम्बे समयसे लम्बित थी, जिसे सर्वोच्च न्यायालयके कड़े रुख और अधिवक्ता के.सी. जैनकी दायर अवमानना याचिकाके बाद गति मिली। भारतमें सड़क हादसोंकी स्थिति बेहद चिन्ताजनक है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालयकी रिपोर्टोंके अनुसार देशमें हर साल करीब ४.६ लाखसे अधिक सड़क दुर्घटनाएं होती हैं, जिसमें लगभग १.६८ लाख लोग अपनी जान गंवा देते हैं, यानी प्रतिदिन औसतन ४६० से अधिक मौतें होती हैं। इन दुर्घटनाओंमें मुख्य रूपसे कमाने वाले सदस्योंकी जान जानेसे परिवार पूरी तरह बिखर जाते हैं। मोटर वाहन दुर्घटना दावा अधिकरणमें अन्तिम मुआवजेके फैसले आनेमें सालों लग जाते हैं। ऐसेमें यह अन्तरिम राहत, जो बादमें अन्तिम मुआवजेमें समायोजित हो जायगी, किसी संजीवनीसे कम नहीं है। हालांकि इस योजनाकी सफलता इसके सफल क्रियान्वयनपर निर्भर करेगी। सर्वोच्च न्यायालयकी पीठका यह कहना सर्वथा उचित है कि जबतक इस योजनाका व्यापक प्रचार-प्रसार नहीं होगा, तबतक आम जनता और दुर्घटना दावोंकी सुनवाई कर रहे ट्रिब्यूनलोंको इसकी जानकारी कैसे मिलेगी। प्रस्तावित आनलाइन पोर्टलको सुगम और तेज बनाना होगा, ताकि पीड़ित परिवारोंको कागजी लालफीताशाहीमें न उलझना पड़े। सर्वोच्च न्यायालयने गैर-बीमित वाहनोंसे होने वाली दुर्घटनाओंको भी योजनामें शामिल करनेपर विचार करनेको कहा है। सरकारको इसपर शीघ्र निर्णय लेना चाहिए ताकि राहत बीमाकी स्थितिपर निर्भर न रहे। सड़क सुरक्षाका अर्थ हादसे रोकनेके साथ-साथ दुर्घटनाके बाद त्वरित चिकित्सा, आर्थिक सहायता और न्याय सुनिश्चित करना भी है। सरकारको निगरानी, समयबद्ध भुगतान और जन-जागरूकतापर जोर देना होगा। योजनाको कागजोंसे निकालकर जमीनपर उतारना ही पीड़ित परिवारोंके प्रति वास्तविक संवेदनशीलता होगी। सरकारको इस दिशामें अविलम्ब ठोस कदम उठाने चाहिए।

पतिहन्ता महिलाओंको सबक

मेरठके अमित कश्यप हत्याकाण्डमें दोषी ठहरायी गयी पत्नी रविता और उसके प्रेमी अमरदीपको अदालतने शुक्रवारको फांसीकी सजा सुनायी। मेरठमें एक हफ्तेमें इस तरहके अपराधके लिए मौतकी सजा पाने वाले दूसरे प्रेमी युगल हैं। इसके पहले बुधवारको चर्चित नीला ड्रम काण्डमें सौरभ राजपूतकी हत्यामें उनकी पत्नी मुस्कान और उसके प्रेमी साहिलको जिला जजकी अदालतने फांसीकी सजा सुनायी थी। एक युक्ति है कि तीन छिपाये नहीं छिये चोरी, हत्या, पाप। इन दोनों मामलोंमें भी ऐसी ही चाल चली गयी लेकिन सत्य उजागर हो ही गया। सौरभ हत्याकाण्डमें शवको टुकड़ोंमें बांट कर नीले ड्रममें सीमेण्ट-कंक्रीटके साथ जाम कर दिया गया लेकिन ड्रमसे उठने वाली दुर्गन्धने पोल खोल दी और एक हफ्ते बाद पुलिसने शव बरामद कर लिया, जबकि दूसरे मामलेमें पत्नी रविताने पतिकी हत्याके बाद घटनाको दूसरा ही रंग देनेका प्रयास किया, जिसमें पूरी तरह विफल रही। अमितका शव घरमें बिस्तरपर मिला था। रविताने पतिकी मौत सांपके डसनेसे होनेकी बात कही। दरअसल रविताने प्रेमी अमरदीपके साथ मिलकर पतिकी पहले ही गला दबाकर हत्या कर दी थी और वारदातको सर्पदंशसे मौत साबित करनेकी साजिश रची। शवके नीचे जीवित सांप मिला, जो एक सपेरेसे खरीदा गया था। अमितके शरीरपर सांप डसनेके कई निशान थे लेकिन अन्तिम संस्कारके पहले पहुंची पुलिसने शवको कब्जेमें लेकर स्वजनके इनकारके बावजूद शवका पोस्टमार्टम कराया, जिसमें खुलासा हुआ कि मौत सांपके जहरसे नहीं, बल्कि गला और मुंह दबानेसे दम घुटनेके कारण हुई। पुलिसकी सख्तीपर रविता और प्रेमीने जुर्म कुबूल कर लिया और सचाई सामने आ गयी। पतिकी हत्यामें पत्नी और प्रेमीको मौतकी सजासे इसी तरहके मामलोंमें अपने फैसलेके इन्तजारमें जेलोंमें बंद युगल प्रेमी दहशतमें है। फैसलेपर अमल भी शीघ्र होनी चाहिए क्योंकि यह एक व्यक्तिकी हत्या नहीं अपितु विवाह जैसे पवित्र संस्कारके विश्वासकी हत्या है। अदालतका फैसला उचित और न्यायसंगत है।

लोक संवाद

अभिव्यक्तिकी आजादी

महोदय,-लोकतंत्रकी सबसे बड़ी खूबसूरती नागरिकोंको अभिव्यक्तिकी आजादी देना है। किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्थामें जनता सिर्फ पांच सालमें एक बार वोट देने वाली मशीन नहीं होती। वह सरकारके फैसलोंकी सजग समीक्षक भी होती है। भारतीय संविधानने नागरिकोंको अपनी असहमति और विरोध दर्ज करानेका एक मजबूत हथियार दिया है। भारतमें विरोध प्रदर्शन करना कोई विशेषाधिकार नहीं, बल्कि एक मौलिक और संवैधानिक अधिकार है। यह अधिकार ही लोकतंत्रको तानाशाही बननेसे रोकता है। भारतीय संविधानका अनुच्छेद १९(१) देश के प्रत्येक नागरिकको वाक् और अभिव्यक्तिकी स्वतंत्रता देता है। इसके तहत किसी भी सरकारी नीति या कानूनके खिलाफ अपनी बात रखने, नाराजगी जताने या शांतिपूर्ण तरीकेसे अपनी मांग रखनेका अधिकार शामिल है। इसीके साथ अनुच्छेद १९(१)(इ) बिना हथियारोंके, शांतिपूर्वक एकत्र होनेका अधिकार देता है। ये दोनों अनुच्छेद मिलकर नागरिकोंको शांतिपूर्ण धरने, रैलियां, जुलूस और मार्च निकालनेकी आजादी देते हैं। भारतके सर्वोच्च न्यायालयने भी अपने कई ऐतिहासिक फैसलोंमें स्पष्ट किया है कि सरकारकी नीतियोंसे असहमति जताना और शांतिपूर्ण प्रदर्शन करना लोकतंत्रकी बुनियादी आत्मा है। भारतका जन्म ही आन्दोलनों और विरोध प्रदर्शनोंकी कोखसे हुआ है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधीका सत्याग्रह, दांडी मार्च और भारत छोड़ो आन्दोलन इसके सबसे बड़े उदाहरण हैं। आजादीके बाद भी कई बड़े सामाजिक और राजनीतिक बदलावोंकी शुरुआत सड़कोंपर हुए शांतिपूर्ण प्रदर्शनोंसे ही हुई है। चाहे वह सत्तरके दशकका जेपी आन्दोलन हो, भ्रष्टाचारके खिलाफ अन्ना हजारेका आन्दोलन हो, या हालके वर्षोंमें हुए विभिन्न सामाजिक आन्दोलन। इन सभीने यह साबित किया है कि जब संसद गूंगी हो जाती है, तब सड़क अपनी आवाजसे व्यवस्थाको जगानेका काम करती है। संवैधानिक अधिकार कभी भी असीमित नहीं होते। संविधानका अनुच्छेद १९(२) इन अधिकारोंपर कुछ तार्किक प्रतिबंध भी लगाता है। विरोध हमेशा शांतिपूर्ण और अहिंसक होना चाहिए। हिंसा, आगजनी या सार्वजनिक संपत्तिको नुकसान पहुंचाना संवैधानिक अधिकारके दायरेमें नहीं आता। प्रदर्शनसे देशकी संप्रभुता, अखंडता और सुरक्षाको खतरा नहीं होना चाहिए। न्यायालयोंने भी कई बार साफ किया है कि प्रदर्शनकारियोंको लम्बे समयतक सार्वजनिक रास्तों या सड़कोंको इस तरह जाम करनेका अधिकार नहीं है, जिससे आम नागरिकोंके जीनेके अधिकार और आवाजाहीपर बुरा असर पड़े। एक स्वस्थ लोकतंत्रके लिए असहमतिका होना उतना ही जरूरी है जितना कि सांस लेनेके लिए ऑक्सीजन। विरोध प्रदर्शन नागरिकों और सरकारके बीच संवादका एक माध्यम हैं। सरकारको भी शांतिपूर्ण प्रदर्शनोंको दबानेके बजाय, उनकी आवाजको संवेदनशीलता से सुनना चाहिए। अंततः जिम्मेदार नागरिकों द्वारा किया गया शांतिपूर्ण और अनुशासित विरोध ही देशके लोकतंत्रको अधिक परिपक्व, पारदर्शी और मजबूत बनाता है। **-सूर्यदीप कुशवाहा, वाराणसी।**

स्टारलिंकको लेकर भारतकी चिन्ता

सरकार इस बातको लेकर गम्भीर रूपसे चिन्तित है कि स्टारलिंकके आनेसे चरमपंथियोंको हजारोंकी संख्यामें सैटेलाइट फोन उपलब्ध करानेसे सुरक्षा संबंधी क्या परिणाम हो सकते हैं, जो भारतके हितोंके खिलाफ काम करते हों। सरकार देशकी सुरक्षाको मद्देनजर रखते हुए आगे बढ़ रही है।

❑ आर. जगन्नाथन

गत ८ अक्तूबरको स्पेसएक्सके मालिक ईलॉन मस्कने दावा किया कि भारतके ओलिगार्क (अति धनाढ्य कुलीन वर्ग) उनकी स्टारलिंक सैटेलाइट फोन सेवाओंको रोक रहे हैं। खुद मस्कको टेक क्षेत्रके अरबपतियोंमें 'सुपर-ओलिगार्क' कहा जा सकता है। शायद 'उल्टा चोर कोतवाल को डांटे' कहावत ऐसे ही मौकोंके लिए बनी है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया मंच एक्सपर कहा, 'दुर्भाग्यसे कुछ ओलिगार्क हमें रोक रहे हैं, ताकि भारतीय लोगोंपर अपनी एकाधिकारवादी पकड़ बनाये रख सकें। आप अन्दाजा लगा सकते हैं कि वे कौन हैं। यह भारतके लोगोंके खिलाफ अपराध है।' मस्कसे जुड़े एक एक्स अकाउंटने यह भी कहा कि मई २०२६ तक ११,२५६ से अधिक गांवोंमें ४जी सेवाएंतक उपलब्ध नहीं हैं। इस समय 'वोट चोरी' के खिलाफ प्रदर्शनमें लगे राहुल गांधीने भी मस्कके दावेका समर्थन करते हुए 'वेलकम टु इंडिया' पोस्ट कर दिया। कोई भारतीय राजनेता कहीं अधिक ताकतवर विदेशी ओलिगार्कके पक्षमें उससे कहीं कम ताकतवर भारतीय ओलिगार्कोंके खिलाफ मोर्चा संभाले, शायद इस वक्त इसकी जरूरत नहीं। मस्ककी बात वास्तविकतासे काफी दूर है। स्टारलिंकका मुख्य विरोध जियोके मुकेश अंबानी या भारती एयरटेलके सुनील मित्तलकी ओरसे नहीं भारत सरकारकी ओरसे है। सरकार इस बातको लेकर गम्भीर रूपसे चिंतित है कि ऐसे संघटनोंको हजारोंकी संख्यामें सैटेलाइट फोन उपलब्ध करानेसे सुरक्षा संबंधी क्या परिणाम हो सकते हैं जो भारतके हितोंके खिलाफ काम करते हों।

भारतकी सुरक्षा संबंधी चिन्ताएं वास्तविक हैं। केवल अराजकतावादी ही इसके उलट तर्क दे सकते हैं। भारतके विभिन्न राज्योंमें पुलिस बल अक्सर दंगाई भीड़को एक-दूसरेसे संपर्क करने और पुलिस व्यवस्थाको मुश्किल बनानेसे रोकनेके लिए इंटरनेट सेवाएं बंद कर देते हैं। सैटेलाइटके जरिये इंटरनेट कनेक्शनवाले फोन आसानीसे उपलब्ध होनेपर भीड़को नियंत्रित करनेका तरीका संभव नहीं रहेगा। उग्रवादियोंके हाथोंमें सैटेलाइट फोनकी उपलब्धता ऐसा खतरा है जिसे भारत हल्केमें नहीं ले सकता। यदि इसमें राजनीतिक रुझान रखने वाले स्टारलिंक प्रमुखकी संभावना भी जोड़ दी जाये समझना मुश्किल नहीं है।

जब स्टारलिंकने भारतमें अपनी सेवाएं शुरू करनेकी मंशा जाहिर की थी तब उसके साथ साझेदारी करने वाले पहले कारोबारी वही ओलिगार्क थे जिनके खिलाफ मस्क अब आरोप लगा रहे हैं। मोदी सरकारने एकाधिकार जैसी स्थिति बननेसे रोकनेके लिए भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) और वोडाफोन दोनोंको बचाये रखनेके लिए सैकड़ों करोड़ रुपये दिये हैं या उनका कर्ज माफ किया है। यदि मस्क वास्तवमें भारतके अंतिम व्यक्तितक सेवाएं पहुंचानेके लिए इतने उत्सुक होते तो वह आसानीसे खुद वोडाफोनको आर्थिक मदद देकर बचा सकते थे और भारतीय दूरसंचार व्यवस्थामें अपनी मजबूत जगह बना सकते थे। लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। वह भारतीय बाजारमें पैसा कमानेके साथ-साथ राजनीतिक प्रभाव बढ़ानेके लिए भी प्रवेश करना चाहते हैं। एक्स, ग्रोक और स्टारलिंकके जरिये वह भारतीय राजनीतिको प्रभावित करनेकी बेहद शक्तिशाली स्थितिमें होंगे। शुरुआती दौरमें सैटेलाइट संचारका बाजार बहुत छोटा रहनेकी संभावना है। विदेशी सैटकॉम कम्पनियोंको भारतमें सेवाकी अनुमति देनेके पीछे तर्क यह है कि देशके अंदरूनी और पहाड़ी इलाकोंमें नियमित दूरसंचार सेवाएं या तो बहुत खराब हैं या बिल्कुल उपलब्ध नहीं हैं। लेकिन यदि यह मान लिया जाय कि इन इलाकोंमें रहने वाले लोग गरीब भी हैं तो ऐसी सेवाओंके लिए भुगतान करने वाला बाजार भी कमजोर रहनेकी सम्भावना है। कमसे कम शुरुआती वर्षोंमें। सैटेलाइट संचार सेवाओंका वास्तविक बाजार, जिसमें सैटेलाइटसे सीधे मोबाइल फोनतक इंटरनेट पहुंचाने वाली सेवाएं भी शामिल हैं, क्रमश: इस तरह उभरेगा- सबसे पहले राज्य, यानी सशस्त्र बल, केन्द्रीय और राज्य पुलिस तथा प्रशासनिक अधिकारी, इसके बाद राजनेता, कारोबारी, शहरी अमीर और मध्यम वर्ग। इनमेंसे अंतिम चार वर्गोंको, जिनमें ज्यादातर शहरी लोग हैं, सैटेलाइट फोनकी जरूरत नहीं है, क्योंकि उन्हें पहलेसे ब्रॉडबैंड वाई-फाई और ५जी सेवाएं उपलब्ध हैं।

इस श्रेणीके लिए सैटेलाइट फोन दिखावेकी खरीद हो सकता है। लेकिन तस्कर और असामाजिक तत्व तत्काल सैटेलाइट फोन रखना चाहेंगे। यह दावा हास्यास्पद है कि सैटेलाइट फोनका इस्तेमाल पहाड़ोंके गरीब लोग करेंगे। अमीर हमेशा गरीबोंकी मददके तर्कका सहारा लेकर अपने हितोंको उचित ठहराते हैं। दूसरा, इस कारोबारमें शुरुआती निवेश बहुत बड़ा है। सुनील मित्तल और मुकेश अंबानी दोनों ही शायद खुद इतना निवेश करनेके बजाय मस्ककी सफलताका लाभ उठाना पसन्द करते। दूसरी ओर सरकारने ही मस्कके बड़े निवेशके साथ भारतमें प्रवेश करनेसे पहले स्वदेशी विकल्प उपलब्ध करानेके लिए अंबानीको १६०० निकट-पृथ्वी कक्षीय उपग्रह स्थापित करनेके लिए प्रेरित किया। सरकारकी ओरसे हो रही देरी संभवत: जानबूझकर है, क्योंकि वह नहीं चाहती कि घरेलू विकल्प उपलब्ध होनेसे पहले स्टारलिंक भारतमें इतना शक्तिशाली हो जाय। संभव है कि स्टारलिंकको रोकने वाले ओलिगार्क नहीं, बल्कि संप्रभु सत्ता हो, जिसे आंतरिक और बाहरी सुरक्षाकी चिन्ता है। स्टारलिंकने कहा है कि वह भारतकी सुरक्षा संबंधी चिन्ताओंका पालन करेगा लेकिन मस्क एक ऐसे बेपरवाह और अप्रत्याशित व्यक्ति हैं, जिनकी राजनीतिक राय और हित बहुत व्यापक हैं। यूक्रेन-रूस युद्धमें उनके स्टारलिंकने यूक्रेनके पक्षमें महत्त्वपूर्ण भूमिका निभायी है और ऐसी खबरें भी सामने आयी हैं कि युद्धक्षेत्रके करीब रूसी सैनिकोंके लिए उसने अपनी सेवाएंतक बंद की हैं। यूरोप और लैटिन अमेरिकाकी कई रूढ़ीवादी और दक्षिणपंथी सरकारोंको उनका समर्थन हासिल है जिनमें अब तेजीसे उभर रहा दल अल्टरनेटिव फॉर जर्मनी भी शामिल है।

जनवरी २०२५ में उन्होंने ब्रिटेनके प्रधान मंत्री स्टार्मरके इस्तीफेकी मांग की थी और ब्रिटेनमें आम चुनाव करानेकी मांग की। २०२४ के राष्ट्रपति चुनावमें डोनल्ड ट्रम्पके समर्थनमें जुटी ताकतोंको एकजुट करनेमें मस्कने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी थी। ट्रम्पसे उनका मतभेद होनेके बाद ही वहां उनका प्रभाव कम हुआ। लेकिन धनबलके लिहाजसे वह जॉर्ज सोरोससे दस गुना अधिक ताकतवर हैं। अमेरिकाकी भारतकी आर्थिक प्रगतिको धीमा करने और अमेरिकाको अधिक वस्तुओं और सेवाओंका निर्यात करनेकी भारतकी क्षमतामें अड़चन डालनेकी नयी इच्छाको देखते हुए, यह कहना मुश्किल है कि भारतपर दबाव बनाने और उसे हतोत्साहित करनेके लिए मस्कका इस्तेमाल नहीं किया जायगा।

भारतकी सुरक्षा संबंधी चिन्ताएं वास्तविक हैं। केवल अराजकतावादी ही इसके उलट तर्क दे सकते हैं। भारतमें इस समय काफी राजनीतिक उथल-पुथल चल रही है और समाजके कई वर्ग अलग-अलग कारणोंसे सड़कोंपर हैं, जिनमें विपक्षी दल, किसान, छात्र और आरक्षणके लिए आन्दोलन करने वाले समूह शामिल हैं। विभिन्न राज्योंमें पुलिस बल अक्सर दंगाई भीड़को एक-दूसरेसे संपर्क करने और पुलिस व्यवस्थाको मुश्किल बनानेसे रोकनेके लिए इंटरनेट सेवाएं बंद कर देते हैं। सैटेलाइटके जरिये इंटरनेट कनेक्शन वाले फोन आसानीसे उपलब्ध होनेपर भीड़को नियंत्रित करनेका यह तरीका संभव नहीं रह जायगा। उग्रवादियोंके हाथोंमें सैटेलाइट फोनकी उपलब्धता ऐसा खतरा है जिसे भारत हल्केमें नहीं ले सकता। यदि इसमें राजनीतिक रुझान रखने वाले स्टारलिंक प्रमुखकी संभावना भी जोड़ दी जाय जो विभिन्न देशोंकी राजनीतिको प्रभावित करनेके लिए अपनी ताकतका इस्तेमाल करनेमें सक्षम हो तो स्टारलिंकको सुरक्षा मंजूरी देनेमें हो रही देरीको समझना मुश्किल नहीं है। सैटेलाइट फोन पूरी तरह भारतीय कारोबारियोंके नियंत्रणमें रहनेके पक्षमें मजबूत तर्क है। वे भारतीय कानूनोंके अधीन होंगे और कानून-व्यवस्था बिगाड़नेमें मदद करने या असामाजिक तत्वों तथा उग्रवादियोंकी सहायता करनेसे बचनेके लिए संप्रभु सत्ताके दबावके प्रति उत्तरदायी होंगे। एक भारतीय होनेके चलते तो मस्कको भारतमें कभी भी सैटेलाइट लाइसेंस नहीं मिलना चाहिए।

संविधान व्यवस्थाका मूल तत्व

लोकतंत्र असाधारण अनुशासनसे ही सफल होता है। भारतके संविधान निर्माताओंने लोकतंत्रको संविधान व्यवस्थाका मूल तत्व माना था। संविधान निर्माताओंने इसीलिए संविधानमें अनेक संस्थाओंकी व्यवस्था की।

❑ हृदयनारायण दीक्षित

शासनके तीन मुख्य अंग बताये गये। विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्थाकी मजबूत नींव हैं। उन्होंने जन-प्रतिनिधियों द्वारा संचालित विधायिकाकी व्यवस्था की। वयस्क मताधिकारके आधारपर विधायिका चुने जानेकी विधि बनी। भारतके संविधान (अनुच्छेद ३२४) में निर्वाचन सम्पन्न करानेके लिए एक आयोगका प्रावधान किया गया। भारतके निर्वाचन आयोगने अपनी स्थापना (१९५०) से लेकर अबतक केन्द्रके (लोकसभा) १८ आम चुनाव और राज्यों एवं केन्द्रशासित प्रदेशोंकी विधानसभाओंके ४०० से अधिक आम चुनाव संपन्न करवाये हैं। संप्रति निर्वाचन आयोग गैर-जिम्मेदार विपक्षका निशाना है। भारतीय चुनाव प्रणालीकी प्रशंसा सारी दुनियामें होती है। कई देशोंके चुनाव आयोगोंके अधिकारी भारतके निर्वाचन आयोगके बारेमें अधिक जानकारी प्राप्त करनेके लिए भारत आते हैं। लेकिन पिछले दो सालसे देशका प्रतिपक्ष चुनाव आयोगके पीछे हाथ धोकर पड़ा हुआ है। चुनावकी अनियमिततापर सवाल उठाना और उसमें सुधार लानेके लिए सुझाव देना सामान्य प्रक्रिया है। चुनावी जनादेशसे विधायिका बनती है। इसी जनादेशसे सरकारका जन्म होता है और इसीसे विपक्षका भी। लेकिन इसकी अवहेलना की जा रही है। इसको लेकर होने वाले विरोध प्रदर्शनोंने पूरी चुनाव प्रक्रियाके प्रति अविश्वास पैदा किया है। लोकतंत्रकी सफलताके लिए संविधान और उसकी संस्थाओंके प्रति विश्वास बनाये रखना आवश्यक है, लेकिन आन्दोलनोंने पूरी चुनाव प्रणाली और उससे जुड़ी संस्थाओंपर ही सवाल उठाये हैं। भारतका संविधान सम्प्रति राष्ट्रका धारक है। संविधान निर्माताओंने देशकी राज्य व्यवस्थाका चित्र बनाते समय लोकतंत्रको भारतका राष्ट्र धर्म माना। चुने हुए व्यक्तियों/संस्थाओंको विधायी और संविधायी अधिकार मिले। संविधानमें उपबंधित बाकी संस्थाओंको सुस्पष्ट लिखित अधिकार दिये गये। भारतका निर्वाचन आयोग ऐसी ही मनोनीत सम्मानित संवैधानिक संस्था है। इसी आयोगके अधिकार सम्प्रति प्रश्नगत हो गये हैं।

देश अविश्वासके संकटसे गुजर रहा है। प्रतिपक्ष संवैधानिक संस्थाओंकी गरिमा गिरानेमें जुटा हुआ है। विरोध प्रदर्शनकी भी मर्यादाएं होती हैं। पुलिससे युद्ध करना लोकतंत्रका हिस्सा नहीं हो सकता। हद तो तब हो गयी जब प्रतिपक्षी नेताओंने सर्वोच्च न्यायालयमें जाकर हुड़दंग मचाया। सर्वोच्च न्यायालयको लेकर विपक्षी नेताओंके आचरणसे पूरा देश सन्न है। न्यायपालिका राजनीतिक मंच नहीं है। प्रतिपक्षी नेताओंके पास यदि कोई वोटोंमें गड़बड़ीके साक्ष्य थे तो उन साक्ष्योंको राष्ट्रपतिको दिया जा सकता था। न्यायपालिकाको राजनीतिमें घसीटनेका क्या तुक है। विपक्षकी मांगोंकी सूची भी बढ़ती ही जा रही है। अब कांग्रेसने घोषणा की है कि वह सत्ता बदलसे कमपर राजी नहीं है।

सरकारें सुस्थापित निर्वाचनके माध्यमसे ही बदलती हैं। निर्धारित संविधानकी व्यवस्थाके अनुसार वे चुनावकी प्रतीक्षा करनेको तैयार नहीं हैं। इन्हें तत्काल सत्ता चाहिए। वे संवैधानिक व्यवस्थाके अनुसार निर्वाचित सरकारको पांच वर्षका कार्यकाल देनेको भी तैयार नहीं हैं। बिना चुनाव ही सत्तापर कब्जा कर लेनेकी उनकी इच्छाकी पोल खुल गयी है। निर्वाचन आयोग छोटी मोटी संस्था नहीं है। निष्पक्षता सुनिश्चित करनेके लिए निर्वाचन आयुक्तको हटानेका प्राविधान न्यायपालिकाके उच्च स्तरीय जजके समान रखा गया है। आयोगकी गतिविधियों और फैसलोंसे नाराज सत्तापक्ष या विपक्ष उसका कुछ भी नहीं बिगाड़ सकते। संविधानमें उसे हटाये जानेकी व्यवस्था सुनिश्चित की गयी है। संविधान (अनुच्छेद ३२४.५) के अनुसार मुख्य निर्वाचन आयुक्तको उनके पदसे उसी रीतिसे और उन्हीं आधारोंपर ही हटाया जायगा, जिस रीतिसे और जिन आधारोंपर सर्वोच्च न्यायालयके न्यायधीशको हटाया जाता है। हटाये जानेका कठोर प्राविधान इसीलिए संविधानमें कठोर रूपमें रखा गया है। विपक्ष इस गरिमाका भी सम्मान नहीं रखता। सर्वोच्च न्यायालयके न्यायाधीशोंको हटाये जानेकी विधि सुस्पष्ट है कि उसे महाभियोग द्वारा ही हटाया जा सकता है अन्यथा नहीं।

विपक्षका अंक गणित सीधा है। वे चुनाव हार गये हैं तो क्या हुआ। उनके अनुसार उन्हें वोटोंकी गड़बड़ीके माध्यमसे हराया गया है। तमाम धांधलियां हुई हैं। इस तरह केन्द्रमें सत्तारूढ़ सरकार अवैधानिक है। दो तीन हजार लोगोंके हुल्लड़से कुर्सी खाली होगी और वे सत्ताकी कुर्सीपर कब्जा कर लेंगे। दरअसल वे चुनावी मोर्चेपर लगातार पिट रहे हैं। वे हारका दुख झेल नहीं पाये। अच्छा है कि भारतकी जनता इनकी बातोंपर विश्वास नहीं करती, वरना वोट चोरी चिल्लाते हुए वे देशमें अराजकता फैला देते।

संविधानको हाथमें लेकर भी देश तोड़नेकी बातें करना कितना खतरनाक हो सकता है। संविधानने ही उन्हें मुक्त विचार अभिव्यक्तिका स्वातंत्र्य दिया है। संविधानने ही उन्हें लोकसभामें नेता प्रतिपक्ष कहा। सम्मान दिया। संविधान और उसकी सभी छोटी-बड़ी संस्थाएं मिलकर काम करती हैं तो लोकतंत्र आदर्श हो जाता है। लोकतंत्र भारतके लोगोंकी जीवनशैली है। वैदिक कालसे लेकर अबतक राष्ट्रकी सभी संस्थाओंमें लोकतंत्रकी सघन उपस्थिति दिखायी पड़ती है। यहां वैचारिक विविधता है। असहमतिका आदर है। मौलिक अधिकार हैं और मौलिक कर्तव्य भी हैं। भिन्न-भिन्न विचारों और विश्वासोंको मानने वाले लोग साथ-साथ रहते हैं। संविधानमें भी इस विविधताका स्पष्ट उल्लेख है। वैदिक भारतमें सभा और समितियां थीं। इनमें लोकतंत्री बहसें होती थीं। असहमतिका आदर था। लोकतंत्रकी यह भावना सभी दिशाओंमें जीवंत है। ऐसे प्राचीन राष्ट्रके संवैधानिक उपकरणोंको नष्ट करनेका विपक्ष का यह कारनामा बर्दाश्त के बाहर है।

मांकी महिमा

❑ यशपाल कुमार

मार्कण्डेय पुराणमें देवीकी महिमाका गान करते हुए ब्रह्माजी कहते हैं-देवी! तुम्हीं स्वाहा, तुम्हीं स्वधा और तुम्हीं वषट्कार हो। स्वर भी तुम्हारे ही स्वरूप हैं। तुम्हीं जीवनदायिनी सुधा हो। नित्य अक्षर प्रणवमें अकार, उकार, मकार- इन तीन मात्राओंके रूपमें तुम्हीं स्थित हो तथा इन तीन मात्राओंके अतिरिक्त जो बिन्दुरूपा नित्य अर्धमात्रा है, जिसका विशेष रूपसे उच्चारण नहीं किया जा सकता, वह भी तुम्हीं हो। देवी! तुम्हीं संध्या, सावित्री तथा परम जननी हो। देवी! तुम्हीं इस विश्व-ब्रह्माण्डको धारण करती हो। तुमसे ही इस जगतकी सृष्टि होती है। तुम्हींसे इसका पालन होताहै और सदा तुम्हीं कल्पके कन्तमें सबको अपना ग्रास बना लेती हो। जगन्मयी देवी! इस जगतकी उत्पत्तिके समय तुम सृष्टि रूपा हो, पालन-कालमें स्थिति रूपा हो तथा कल्पान्तके समय संहार रूप धारण करने वाली हो। तुम्हीं महाविद्या, महामाया, महामेधा, महास्मृति, महामोह रूपा, महादेवी और महासुरी हो। तुम्हीं तीनों गुणोंको उत्पन्न करने वाली सबकी प्रकृति हो। भयंकर कालरात्रि, महारात्रि भी तुम्हीं हो। तुम खड्गधारिणी, शूलधारिणी, घोर रूपा तथा गदा, चक्र, शंख और धनुष धारण करने वाली हो। बाण, भुशुण्डी और परिघ-ये भी तुम्हारे अस्त्र हैं। तुम सौम्य और सौम्यतर हो- इतना ही नहीं, जितने भी सौम्य एवं सुन्दर पदार्थ हैं, उन सबकी अपेक्षा तुम अत्यधिक सुन्दरी हो। पर और अपर-सबसे परे रहने वाली परमेश्वरी तुम्हीं हो। सर्वस्वरूपे देवी! कहीं भी सत्-असत्रूप जो कुछ वस्तुएं हैं और उन सबकी जो शक्ति है, वह तुम्हीं हो। ऐसी अवस्थामें तुम्हारी स्तुति क्या हो सकती है? जो इस जगतकी सृष्टि, पालन और संहार करते हैं, उन भगवानको भी जब तुमने निद्राके अधीन कर दिया है, तब तुम्हारी स्तुति करनेमें यहां कौन समर्थ हो सकता है? मुझको, भगवान शंकरको तथा भगवान विष्णुको भी तुमने ही शरीर धारण कराया है, अत: तुम्हारी स्तुति करनेकी शक्ति किसमें है? देवी! तुम तो अपने इस उदार प्रभावोंसे ही प्रशंसित हो। मां दुर्गे! आप स्मरण करनेपर सब प्राणियोंका भय हर लेती हैं और स्वस्थ पुरुषों द्वारा चिन्तन करनेपर उन्हें परम कल्याणमयी बुद्धि प्रदान करती हैं। दुख, दरिद्रता और भय हरने वाली देवी! आपके सिवाय दूसरी कौन है, जिसका चित्त सबका उपकार करनेके लिए सदा ही दयार्द्र रहता हो।

कैंसर रोगियोंके लिए राहतभरा कदम

❑ डा. ओ.पी. त्रिपाठी

अमानवीय कृत्य ही कहा जायगा कि कैंसर जैसे घातक रोगसे जूझ रहे मरीजोंसे दवाओंके मनमाने दाम वसूले जायं। इस जानलेवा रोगसे जूझ रहे मरीजोंको यूं तो उपचारकी अन्य मदोंमें भी काफी खर्च करना पड़ता है, लेकिन दवाओंकी अधिक कीमतोंपर नियंत्रण लगाया जाना किसी हदतक राहतकारी साबित हो सकता है। अब केन्द्र सरकारने नॉन-शेड्यूल्ड एंटी-कैंसर दवाइयोंपर ट्रेड मार्जिनको तीस फीसदीतक सीमित करनेका फैसला किया है। सरकारका कहना है कि इस कदमका उद्देश्य दवाओंकी कीमतोंमें शामिल अत्यधिक ट्रेड मार्जिनको कम करना है, ताकि कैंसरके इलाजमें इस्तेमाल होने वाली जीवनरक्षक दवाएं मरीजोंके लिए अधिक किफायती हो सकें। निस्संदेह, यह कदम उस हेल्थकेयर क्षेत्रमें एक स्वागतयोग्य पहल है। कैंसर दुनियाभरमें मौतके प्रमुख कारणोंमेंसे एक है। भारतमें हर एक लाख लोगोंमेंसे लगभग सौ लोगोंको कैंसर है। वर्ष २०२४ में भारतमें लगभग १६ लाख नये कैंसरके मामले दर्ज किये गये और करीब नौ लाख लोगोंकी मौत इस बीमारीसे होनेका अनुमान है। यदि यही रफ्तार जारी रही तो वर्ष २०५० तक भारतमें हर साल नये कैंसर मरीजोंकी संख्या २८ लाखतक पहुंच सकती है। अन्य अनुमानोंके अनुसार, वर्ष २०४५ तक यह आंकड़ा २४.५ लाखसे अधिक हो सकता है। साल २०२४ में भारतमें पिछले पांच वर्षोंके दौरान कैंसरसे पीड़ित रहे जीवित लोगोंकी अनुमानित संख्या करीब ३३.२ लाख थी। भारतमें स्तन कैंसर, मुंहका कैंसर, गर्भाशय ग्रीवाका कैंसर, फेफड़ों और पेटका कैंसर सबसे ज्यादा देखे जाते हैं।

बढ़ता वायु प्रदूषण और अन्य हानिकारक तत्वोंके संपर्कमें रहना भी कैंसरके जोखिमको बढ़ा रहा है। स्वास्थ्य सेवाओं और स्क्रीनिंग कार्यक्रमोंमें सुधारके कारण अब शुरुआती स्तरपर ही अधिक मामलोंकी पहचान हो पा रही है। कैंसरका इलाज काफी खर्चीला होता है और कई परिवार कर्ज या संपत्ति बेचनेके लिए मजबूर हो

छत्तीसगढ़ समाचार.....

रायपुर : मुख्यमंत्री ने मां काली और मां दुर्गा की पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की

रायपुर (आ.स.से.)। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज शाम राजधानी रायपुर स्थित प्रसिद्ध मां काली मंदिर, कालीबाड़ी एवं दुर्गा पूजा पंडाल पहुंचे। मुख्यमंत्री ने विधि-विधान से मां काली एवं मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की और प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि, खुशहाली एवं उत्तम स्वास्थ्य की मंगलकामना की। उन्होंने मां के चरणों में शीश नवाकर छत्तीसगढ़ में सुख, शांति और समृद्धि बनाए रखने का आशीर्वाद मांगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने श्रद्धा एवं भक्तिभाव से मां भगवती की आराधना करते हुए प्रदेश की निरंतर प्रगति तथा प्रत्येक परिवार के जीवन में सुख और समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि शक्ति की आराधना का यह पावन अवसर हमें अपनी आस्था, संस्कृति और गौरवशाली परंपराओं से जोड़ता है। मां दुर्गा शक्ति, साहस और सकारात्मक ऊर्जा की प्रतीक हैं। उनकी आराधना हमें जीवन की चुनौतियों का साहसपूर्वक सामना करने तथा सत्य, धर्म और सदाचार के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की पहचान अपनी समृद्ध संस्कृति, लोक परंपराओं और धार्मिक आस्था से भी है। हमारे पर्व और उत्सव केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, आपसी प्रेम और भाईचारे को मजबूत करने वाले अवसर भी हैं। ऐसे आयोजन समाज के विभिन्न वर्गों को एक सूत्र में जोड़ते हैं और नई पीढ़ी को हमारी सांस्कृतिक विरासत तथा जीवन मूल्यों से परिचित कराते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि नवरात्रि और दुर्गा पूजा के अवसर पर पूरे प्रदेश में श्रद्धा और उत्साह का वातावरण है। शक्ति की उपासना का यह पर्व हमें मातृशक्ति के सम्मान और समाज में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका का भी स्मरण कराता है। हमारी संस्कृति में नारी शक्ति को सदैव सर्वोच्च स्थान दिया गया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने मां भगवती से प्रार्थना करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के प्रत्येक परिवार में सुख-शांति बनी रहे, किसानों के खेतों में समृद्धि आए, युवाओं के सपनों को नई उड़ान मिले और माताओं-बहनों के जीवन में खुशहाली आए। मां भगवती की कृपा से हमारा छत्तीसगढ़ विकास, समृद्धि और खुशहाली के पथ पर निरंतर आगे बढ़ता रहे।

मुख्यमंत्री साय के सुशासन में संवेदनशील शासन, पारदर्शी व्यवस्था और जनभागीदारी से मजबूत हो रहा जनता का विश्वास

रायपुर (आ.स.से.)। लोकतंत्र की वास्तविक शक्ति जनता का विश्वास है और सुशासन उस विश्वास को मजबूत करने का सबसे प्रभावी माध्यम। जब शासन की योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंचती हैं, समस्याओं का समयबद्ध समाधान होता है और आम नागरिक को अपने अधिकारों एवं सुविधाओं के लिए अनावश्यक भटकना नहीं पड़ता, तभी सुशासन की अवधारणा सार्थक होती है। छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में इसी भावना के अनुरूप संवेदनशील, पारदर्शी और जनोन्मुखी प्रशासन को प्राथमिकता दी जा रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मूलमंत्र को आत्मसात करते हुए छत्तीसगढ़ सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। शासन की कार्यप्रणाली को अधिक सरल, सुलभ और जवाबदेह बनाने के प्रयासों से प्रशासन और आम नागरिकों के बीच संवाद तथा विश्वास का नया वातावरण विकसित हो रहा है। सुशासन की पहली शर्त है कि आम नागरिक की बात सुनी जाए और उसकी समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी पहल हो। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने जनसमस्याओं के निराकरण को शासन की प्राथमिकताओं में स्थान दिया है। नागरिकों को अपनी समस्याएं, शिकायतें और सुझाव सीधे शासन-प्रशासन के समक्ष रखने का अवसर मिल रहा है। जिला और विकासखंड स्तर पर आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर भी प्रशासन को नागरिकों के निकट लाने का महत्वपूर्ण माध्यम बन रहे हैं। इन शिविरों में विभिन्न विभागों की सेवाओं और योजनाओं की जानकारी देने के साथ पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने तथा प्राप्त आवेदनों के निराकरण की दिशा में कार्य किया जा रहा है। बदलते समय में तकनीक सुशासन का सशक्त आधार बनकर उभरी है। छत्तीसगढ़ में डिजिटल माध्यमों से शासकीय सेवाओं को अधिक सुलभ, पारदर्शी और समयबद्ध बनाने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। सेवा सेतु पोर्टल और डिजिटल सेवा केंद्रों के माध्यम से नागरिकों को विभिन्न विभागों की सेवाओं के लिए आवेदन करने और प्रक्रियाओं की जानकारी प्राप्त करने की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इससे विशेष रूप से ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों के नागरिकों के लिए शासकीय सेवाओं तक पहुंच आसान बनाने में सहायता मिल रही है। डिजिटल व्यवस्थाओं का महत्व केवल ऑनलाइन आवेदन तक सीमित नहीं है। इनका उद्देश्य प्रशासनिक प्रक्रियाओं में पारदर्शिता बढ़ाना, अनावश्यक विलंब कम करना और नागरिकों को सेवाओं की स्थिति की जानकारी उपलब्ध कराना भी है। तकनीक आधारित प्रशासन से शासन और जनता के बीच विश्वास का संबंध और अधिक मजबूत करने की संभावनाएं बढ़ी हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार गरीबों, किसानों, महिलाओं, युवाओं, श्रमिकों और जनजातीय समुदायों के कल्याण को विशेष प्राथमिकता दे रही है। महतारी वंदन योजना के माध्यम से महिलाओं को नियमित आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। यह सहायता घरेलू आवश्यकताओं, बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और छोटी बचत जैसे कार्यों में महिलाओं के लिए उपयोगी साबित हो रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से जरूरतमंद परिवारों के पक्के घर का सपना साकार करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। किसानों के लिए संचालित योजनाएं, स्वास्थ्य सुरक्षा, खाद्य सुरक्षा और ग्रामीण आजीविका से जुड़ी पहलें भी नागरिकों के जीवन में आर्थिक एवं सामाजिक सुरक्षा का आधार बन रही हैं।

बच्चोंके यौन शोषण की सामग्री हटाने के लिए राष्ट्रीय डेटाबेस बनाये केंद्र-सुप्रीम कोर्ट

केवल तकनीकी सुरक्षा उपाय पर्याप्त नहीं, जागरूक करना भी जरूरी

नयी दिल्ली (आससे)। सुप्रीम कोर्ट ने इंटरनेट पर बच्चों के यौन शोषण और दुर्व्यवहार से जुड़ी सामग्री की पहचान कर उसे हटाने के लिए केंद्र सरकार को व्यापक राष्ट्रीय डेटाबेस तैयार करने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति केवी चंद्रन की पीठ ने सोशल मीडिया मंचों पर ऐसी सामग्री के लगातार प्रसारित होने पर चिंता जताते हुए तकनीकी और नियामकीय उपाय मजबूत करने की जरूरत बताई। पीठ ने कहा कि केवल तकनीकी सुरक्षा उपाय पर्याप्त नहीं हैं। बच्चों को सुरक्षित इंटरनेट इस्तेमाल के प्रति जागरूक करना भी जरूरी है। इसके लिए डिजिटल सुरक्षा और उम्र के अनुरूप शिक्षा को स्कूली पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाने पर जोर दिया गया। इस संबंध में राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद

एनसीईआरटी तथा राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषदें बाल मनोवैज्ञानिकों, शिक्षकों और अभिभावक विशेषज्ञों के परामर्श से पाठ्यसामग्री तैयार करेंगी। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय और विधि एवं न्याय मंत्रालय को आवश्यक दिशा-निर्देश, मानक संचालन प्रक्रियाएं तथा सूचना प्रौद्योगिकी नियमों में जरूरी संशोधन तैयार करने का निर्देश दिया है। पीठ ने केंद्र सरकार से इस दिशा में की गई कार्रवाई और क्रियान्वयन की प्रगति का ब्योरा देते हुए हलफनामा दाखिल करने को कहा है। मामले में अगली सुनवाई 10 दिसंबर 2026 को होगी।

कानूनी पेशा कमजोर दिल वालों के लिए नहीं-सीजेआई

बेंगलुरु (एजेंसी)। भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने शनिवार को कानून की पढ़ाई पूरी करने वाले छात्रों से न्याय कायम रखने, स्वतंत्रता की रक्षा करने और संवैधानिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्ध रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि कानूनी पेशे में साहस, ईमानदारी और उन लोगों की बात सुनने की क्षमता जरूरी है, जिनकी आवाज अक्सर अनसुनी रह जाती है। सीजेआई बेंगलुरु में नेशनल लॉ स्कूल ऑफ इंडिया यूनिवर्सिटी (एनएलएसआईयू) के 34वें वार्षिक दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कानूनी शिक्षा केवल अकादमिक ज्ञान तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। इसका उद्देश्य छात्रों को अलग-अलग विचारों और नजरियों को समझने तथा समाज की सेवा करने के लिए तैयार करना भी है। सूर्यकांत ने छात्रों से कहा मैं आपको केवल बधाई ही नहीं दे रहा हूं, बल्कि आपसे मुझे बहुत उम्मीदें भी हैं। उन्होंने कहा कानूनी शिक्षा का उद्देश्य आपराधिक या संवैधानिक कानून के सिद्धांतों को सीखने तक सीमित नहीं है।

आईपीएस राठौर बने वाराणसी के अपर पुलिस आयुक्त

लखनऊ (आससे)। शासन ने भारतीय पुलिस सेवा के एक अधिकारी का तबादला कर दिया है।

2010 बैच के आईपीएस राठौर किरीट हरिभाई को पुलिस उपमहानिरीक्षक, पीएसी सेक्टर लखनऊ से हटाकर अपर पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी के पद पर तैनात किया गया है। गृह विभाग नें आदेश जारी कर उन्हें तत्काल नई तैनाती पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं।

अधर्म, अत्याचार व आतंक का अंत ही न्याय, शांति एवं निर्भय समाज की स्थापना का आधार-मुख्यमंत्री

लखनऊ (आससे)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शारदीय नवरात्र की सप्तमी तिथि पर मां कालरात्रि के स्वरूप की आराधना की। इसके महत्व पर प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर लिखा कि दुष्टों, असुरों और रक्तबीज जैसी तामसिक शक्तियों का संहार कर धर्म की स्थापना एवं भक्तों को अभय प्रदान करने वाली मां कालरात्रि का दिव्य स्वरूप हमें संदेश देता है कि अधर्म, अत्याचार व आतंक का अंत ही न्याय, शांति एवं निर्भय समाज की स्थापना का आधार है। मुख्यमंत्री ने पिछली सरकार को आईना दिखाते हुए बताया कि वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में रक्तबीज रूपी माफिया, दंगाइयों और अपराधियों के आतंक से उत्पन्न भय एवं अराजकता के अंधकार ने बहन-बेटियों की सुरक्षा, शिक्षा व स्वावलंबन की राह में गंभीर बाधाएं खड़ी कर दी थीं। वहीं विगत 9.5 वर्षों में डबल इंजन सरकार की अपराध और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति ने इन आसुरी शक्तियों का दमन कर प्रदेश में कानून का राज एवं भयमुक्त वातावरण

की स्थापना की है। मुख्यमंत्री ने लिखा कि मिशन शक्ति, इंटीग्रेटेड 1090 हेल्पलाइन, महिला बीट पुलिसिंग और सेफ सिटी परियोजना जैसी पहलों ने बहन-बेटियों के लिए घर की चौखट से लेकर सड़क, शिक्षण संस्थानों व कार्यस्थलों तक सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित किया है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में सुरक्षा के माहौल का जिक्र किया, कहा कि सुरक्षा के इसी विश्वास से प्रेरित होकर आज महिलाएं नाइट शिफ्ट में भी निडर होकर कार्य कर रही हैं। महिला श्रम बल भागीदारी का 12 प्रतिशत से बढ़कर 36 प्रतिशत से अधिक होना इस बात का प्रमाण है कि प्रदेश की नारी शक्ति, अर्थशक्ति बनकर उत्तर प्रदेश के आर्थिक विकास को नई गति दे रही है। सीएम ने लिखा कि कृषि, उद्योग, सेवा और उद्यमिता सहित विभिन्न क्षेत्रों में नारी शक्ति की बढ़ती भागीदारी ने प्रदेश की विकास यात्रा को नई ऊर्जा दी है। यही भागीदारी उत्तर प्रदेश की जीएसडीपी और प्रति व्यक्ति आय में हुई तीन गुना वृद्धि की यात्रा में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रही है।

पंचायत चुनाव : सुप्रीम कोर्ट नहीं जायेगी सरकार

लखनऊ (आससे)। यूपी में पंचायत चुनाव की सरगर्मी जोरों पर है। इलाहाबाद हाई कोर्ट की तरफ से तीन महीने के भीतर त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव संपन्न कराने का कड़ा आदेश आने के बाद अब सूबे की सरकार के अगले कदम पर सभी की निगाहें टिक गई हैं।सूबे के पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर के मुताबिक सरकार अदालत के हर निर्देश का पूरा सम्मान करती है। चुनाव के लिए मतदाता सूची का प्रकाशन पहले ही पूरा किया जा चुका है। कोर्ट के निर्देशानुसार अगर समर्पित पिछड़ा ही चुनाव कराने की मुकम्मल तैयारी शुरू कर दी जाएगी। पंचायती राज

पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट आते ही हो जायेगा पंचायत चुनाव का ऐलान

ओम प्रकाश राजभर ने साफकर दिया है कि सरकार इस मामले में सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा नहीं खटखटायेगी। जैसे ही पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट हाथ लगेगी, तय समय सीमा के अंदर वर्ग आयोग की रिपोर्ट आने वाले एक महीने के भीतर मिल जाती है, तो उसके ठीक अगले दो महीनों के अंदर चुनाव की पूरी प्रक्रिया को सफलतापूर्वक अंजाम दिया जा सकता है। जहां सरकार हाई कोर्ट के फैसले के साथ खड़ी नजर आ रही है, वहीं दूसरी तरफ राष्ट्रीय पंचायतीराज ग्राम प्रधान संगठन ने हाई कोर्ट के इस आदेश को देश की सबसे बड़ी अदालत सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने का मन बना लिया है। संगठन आने वाले सप्ताह में ही इस मामले को लेकर अपील दायर कर सकता है। देखना बेहद दिलचस्प होगा कि सुप्रीम कोर्ट इस पूरी समयसीमा पर क्या रुख अपनाता है। सिर्फ ग्राम प्रधान ही नहीं, बल्कि जिला पंचायत अध्यक्ष संघ और ब्लॉक प्रमुख संघ ने भी जल्दबाजी में होने वाले चुनावों को लेकर अपनी गहरी चिंता जाहिर की है। उनका तर्क है कि सूबे के कई ग्रामीण इलाकों में बाढ़ की वजह से आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित है, ऐसे हालात में चुनाव कराना एक बड़ी चुनौती साबित हो सकता है। चुनाव की घोषणा होने से गांवों में इस समय चल रहे तमाम जरूरी विकास कार्यों के रुकने की भी पूरी आशंका जताई जा रही है।

जनता की समस्याओं का तत्काल प्रभाव से हो निस्तारण-राजनाथ

लखनऊ (आससे)। जनता की समस्याओं का तत्काल प्रभाव से निस्तारण किया जाय तथा उनका स्थायी समाधान करने के लिए आवश्यक कदम उठाये जायें। उक्त निर्देश देश के रक्षामंत्री और लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह ने शनिवार को अपने आवास पर विभिन्न सामाजिक, व्यापारिक, सांस्कृतिक और धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों तथा क्षेत्रवासियों से मुलाकात के बाद उनकी समस्याओं के निस्तारण के सम्बंध में अधिकारियों को दिये। लखनऊ प्रवास के दौरान प्रतिनिधियों ने विकास कार्यों के लिए आभार जताया और अवैध गतिविधियों, होटल कारोबार पर असर तथा सड़क, पार्क और अन्य सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं उठाईं जिस पर रक्षामंत्री ने जनसमस्याओं को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित एवं तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करने व समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिए। रक्षामंत्री राजनाथ से भेंट करने वाले प्रमुख लोगों में चारबाग में एक होटल मालिक सुरेन्द्र शर्मा प्रतिनिधि मंडल के साथ पहुंचे। उन्होंने बताया कि चारबाग क्षेत्र में कई अवैध काम हो रहे हैं। असामाजिक तत्व पूरे क्षेत्र में माहौल खराब कर रहे हैं। होटल कारोबार प्रभावित हो रहा है। इसके अलावा कई संगठनों व प्रतिनिधियों ने सड़कए पार्क व अन्य सुविधाओं की मांग की। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने अधिकारियों को उनके त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने जनहित से जुड़े विषयों पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने पर जोर दिया। रक्षामंत्री से मुलाकात करने वालों नवनियुक्त मोर्चा में महानगर महिला मोर्चा अध्यक्ष अर्चना साहू, अनुसूचित मोर्चा अध्यक्ष कुंदन गौतम, किसान मोर्चा जितेंद्र सिंह, समाजसेवी हर्षवर्धन अग्रवाल, एमपी सिंह, श्रुति सिंह, पंकज अवस्थी, उत्तराखंड महापरिषद के शिष्टमंडल से भारत सिंह बिष्ट, ओबीसी मोर्चा के राज कश्यप तथा विधायक योगेश शुक्ला के साथ आए क्षेत्रवासी शामिल रहे। इसके अलावा चौक सर्राफा एसोसिएशन एवं जैन समाज के कैलाशचंद जैन, ऐशबाग रामलीला समिति के पदाधिकारी, क्षत्रिय राजपूत सभा के रामकुमार वर्मा एवं संजय लोधी, टीम लखनऊ के मुर्तजा अली एवं प्रदीप सिंह बब्बू, अखिल भारतीय पाल समाज के आरडी पाल एवं विजय पालए वाल्मीकि समाज के पदाधिकारी, सिखी मेरी पहचान फाउंडेशन के सरदार दिलप्रीत सिंह तथा अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के संदीप बंसल सहित विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने रक्षामंत्री से भेंट की।

राखी सावंत ने खोला बॉलीवुड के कास्टिंग काउच का सच

बॉलीवुड और ग्लैमर की दुनिया बाहर से जितनी चकाचौंध से भरी दिखती है, अंदर से वह उतनी ही डरावनी और मुश्किलों से भरी हो सकती है. खासकर उन नए कलाकारों के लिए, जो बिना किसी गॉडफादर या पहचान के इंडस्ट्री में कदम रखते हैं. हाल ही में शार्दुल पंडित के शो अनसेंसर्ड विद शार्दुल में मशहूर एंटरटेनर राखी सावंत ने अपने शुरुआती दिनों के संघर्षों को लेकर एक ऐसा ही चौंकाने वाला खुलासा किया, जिसने फिल्म इंडस्ट्री के एक कड़वे सच कास्टिंग काउच पर फिर से बहस छेड़ दी है. राखी सावंत ने शो के दौरान अपने अतीत के पन्नों को पलटते हुए बताया कि जब वह इंडस्ट्री में नई-नई आई थीं और एक हीरोइन या आइटम गर्ल बनने का सपना देख रही थीं, तब उन्हें किस तरह की घिनौनी परिस्थितियों का सामना करना पड़ा. यह महज एक लाइन नहीं है; यह उस डर और लाचारी का बयान है, जिससे अनगिनत लड़कियां हर दिन दो-चार होती हैं. राखी ने बताया कि लोगों ने उन्हें बेडरूम दिखाया और डिनर पर ले जाने के बहाने समझौते करने के लिए मजबूर करने की कोशिश की. राखी का कहना है कि उस वक्त वह बहुत इनोसेंट (मासूम) थीं और ज्यादा पढ़ी-लिखी भी नहीं थीं. उन्हें समझ ही नहीं आता था कि लोग उनके साथ क्या करना चाह रहे हैं. वह बताती हैं कि उस समय वह इतनी डरी हुई थीं कि किसी का विरोध भी नहीं कर पाती थीं. लेकिन आज राखी बदल चुकी हैं. उनका कहना है, उस दौर के डर ने राखी के अंदर एक बड़ा बदलाव ला दिया. उन्होंने अपने लिए एक कड़ा नियम बना लिया कि चाहे कुछ भी हो जाए, वह कभी समझौता नहीं करेंगी। उन्होंने कहा, राखी ने तय कर लिया कि वह खुद का जोकर बना लेंगी, लोगों को हंसाएंगी, एंटरटेन करेंगी, लेकिन कभी अपने आत्मसम्मान और शरीर का सौदा नहीं करेंगी. उनका यह फैसला आज उन्हें इंडस्ट्री में एक अलग मुकाम पर ले आया है.कास्टिंग काउच के इस खौफनाक अनुभव ने राखी को कमजोर करने के बजाय और मजबूत बना दिया. उन्होंने अपनी प्रतिभा और मेहनत के दम पर अपनी एक अलग पहचान बनाई. आज वह न सिर्फ भारत में बल्कि विदेशों में भी अपने एंटरटेनमेंट के लिए जानी जाती हैं।

शादी करने जा रही है एसआरएच की मालकिन काव्या मारन

आईपीएल की सबसे धाकड़ टीम सनराइजर्स हैदराबाद के फैंस के लिए बड़ी खुशखबरी है। दरअसल, एसआरएच की मालकिन काव्या मारन और म्यूजिक कंपोजर अनिरुद्ध रविचंदर अब शादी के बंधन में बंधने जा रहे है। तेलंगाना के सीएम कार्यालय की ओर से एक पोस्ट शेयर किया गया है, जिसमें सन ग्रुप के चेयरमैन कलानिधि मारन और उनकी पत्नी कावेरी मारन जुबली हिल्स स्थित आवास पर मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी से मुलाकात करते नजर आये। पोस्ट में ये भी लिखा गया है कि सीएम को अपनी बेटी काव्या मारन के रिसेप्शन में आमंत्रित किया है। खबर के मुताबिक काव्या मारन और अनिरुद्ध रविचंदर 11 नवम्बर को शादी के बंधन में बंधने वाले हैं। इसके बाद 21 नवंबर को चेन्नई में रिसेप्शन आयोजित किया जा सकता है। इस रिसेप्शन में आईपीएल के साथ ही कई दिग्गज क्रिकेटर भी शामिल हो सकते है। हालांकि, शादी की तारीख को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गयी है। काव्या मारन की शादी की चर्चाओं के बीच अब हर किसी के मन में एक सवाल उठ रहा होगा कि आखिर होने वाले दूल्हे अनिरुद्ध रविचंदर कौन हैं और वह क्या काम करते हैं? काव्य मारन के होने वाले पति अनिरुद्ध रविचंदर का कनेक्शन साउथ फिल्म इंडस्ट्री से है, उनके पिता रवि राघवेंद्र एक्टर हैं, उनकी मां लक्ष्मी रविचंदर हैं, मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, अनिरुद्ध रविचंदर और सुपरस्टार रजनीकांत आपस में रिश्तेदार हैं। रजनीकांत की पत्नी लता रजनीकांत, रिश्ते में अनिरुद्ध की बुआ हैं और एक्टर रजनीकांत उनके फूफा लगते हैं। अनिरुद्ध एक फेमस म्यूजिक कंपोजर, सिंगर और म्यूजिक प्रोड्यूसर हैं।

बांग्लादेश : रिसॉर्ट में आग लगने से दस की मौत

ढाका (एजेंसी)। बांग्लादेश के कॉक्स बाजार जिले में एक सीसाइड रिसॉर्ट में आग लग गई। इस हादसे में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और 9 लोग घायल बताए जा रहे हैं। उखिया पुलिस स्टेशन के प्रमुख मोहम्मद अतीकुर रहमान मजूमदार ने बताया कि शनिवार सुबह करीब 6:30 बजे कॉक्स बाजार के इनानी स्थित टुपटुप रेस्टो एंड रिसॉर्ट में आग लग गई। मरीन ड्राइव के पास पटुआर्टेक बीच के करीब स्थित इस रिसॉर्ट में आग लगने के कुछ घंटों बाद, दोपहर करीब 1.30 बजे फायर सर्विस के प्रवक्ता तलहा बिन जासिम ने 10 लोगों की मौत और 9 लोगों के घायल होने की पुष्टि की। घायल हुए नौ लोगों को कॉक्स बाजार सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कॉक्स बाजार सदर अस्पताल के रेजिडेंट मेडिकल ऑफिसर सबुकतागिन महमूद सोहेल ने बताया कि घायलों में से पांच लोग ऐसे हैं, जिनके शरीर का लगभग 5 प्रतिशत हिस्सा जल गया है। उन्होंने कहा, एक अन्य व्यक्ति गिरने से घायल हो गया था, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। जलने से घायल हुए पांचों मरीजों को अस्पताल में भर्ती कर लिया गया है।

बांस और लकड़ी से बना था तीन मंजिला रिसॉर्ट, आग लगने के कारणों की जांच जारी

बता दें कि मुख्य रूप से बांस और लकड़ी से बना यह तीन मंजिला रिसॉर्ट, बीच टाउन के प्रवेश द्वार के पास कोलाटोली से लगभग 29 किलोमीटर दूर स्थित है। एक रिपोर्ट के अनुसार, आग लगने के समय रिसॉर्ट में लगभग 30 लोग मौजूद थे। चार से पांच लोग तो किसी तरह बाहर निकलने में कामयाब रहे, लेकिन बाकी लोगों के बारे में अभी कोई जानकारी नहीं है कि वे कहां हैं और उनकी हालत कैसी है।

कॉक्स बाजार फायर सर्विस के डिप्टी असिस्टेंट डायरेक्टर सैयद मुहम्मद मोर्शेद हुसैन ने बताया कि आग की चपेट में आकर पूरी इमारत जलकर खाक हो गई है। कॉक्स बाजार के डिप्टी कमिश्नर ए. मन्नान ने बताया कि शवों को उनके परिवारों को सौंपने से पहले उनके डीएनए सैंपल लिए जाएंगे। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है।

मन्नान ने बताया कि फायर सर्विस मामले की जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों को शक है कि आग रिसॉर्ट की रसोई से शुरू हुई हो सकती है। हालांकि, जांच पूरी होने तक आग लगने के असली कारण का पता नहीं चल सकेगा।

राष्ट्र नतमस्तक है आपके सम्मान में...

03.03.1902-18.10.1996

राष्ट्रभक्त मित्रों! भारत के स्वतंत्रता संग्राम के दौर में घटित सैकड़ों क्रांतिकारी घटनाओं में से एक काकोरी क्रांतिकारी घटना ने ब्रिटिश सरकार के होश उड़ा दिए थे। 03.03.1902 को ब्रिटिश राज में वर्तमान महाराष्ट्र के बरार के जिला बुलढाना के चिखली गाँव में पिता शिवलाल चोपड़ा व माँ कृष्णाबाई जी के घर जन्मे रामकृष्ण खत्री जी ने छात्र जीवन में लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक जी के व्याख्यान से प्रभावित होकर साधु समाज को संगठित करने का संकल्प लिया और उदासीन मण्डल के नाम से एक संस्था बना ली। इस संस्था में उन्हें महन्त गोविन्द प्रकाश के नाम से लोग जानते थे। क्रान्तिकारियों के सम्पर्क में आकर उन्होंने स्वेच्छा से हिन्दुस्तान रिपब्लिकन ऐसोसिएशन के संगठन का दायित्व स्वीकार किया। मराठी की अच्छी जानकारी होने के कारण राम प्रसाद शबिस्मिलश ने उन्हें उत्तर प्रदेश से मध्य प्रदेश भेज दिया। व्यवस्था के अनुसार उन्हें संघ का विस्तारक बनाया गया था। काकोरी क्रांतिकारी घटना उपरांत जब पूरे देश से गिरफ्तारियाँ हुई तो रामकृष्ण खत्री जी को पूना में पुलिस ने धर दबोचा और लखनऊ जेल में लाकर अन्य क्रान्तिकारियों के साथ उन पर भी मुकदमा चला। तमाम साक्ष्यों के आधार पर उन पर मध्य भारत और महाराष्ट्र में हिन्दुस्तान प्रजातन्त्र संघ के विस्तार का आरोप सिद्ध हुआ और उन्हें 10 वर्ष की सजा हुई। सजा काटकर जेल से छूटे तो क्रांतिकारी योगेश चन्द्र चटर्जी की रिहाई के लिए प्रयास करने लग गए। उसके बाद सभी राजनीतिक कैदियों को जेल से छुड़ाने के लिए आन्दोलन किया। काकोरी स्थित काकोरी शहीद स्मारक रामकृष्ण खत्री और प्रेमकृष्ण खन्ना के संयुक्त प्रयासों से ही बन सका। 17, 18, 19 दिसम्बर 1977 को लखनऊ में काकोरी शहीद अर्द्धशताब्दी समारोह, 27, 28 फरवरी 1981 को इलाहाबाद में शहीद चन्द्रशेखर आजाद बलिदान अर्द्धशताब्दी समारोह तथा 22, 23 मार्च 1981 को नई दिल्ली में शहीद भगतसिंह सुखदेव राजगुरु के बलिदान के अर्द्धशताब्दी समारोह में रामकृष्ण खत्री की उल्लेखनीय भूमिका रही। उनके 5 पुत्र हुए प्रताप, अरुण, उदय, स्वप्न और आलोक। लखनऊ में कैसरबाग की मशहूर मेंहदी बिल्डिंग के 02 नम्बर मकान में अपने तीसरे पुत्र उदय खत्री के साथ उन्होंने अपने जीवन की अन्तिम बेला तक निवास किया। लखनऊ में ही 18.10.1996 को 94 वर्ष की आयु में उनका निधन हुआ। रामकृष्ण खत्री जी ने एक पुस्तक स्वयं लिखी और एक ग्रन्थ का प्रकाशन किया। शहीदों की छाया में : लेखक - रामकृष्ण खत्री, विश्वभारती प्रकाशन नागपुर से 1983 में प्रकाशित हुई। इसका विमोचन 18.09.1984 को इन्दिरा गांधी ने किया। काकोरी शहीद स्मृति : सम्पादक - डॉङ्क भगवान दास माहौर। रामकृष्ण खत्री जी द्वारा प्रकाशित इस ग्रन्थ का विमोचन सन् 1978 में देश के राष्ट्रपति नीलम संजीव रेड्डी जी ने नई दिल्ली में किया। **'मातृभूमि सेवा संस्था'** तथा हिन्दी दैनिक समाचार पत्र **'आज'** देश की स्वाधीनता हेतु अविस्मरणीय देने वाले **स्वतंत्रता सेनानी 'रामकृष्ण खत्री जी'** को कोटिशः नमन करती है। **-राकेश कुमार'**

मातृभूमि सेवा संस्था
www.mss-ind.org
9891960477-क्रांतिकारियों के जीवन पर निर्मित कैलेंडर प्राप्त करने हेतु संपर्क सूत्र।

मध्य प्रदेश समाचार

मध्यप्रदेश में निवेश हर दृष्टि से आपको लाभ देगा-मुख्यमंत्री

भोपाल (आससे)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आंध्र प्रदेश में निवेशकों से मध्यप्रदेश में उद्योग स्थापना का आग्रह किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा मध्यप्रदेश सरकार की औद्योगिक विकास की प्रोत्साहनकारी नीतियों के कारण निवेशकों द्वारा किए गए निवेश पर उन्हें हर स्थिति में लाभ होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को आंध्र प्रदेश में निवेशकों से चर्चा कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निवेश के नए अवसरों और औद्योगिक साझेदारियों को प्रोत्साहित करने की दिशा में हो रहे कार्यों की जानकारी निवेशकों को दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उद्योगपतियों से वन-टू-वन चर्चा में बताया कि मध्यप्रदेश में उपलब्ध निवेश की व्यापक संभावनाओं और अनुकूल औद्योगिक वातावरण का लाभ सभी को मिल रहा है। राज्य सरकार की निवेश प्रोत्साहन की 25 सरलीकृत नीतियां विभिन्न क्षेत्रों में निवेश आने में सहायक बन रही हैं। मध्यप्रदेश में धार जिले में पीएम मित्र पार्क और ग्वालियर में टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग इकाई में महत्वपूर्ण निवेश अब क्रियान्वयन की ओर है। हाल ही में जबलपुर-इंदौर औद्योगिक कॉरिडोर की योजना तैयार की गई है। यह कॉरिडोर प्रदेश के बड़े व्यापक भू-भाग की अर्थव्यवस्था में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य करेग

बोले सितारे

साप्ताहिक राशिफल- १८ से २५ अक्तूबर , २०२६

मेष -

मेष राशि के लिए यह सप्ताह मध्यम फलदायी है, लेकिन आप चाहें तो अपने आचरण एवं व्यवहार की मधुरता और सामंजस्य से भाग्योन्नति कर सकते हैं। सप्ताह के मध्य में किसी महिला मित्र की मदद से पिछले रुके हुए कार्य पूर्ण होने की संभावना है। इस दौरान परिजनों एवं भाई-बहनों से सहयोग न मिल पाने के कारण मन थोड़ा उदास रहेगा। व्यापारी वर्ग के लिए आय-व्यय समान रहने की संभावना है। इस दौरान कठिन परिश्रम, संयम एवं प्रयास से ही कोई बड़ा कार्य संपन्न हो पाएगा। संतान पक्ष को लेकर मन चिंतित रहेगा। मित्रों के साथ भी कोई गलतफहमी आपकी चिंता का बढ़ा सकती है। सप्ताह के अंत में छोटी यात्रा का भी योग बनेगा। प्रेम संबंधों को बेहतर बनाए रखने के लिए एक-दूसरे की कमी निकालने की बजाय गलतफहमियों को संवाद के जरिए दूर करें। वाहन सावधानीपूर्वक चलाएं। मौसमी बीमारी के प्रति सचेत रहें।

उपाय- घर में बन पहली रोटी गाय को खिलाएं। विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ करें।

वृष -

वृष राशि के जातकों को इस सप्ताह व्यर्थ के वाद-विवाद से स्वयं को दूर रखने की जरूरत है, अन्यथा कोर्ट-कचहरी तक के चक्कर लगाने पड़ सकते हैं। परिजनों एवं करीबी रिश्तेदारों का सुख-सहयोग मध्यम रहेगा। आलस्य से बचें और अपने प्लान के अनुसार ही कार्य करें। अपनी दिनचर्या सही रखें अन्यथा सेहत संबंधी समस्याएं आपकी बड़ी परेशानी का कारण बन सकती हैं। खान-पान का विशेष ख्याल रखें। इस सप्ताह कॅरिअर कारोबार में बहुत ध्यान देने की जरूरत है, अन्यथा बनती बात बिगड़ सकती है। लापरवाही के कारण व्यर्थ की उलझनें पैदा हो सकती हैं। व्यापार में थोड़ा बहुत उतार चढ़ाव बना रहेगा। प्रेम संबंधों में लव पार्टनर के साथ बेहतर समय बिताने के मौके मिलेंगे। भावनात्मक लगाव में वृद्धि होगी। दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी।

उपाय- प्रतिदिन हनुमान चालीसा का पाठ करें और मंगलवार के दिन हनुमान जी को प्रसाद में गुड़-चना चढ़ाएं और से लोगों में बांटें।

मिथुन -

मिथुन राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह उत्तम फल देने वाला साबित होगा। पूरे सप्ताह सौभाग्य और परिजनों का पूरा साथ मिलेगा। जिससे आत्मबल व इच्छाशक्ति में वृद्धि होगी। व्यापारी वर्ग के लिए भी यह सप्ताह सामान्य से अधिक फलदायी रहेगा। नौकरीपेशा लोगों को बहुप्रतीखित प्रमोशन मिल सकता है। कार्यक्षेत्र में सीनियर्स का भी सहयोग मिलेगा। किसी प्रभावी व्यक्ति की मदद से जमीन-जायदाद संबंधी कार्य पूर्ण होंगे व लाभ मिलेगा। छात्रों को सप्ताह के अंत तक कोई बड़ी खुशखबरी मिल सकती है। महिलाओं का सामाजिक व धार्मिक कार्यों में मन लगेगा। लव पार्टनर के साथ बेहतर समय व्यतीत करेंगे। लव पार्टनर से कोई सरप्राइज गिफ्ट भी मिल सकता है। प्रेम संबंध विवाह में तब्दील हो सकते हैं। जीवनसाथी का पूरा सहयोग मिलेगा।

उपाय- शनिवार के दिन पक्षियों को विशेष रूप से दाना डालें। हनुमत उपासना करें।

कर्क-

कर्क राशि वालों के लिए भी यह सप्ताह पिछले सप्ताह के मुकाबले और बेहतर होता नजर आएगा। कार्यक्षेत्र में सीनियर्स के साथ मेल-जोल बढ़ेगा, अधिकारियों से घनिष्ठता बढ़ेगी साथ ही जनसंपर्क में वृद्धि होगी। नौकरीपेशा लोगों को नया और बड़ा पद मिल सकता है। कारोबार में अप्रत्याशित लाभ या फिर बाजार में अटका हुआ धन मिल सकता है। छात्रों को उनके श्रम के अनुसार सफलता मिलने के पूरे योग हैं। कामकाजी महिलाओं के लिए भी यह सपताह उत्तम फल देने वाला होगा। मित्रों और परिजनों को उन्हें खूब सहयोग मिलेगा। प्रेम संबंधों में भावनाओं में बहने से बचें, अन्यथा आप मुश्किल में पड़ सकते हैं। जीवनसाथी की भावनाओं की अनदेखी करने से बचें और उसके लिए कुछ समय जरूर निकालें। नशे से दूर रहें और वाहन सावधानीपूर्वक चलाएं।

उपाय- गुरुवार के दिन बेसन के लड्डू किसी ब्राह्मण को दान करें। विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ करें।

सिंह -

सिंह राशि के लिए यह सप्ताह अत्यंत ही उत्तम और फलदायक सिद्ध होने के संकेत दे रहा है। वैचारिक प्रखरता के साथ ही आपका आत्मबल बढ़ेगा। कोर्ट-कचहरी से जुड़े मामलों में विजय मिलेगी। शत्रु पक्ष स्वयं आपसे समझौता करने को राजी होगा। परिजनों का पूरा सुख व सहयोग मिलेगा। दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। आय के नये स्रोत बनेंगे। नौकरीपेशा लोगों को कार्यक्षेत्र में बेहतर काम के लिए सम्मानित किया जा सकता है। बेरोजगारों को नये रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। सप्ताह के मध्य में अपनी सेहत का विशेष ख्याल रखें। खान-पान पर विशेष ध्यान देना होगा, अन्यथा अस्पताल के चक्कर भी लगाने पड़ सकते हैं। लव पार्टनर के साथ चली आ रही तकरार खत्म होगी और सामंजस्य बढ़ेगा। माता की सेहत को लेकर मन कुछ चिंतित रहेगा।

उपाय- प्रतिदिन सूर्यदेवता को अर्घ्य दें और लक्ष्मी नारायण की पूजा करें।

कन्या -

कन्या राशि के जातक यदि चाहें तो थोड़े से धैर्य, मेहनत और गंभीरता के साथ इस सप्ताह मिलने वाले सभी शुभ फल प्राप्त कर सकते हैं। इस सप्ताह आपको आलस्य का त्याग करना होगा, तभी आपके लिए यह सप्ताह उत्तम फल प्रदान करने वाला बनेगा, अन्यथा बनते कार्य बिगड़ने की भी आशंका है। व्यापार में पास के फायदे में दूर का नुकसान करने से बचें।नौकरीपेशा लोगों पर कामकाज का अतिरिक्त बोझ बना रहेगा। खुद को गलत कार्यों से दूर रखने का प्रयास करें तो अच्छा फल मिल सकता है। परिजनों व मित्रों से वाद-विवाद से बचें। महिलाओं को हड्डी से जुड़े रोग सता सकते हैं। प्रेम संबंधों में आ रही मुश्किले कम होंगी। हालांकि प्रेम की डगर पर संभलकर कदम आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। पति-पत्नी के बीच सौहार्द बना रहेगा।

उपाय - गणपति की उपासना करें। गाय का हरा चारा डालें अथवा इसके निमित्त धन दान करें।

तुला -

तुला राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह शुभ साबित होगा। सामाजिक मान-प्रतिष्ठा व सम्मान में वृद्धि होगी। व्यापारी वर्ग को व्यवसाय में प्रगति के नये अवसर प्राप्त होंगे। शिक्षा के क्षेत्र में काम कर रहे लोगों को विशेष सफलता एवं लाभ मिलेगा। जमीन-जायदाद से जुड़ी समस्याओं का समाधान निकलेगा। लंबे समय से कहीं पर फंसा धन निकल सकता है। हालांकि आपको अभी धन का प्रबंधन करके आगे बढ़ने की जरूरत है। मानसिक एकाग्रता बनाए रखेंगे तो यह सप्ताह अत्यंत शुभ फलदायी सिद्ध हो सकता है। प्रेम संबंधों से जुड़ी सारी गलतफहमियां दूर होंगी और भावनात्मक लगाव बढ़ेगा। प्रत्येक कार्य में जीवनसाथी और पिता की तरफ से आपको पूरा सहयोग मिलेगा।

उपाय- सूर्योदय से पहले उठें और स्नान के बाद पीपलमें जल डालें। विष्णु सहस्त्रनामका पाठ करें।

वृश्चिक -

वृश्चिक राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह मिला-जुला साबित होने जा रहा है। सप्ताह की शुरुआत में जहां एक ओर शुभ फलों के संकेत हैं वहीं सप्ताह के मध्य में कार्यों में मिलने वाली कुछ कठिनाईयों के चलते मन थोड़ा खिन्न रहेगा। कठिन परिश्रम और विवेक का इस्तेमाल करके ही आप अपने टारगेट्स को प्राप्त कर सकते हैं। साहस व आत्मबल से इच्छित सफलता अवश्य मिल सकती है। कानूनी मामलों में सफलता के संकेत हैं, परिणाम अनुकूल रहेंगे। शत्रु पक्ष कमजोर होगा। सुख एवं सुविधाओं पर जेब से ज्यादा धन खर्च संभव है। महिलाओं व विद्यार्थियों के लिए यह सप्ताह थोड़ा मध्यम साबित होगा। इस सप्ताह यदि संभव व हो तो यात्रा करने से बचें। यदि निकलें तो सेहत और सामान दोनों का विशेष ख्याल रखें। कठिन समय में लव पार्टनर का पूरा साथ बना रहेगा। दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी।

उपाय- प्रतिदिन हनुमान चालीसा का पाठ करें। मंगलवार के दिन मसूर की दाल का दान करें।

धनु -

धनु राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह मध्यम से कम फलदायी है। ऐसे में आप अपनी सेहत, कामकाज आदि पर विशेष ध्यान दें। मनमानी प्रवृत्तियों का त्याग करें तथा अनियमित दिनचर्या को व्यवस्थित करें अन्यथा किसी नये रोग के शिकार हो सकते हैं। मानसिक स्थिरता बनाए रखने के लिए विवादों से दूर रहें और किसी के बहकावे में आने से बचें। धन का विशेष रुप से प्रबंधन करें, अन्यथा उधार मांगने की नौबत आ सकती है। कारोबार में सोच-समझ कर ही बड़ी राशि का निवेश करें। महिलाओं को पेट से संबंधित समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। खान-पान का विशेष ख्याल रखें। परिजनों एवं पड़ोसियों से मधुर व्यवहार बनाए रखें। प्रेम संबंधों में मधुरता बनी रहेगी। कठिन समय में जीवनसाथी का पूरा साथ मिलेगा।

उपाय - शनि से संबंधित चीजों का शनिवार के दिन दान करें। सुंदरकांड का पाठ करें।

मकर -

मकर राशि के जातकों को इस सप्ताह बहुत ज्यादा संभल कर कोई कदम आगे बढ़ाने की जरूरत है। कार्यक्षेत्र में किसी तरह की लापरवाही से बचें और गुप्त शत्रुओं से सावधान रहें। कोर्ट-कचहरी से जुड़े मामलों को यदि बाहर निबटा लें तो बेहतर रहेगा। सप्ताह के मध्य में किसी विशेष कार्य में रुकावट आने से मन खिन्न रहेगा। इस दौरान सेहत को लेकर किसी प्रकार की लापरवाही करने से बचें। आर्थिक मामलों मे सोच-समझकर निर्णय लें, अन्यथा नुकसान हो सकता है। अपनी कमियों को दूसरों के सामने उजागर करने से बचें। प्रेम संबंधों में इस बात का पूरा ख्याल रखें कि सकारात्मक सोच से ही मधुरता बढ़ेगी, अन्यथा बनी बात बिगड़ सकती है। जीवनसाथी की भावनाओं की अनदेखी न करें।

उपाय- शनिवार के दिन अपना पहना हुआ जूता किसी गरीब व्यक्ति को दान कर दें। हनुमान चालीसा का प्रतिदिन पाठ करें।

कुंभ -

कुंभ राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह बीते सप्ताह के मुकाबले काफी बेहतर साबित होने जा रहा है। भाग्य और कर्म का सहयोग मिलने से आपका मनोवांछित सफलता मिलेगी। मान-सम्मान व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। जमीन-जायदाद संबंधी कार्य पूर्ण होंगे। विदेश से जुड़े काम करने वालों को अप्रत्याशित लाभ होगा। व्यापारियों के लिए भी व्यवसाय में प्रगति होगी व लाभ प्राप्त होगा। शत्रुओं पर विजय प्राप्त होगी। पराक्रम में वृद्धि होगी व मित्रों से कार्यों मे पूरा सहयोग मिलेगा। प्रेम संबंधों में चली आ रही परेशानियों में कमी आएगी। किसी महिला मित्र की मदद से उलझनों को सुलझाने में मदद मिलेगी। जीवनसाथी के सकारात्मक सहयोग मिलेगा। सप्ताह के उत्तरार्द्ध में बंधु-बांधवों से विवाद करने से बचें। यथासंभव यात्राओं को टालने का प्रयास करें और वाहन को सावधानीपूर्वक चलाएं।

उपाय- सुंदरकांड का पाठ करें और शनिवार के दिन किसी दिव्यांग को काला कंबल, काला कपड़ा आदि का दान करें।

मीन -

इस सप्ताह मीन राशि को सौभाग्य का पूरा साथ मिलने जा रहा है। नौकरीपेशा लोगों को बड़े पद की प्राप्ति और बेरोजगार लोगों को रोजगार मिलेगा। कॅरिअर कारोबार में मनचाही प्रगति मिलने के संकेत हैं व लाभ भी प्राप्त होगा। भौतिक सुख साधनों में वृद्धि होगी व शत्रुओं पर विजय प्राप्त होगी, जिससे सामाजिक मान-सम्मान व प्रतिष्ठा बढ़ेगी। हालांकि इस सप्ताह आपको अपने सेहत को लेकर विशेष रूप से सावधान रहना होगा। विशेष रूप से अपना खान-पान ठीक रखें, अन्यथा अस्पताल के चक्कर लगाने पड़ सकते हैं। किसी भी प्रकार के वाद-विवाद से खुद को दूर रखें। महिलाओं कर धार्मिक कार्यो में रुचि बढ़ेगी। प्रेम संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। लव पार्टनर के साथ बेहतर समय व्यतीत करेंगे। जीवनसाथी की तरफ से कोई अच्छी खबर सुनने को मिल सकती है।

उपाय - भगवान विष्णु की प्रतिदिन पीले पुष्प से पूजा करें एवं प्रसाद में पीले रंग की मिठाई चढ़ाएं। विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ भी करें।

महाअष्टमी

शारदीय नवरात्र में महाअष्टमी का विशेष महत्व है। इस दिन मां दुर्गा के आठवें स्वरूप मां महागौरी की पूजा की जाती है। भक्त माता रानी के चरणों में फूल और बेलपत्र अर्पित करके सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की प्रार्थना करते हैं। महाअष्टमी पर पुष्पांजलि अर्पित करना पूजा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा माना जाता है। अष्टमी-नवमी तिथि पर विधि-विधान से पूजा करने, दुर्गा सप्तशती का पाठ और कन्या पूजन करने से मां दुर्गा की विशेष कृपा प्राप्ति होती है। इस तिथि पर छोटी कन्याओं को देवी स्वरूप मानकर उनकी पूजा होती है। हिंदू पंचांग के अनुसार, आश्विन माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि 18 अक्टूबर को सुबह 8 बजकर 27 मिनट से आरंभ हो रही है और इसका समापन 19 अक्तूबर को सुबह 10 बजकर 51 मिनट पर होगा। ऐसे में उदयातिथि के आधार पर अष्टमी तिथि 19 अक्टूबर को मनाई जा रही है। अष्टमी तिथि पर कन्या पूजन का समय 19 अक्तूबर को सुबह 08 बजकर 29 मिनट से लेकर 10 बजकर 16 मिनट तक कर सकते हैं। शारदीय नवरात्रि की अष्टमी और नवमी तिथि का विशेष धार्मिक महत्व होता है। अष्टमी-नवमी तिथि पर कन्या पूजन और हवन करने का विशेष महत्व होता है। अष्टमी तिथि पर मां दुर्गा के आठवें स्वरूप मां महागौरी की पूजा-आराधना होती है, अष्टमी तिथि पर भक्त मां महागौरी की पूजा करते हैं। देवी महागौरी को सौम्यता और करुणा की प्रतीक माना जाता है। मान्यता है कि अष्टमी के दिन विधिपूर्वक उनकी पूजा और उनकी कथा का पाठ करने से जीवन में आ रही कठिनाइयां दूर होती हैं। साथ ही मानसिक शांति और आर्थिक उन्नति प्राप्त होती है। माता महागौरी का वाहन वृषभ है और वे श्वेत वस्त्र धारण करती हैं। उनका यह स्वरूप भक्तों को सकारात्मक ऊर्जा और सुख-समृद्धि देता है। मां महागौरी का रंग अत्यंत उज्ज्वल और गोरा है। यही कारण है कि उन्हें महागौरी कहा जाता है। उनका स्वभाव कोमल और दयालु है। माता के चार भुजाओं में से दो में त्रिशूल और डमरू हैं, जबकि अन्य दो हाथ अभय और वर मुद्रा में रहते हैं। उनके श्वेत वस्त्र और दिव्य आभा को देखकर भक्त उनकी ओर आकर्षित हो जाते हैं। शास्त्रों में उन्हें श्वेतांबरधरा और अन्नपूर्णा का स्वरूप भी कहा गया है। मान्यता के अनुसार देवी पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए वर्षों तक कठोर तप किया।

इच्छा, दुःख और लाभ से मुक्ति

गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर

सुख, दुःख, इच्छा और लाभ -ये केवल बाह्य परिस्थितियाँ नहीं, वरन मानवीय मन के आंतरिक रुझान और वृत्तियाँ हैं। जीवन की वास्तविक साधना इन चारों वृत्तियों के प्रति आसक्ति के परित्याग में निहित है। जब मनुष्य सुख को बलपूर्वक पकड़ने की चेष्टा करता है, तब वही सुख दुःख में परिणत हो जाता है। अतः सुख की चाह का त्याग ही श्रेयस्कर है, जिससे दुःख स्वतः लुप्त हो जाता है। दुःख के आगमन पर विचलित हुए बिना, त्याग और समर्पण के माध्यम से उससे दूरी बनाना ही स्वाभाविक मार्ग है। मानव मन की एक विकृति यह भी है कि वह दुःख में भी एक प्रकार के विकृत रस का अनुभव करने लगता है। लोग चिकित्सकों द्वारा किसी गंभीर व्याधि की घोषणा पर आंतरिक संतुष्टि का अनुभव करते हैं अथवा चलचित्रों में दुखांत दृश्यों को देखकर आनंद पाते हैं। अतः दुःख का भी समूल त्याग आवश्यक है। इच्छा का निरंतर चिंतन मन में एक ज्वर उत्पन्न करता है, जो वर्तमान के आनंद को नष्ट कर देता है। इच्छा भविष्य का छलावा है, जबकि आनंद वर्तमान की स्थिति है। सांसारिक गृहस्थों हेतु इच्छाओं का दमन करने के स्थान पर, उन्हें ईश्वर या गुरु के चरणों में समर्पित कर देना ही मन को शांत करने का उपाय है। समर्पण से ही इच्छाओं की तृप्ति और मन की स्थिरता संभव है। लाभ का निरंतर चिंतन मनुष्य को लोभी और जड़ बनाकर प्रसन्नता से वंचित कर देता है। लाभ के त्याग का अर्थ व्यापार में स्वेच्छा से हानि उठाना नहीं, अपितु लोभ के मानसिक ज्वर से मुक्त होकर धर्म और बुद्धिमानी से व्यवहार चलाना है, क्योंकि यह नश्वर शरीर अंततः मिट्टी में विलीन होने वाला है। आध्यात्मिक प्रगति में काले प्रतीक्षमाणे अर्थात् धैर्यपूर्वक काल की प्रतीक्षा का विशेष महत्त्व है। किसी शिक्षक या गुरु द्वारा निर्दिष्ट नियमों और विधियों का धैर्य पूर्वक अभ्यास किया जाना चाहिए। चेतना में निष्कपट विश्वास होना चाहिए। जीवंत प्रतीक्षा मन की जड़ता को नष्ट कर देती है। प्रतीक्षा के सिद्धांत का पालन करते हुए, हमें अपने जीवन को व्यर्थ के कार्यों में नहीं गंवाना चाहिए। एक सच्चा प्रेमी और साधक सदैव उपयोगी कर्मों में लीन रहकर संपूर्ण वातावरण को शांति, सामरस्य और प्रेम के परमाणुओं से शुद्ध करता है, जिससे समाज में व्याप्त क्रोध और दुःख की ऊर्जा स्वतः विलीन होने लगती है।

आध्यात्मिक प्रगति में काले प्रतीक्षमाणे अर्थात् धैर्यपूर्वक काल की प्रतीक्षा का विशेष महत्त्व है। किसी शिक्षक या गुरु द्वारा निर्दिष्ट नियमों और विधियों का धैर्य पूर्वक अभ्यास किया जाना चाहिए। चेतना में निष्कपट विश्वास होना चाहिए। जीवंत प्रतीक्षा मन की जड़ता को नष्ट कर देती है।